

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोप रहा केंद्र - 12



जीएसटी-2.0 वस्तुएं होंगी आज से सस्ती कंपनियों को होगा लाभ - 12



ब्रिटेन ने दी फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता अमेरिका इजराइल का विरोध नजरंदाज - 13



मिथुन मन्हास ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया- 14

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.05


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:56 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

सोमवार, 22 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 33, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### उर्दू इस्तेमाल पर हिंदी चैनलों को नोटिस नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को मीडिया के एक वर्ग में आई उन खबरों को भ्रामक करार दिया जिनमें कहा गया है कि हिंदी समाचार चैनलों को उनके प्रसारण में उर्दू शब्दों के अत्यधिक प्रयोग के लिए नोटिस भेजे गए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक इकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क विनियमन अधिनियम के तहत एक दर्शक की शिकायत को संबंधित चैनलों को भेज दिया है।

### दस किलो हेरोइन बरामद, 4 गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने रविवार को गुरदासपुर सीमा पर सीमा पार से तस्करी के मामले में भारी मात्रा में हेरोइन बरामद कर चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। बीएसएफ ने बताया कि आज सुबह बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर के थेथरके गांव के इलाके में एक संयुक्त अभियान में चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दस किलो हेरोइन के पांच पैकेट के साथ तीन मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

### स्टेशन पर खड़ी सेना की विशेष ट्रेन में आग

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन रेलवे स्टेशन पर ट्रकों से लदी सेना की एक विशेष ट्रेन में रविवार सुबह आग लग गई हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो के बीच से गुजरने वाली रेल लाइन पर उस समय हुई, जब एक बोगी में लदे ट्रकों को ढकने वाले तिरपाल में आग लग गई। स्टेशन के बचाव दल, दमकल की गाड़ियों और अन्य उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### महिलाओं की तस्करी में दो संदिग्ध गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया, इन दोनों पर बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा से महिलाओं की तस्करी का आरोप है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ओडिशा से आए एनआईए अधिकारियों के दल और विशेष कार्य बल ने संयुक्त रूप से उत्तरी 24 परगना के पेट्रापोल और गायघाट के डिंगा मलिक क्षेत्र में मानव तस्करी के मामले में कई स्थानों पर छापेमारी की।

### नशेड़ी शिक्षिका को किया निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के बलौदा विकासखण्ड अंतर्गत लेवई स्थित प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक हीरा पोर्ते को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। शिक्षिका हीरा नशे की हालत में स्कूल आती थीं। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर अभिभावकों ने शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम गठित की गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर हीरा पोर्ते को निलंबित कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी नवरात्र की बधाई, जीएसटी बचत उत्सव आज से

# जीएसटी सुधार हर परिवार में लाएगा खुशहाली : मोदी

- राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री बोले हर घर को बनाना होगा स्वदेशी का प्रतीक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा और आयकर छूट के साथ यह ज्यादातर लोगों के लिए दोहरा लाभ होगा। संशोधित जीएसटी दरों के लागू होने की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी देश की समृद्धि को उसी तरह मजबूती देगा, जिस तरह इसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को शक्ति दी थी। उन्होंने कहा कि हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना होगा। हमें हर दुकान को स्वदेशी (सामान) से सजाना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की दौड़ में सभी राज्य समान हितधारक होंगे। उन्होंने राज्यों से आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियानों को ध्यान में रखते हुए विनिर्माण को गति देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन, देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। कल सूर्योदय के साथ, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। कल से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा।

उन्होंने आगे कहा कि आप अपनी पसंद की वस्तुएं ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। इससे गरीब, मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, युवा, किसान, महिलाएं, व्यापारी और दुकानदार लाभान्वित होंगे। मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में सभी की खुशियां बढ़ेंगी। उन्होंने अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लिए सभी को बधाई दी। मोदी ने कहा कि ये सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे।



### सुधार में नागरिक देवो भव: मंत्र के दर्शन

मोदी ने अपने 19 मिनट से ज्यादा के संबोधन में कहा कि संशोधित जीएसटी दरें उनकी सरकार के नागरिक देवो भव : के मंत्र को दर्शाती हैं, क्योंकि इससे रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम कम होंगे और निर्माण एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में खर्च में कटौती होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारत के सूक्ष्म, लघु और कुटीर उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और उन्होंने देश में ही यथासंभव विनिर्माण का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेशी वस्तुएं अनजाने में लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई हैं, उन्होंने लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आह्वान किया।

### एक राष्ट्र-एक कर का सपना हुआ साकार

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत ने 2017 में जीएसटी सुधारों की ओर कदम बढ़ाया, तो इतिहास रचने की एक नई शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने ''एक राष्ट्र-एक कर'' के सपने को साकार किया। मोदी ने इस बात का उल्लेख भी किया कि कैसे करों और टोल के जाल ने व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर छूट और जीएसटी सुधारों का हवाला देते हुए कहा कि यह गरीबों, नव-मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए दोहरा लाभ है। उन्होंने कहा कि इन दोनों फैसलों से नागरिकों को 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। कहा कि जीएसटी सुधारों से छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बड़ा लाभ होगा।

# रसोई के सामान से लेकर दवा, वाहन तक होंगे सस्ते

- आज से लागू होंगी जीएसटी कटौती 375 वस्तुओं की घट जाएंगी कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रसोई में इस्तेमाल के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और उपकरणों से लेकर वाहन तक लगभग 375 वस्तुएं सोमवार 22 सितंबर से सस्ती हो जाएंगी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती सोमवार से ही लागू होने जा रही हैं। जीएसटी परिषद ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से जीएसटी दरें कम करने का फैसला किया है। घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, केचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम इस्तेमाल की चीजें और टीवी, एयर कंडीशनर (एसी), वॉशिंग मशीन जैसे महंगे उत्पाद भी सस्ते हो जाएंगे। जीएसटी में बदलाव को देखते हुए रोजरमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कई कंपनियों ने पहले ही कीमतों में कटौती की घोषणा कर दी है।

**केवल 5 और 18 प्रतिशत के टैक्स स्लैब:** 22 सितंबर से जीएसटी में दो स्लैब होंगे। अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत का कर लगेगा। विलासिता की वस्तुओं के लिए कर की दर 40 प्रतिशत होगी। वहीं तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर के साथ उपकर लगेगा। पिछले सप्ताह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आएंगे, जिससे लोगों के पास कर के रूप में जाने वाला पैसा बचेगा। अभी 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में आने वाले लगभग 99 प्रतिशत सामान पर अब पांच प्रतिशत का कर लगेगा। इस बदलाव से 28 प्रतिशत कर स्लैब में आने वाले 90 प्रतिशत उत्पाद 18 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगे।

### मेडिकल उपकरण और सीमेंट की कीमतें भी घटेंगी



अधिकांश दवाओं और फॉर्मूलेशन और ग्लूकोमीटर और डायग्नॉस्टिक किट जैसे मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी दर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आम आदमी को दवाएं सस्ती मिलेंगी। सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे घर बनाने वालों को भी फायदा होगा। सरकार ने पहले ही दवा दुकानों को जीएसटी में कटौती के लाभ को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में बदलाव करने या कम कीमत पर दवाएं बेचने का निर्देश दिया है।

### वाहन खरीदने वालों को होगा सबसे ज्यादा फायदा



जीएसटी दर में कटौती से सबसे बड़ा फायदा वाहन खरीदारों को होगा, क्योंकि छोटी और बड़ी कारों पर कर दरें क्रमश: 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत कर दी गई हैं। कई कार कंपनियों ने पहले ही कीमतों में कटौती की घोषणा कर दी है। सेवाओं की बात करें तो, स्वास्थ्य क्लब, सैलून, नाई की दुकान, फिटनेस सेंटर, योग आदि सौंदर्य और फिटनेस सेवाओं पर जीएसटी को इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत से घटाकर, बिना कर क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

### रोजमर्रा उपयोग में आने वाले सामान भी होंगे सस्ते



बालों में लगाने वाले तेल, साबुन, शैम्पू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे रोजमर्रा के सामान भी सस्ते हो सकते हैं, क्योंकि इन पर टैक्स कर दर 12/18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दी गई हैं। टेलकम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, ऑफ्टरशैव लोशन जैसी अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें भी कम हो सकती हैं, क्योंकि इन पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।

# 30 सितंबर तक एसआईआर लागू करने के लिए रहें तैयार

- निर्वाचन आयोग ने दिए राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश
- अक्टूबर-नवंबर में वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण शुरू होने के संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तैयार रहने को कहा है। आयोग का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि अक्टूबर-नवंबर की शुरुआत में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अधिक स्पष्टता के लिए 30 सितंबर की समय सीमा तय की गई थी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें। कई राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां पहले ही अपनी वेबसाइटों पर डाल दी हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में अंतिम एसआईआर ही कट-ऑफ तिथि होगी, जैसे बिहार की 2003 की मतदाता सूची का उपयोग आयोग गहन पुनरीक्षण के लिए कर रहा है।




## बीएसएफ जवानों को दिया जाएगा ड्रोन युद्ध का प्रशिक्षण

- बल ने किया अपने ट्रेनिंग पाठ्यक्रम में बदलाव

**टेकनपुर (मप्र)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को अद्यतन किया है और बीएसएफ जवानों एवं अधिकारियों के लिए ड्रोन युद्ध को एक अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके अलावा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद नए युग के युद्ध के लिए स्वदेशी उपकरण विकसित करने के उद्देश्य से एक नवाचार केंद्र भी स्थापित किया है। राज्य में, ग्वालियर के निकट टेकनपुर स्थित लगभग 2.70 लाख कर्मियों वाले बीएसएफ के शीर्ष अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी ने रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरजेआईटी) के छात्रों के लिए एक ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी बनाई है। यह संस्थान केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत अर्द्धसैनिक बल द्वारा संचालित एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान है।

# वेतन, पेंशन पर ढाई गुना बढ़ा राज्यों का खर्च

- राज्यों के वित्त पर नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान पर सभी राज्यों का खर्च वित्त वर्ष 2013-14 के 6,26,849 करोड़ रुपये से 2.49 गुना बढ़कर 2022-23 में 15,63,649 करोड़ रुपये हो गया।

राज्यों के वित्त पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, राज्यों के राजस्व व्यय का एक बड़ा हिस्सा या तो प्रतिबद्ध व्यय है या पहले से तय है। वेतन, पेंशन और सार्वजनिक ऋण तथा देनदारियों पर ब्याज भुगतान को 'प्रतिबद्ध व्यय' माना जाता है। वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 तक 10 साल के दौरान राज्यों का राजस्व व्यय, उनके कुल व्यय का 80-87 प्रतिशत था। संयुक्त जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में यह लगभग 13-15 % था। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने राज्य वित्त 2022-23 पर अपनी तरह के पहले प्रकाशन में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व व्यय, कुल व्यय का 84.73 % और संयुक्त जीएसडीपी का 13.85 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23 में, 35,95,736 करोड़ के राजस्व व्यय में प्रतिबद्ध व्यय 15,63,649 करोड़ रुपये था।

## ट्रंप ने खुद के लिए मांगा नोबेल पुरस्कार

- भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने की बात फिर दोहराई



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया और कहा कि उन्हें सात युद्धों को समाप्त कराने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हो गए। तब से विभिन्न अवसरों पर ट्रंप इस दावे को 40 से अधिक बार दोहरा चुके हैं। ट्रंप ने शनिवार को अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टिट्यूट फाउंडर्स डिनर के कार्यक्रम में कहा कि हम शांति समझौते करा रहे हैं।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे का एक्स खाता हैक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के 'एक्स' खाते को रविवार को हैक कर लिया गया और उसपर पाकिस्तान तथा तुर्किये के झंडे वाली तस्वीरें पोस्ट की गईं। एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि 45 मिनट के बाद खाते पर नियंत्रण हासिल कर लिया गया। महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नाना पटोले ने साइबर सुरक्षा पर सवाल उठाए और मांग की कि राज्य का गृह विभाग लोगों को ऐसे खतरों से बचाने के लिए स्पष्ट जवाब उपलब्ध कराए।

# प्रदेश में मौसम का अब बदलता रहेगा मिजाज

- पश्चिम में मौसम साफ तो पूर्वी जिलों में होगी बारिश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज अब बदलता रहेगा। फिलहाल कहीं चिलचिलाती धूप तो कहीं बारिश का सिलसिला है। पश्चिमी क्षेत्र में मौसम साफ है तो पूर्वी उप्र. के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्य बारिश हो रही है। मौसम का यह मिजाज इस सप्ताह तक बना रहेगा।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि संभव है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने वाला है। जिसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं। हालांकि राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ बना हुआ है। 26 सितंबर तक पश्चिमी उप्र. में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं, पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं। बारिश से लखीमपुर खीरी, बलिया, गोंडा समेत आठ जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। इस बीच लखीमपुर खीरी में एक मकान भी ढह गया। 24 घंटे में यहां आठ मकान नदी में समा गए हैं।

**नमो युवा रन**

## योगी ने दिखाई हरी झंडी, नशामुक्त भारत बनाने का आह्वान, कहा- विजयादशमी पर हर जिले में भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाएं

# नौजवानों की ऊर्जा नशे में जाया हुई तो पतन होना तय : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह अपने आवास से 'नमो युवा रन' को हरी झंडी दिखाई। युवाओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि यदि ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिले तो राष्ट्र को नई ऊंचाई मिलती है, लेकिन यदि वही ऊर्जा नशे में जाया हुई तो पतन अवश्यंभावी है। नशामुक्त भारत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि विजयादशमी पर हर जिले में भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

नमो रन मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। दौड़ कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चल रहा 'सेवा पखवाड़ा' अब जनआंदोलन बन चुका है। रक्तदान शिविरों और स्वच्छता अभियानों में युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में जुड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कार्यक्रमों में 'स्मार्ट हेल्थ चेकअप कैंप' और 'डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड वितरण' भी शामिल किए गए हैं, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के पंच प्रण अब केवल नारों तक सीमित नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की नीतियों में उतारे जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मेयर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ला, डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### जीएसटी सुधार से राहत के साथ मिलेंगे नए अवसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में घोषित जीएसटी सुधार गरीब, मध्यम वर्ग और युवाओं के लिए दीपावली का सबसे बड़ा तोहफा है। इससे युवाओं को राहत के साथ नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह सुधार सिर्फ टैक्स व्यवस्था में बदलाव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और रोजगारपरक अर्थव्यवस्था की ओर बड़ा कदम है। योगी ने बताया कि नई व्यवस्था में स्टार्टअप्स और ई-ट्रेडिंग प्लेटफार्म को भी कर राहत का लाभ मिलेगा, जिससे प्रदेश के युवा उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जुड़ने का मौका मिलेगा। वहीं डिजिटल पेमेंट और विनिर्माण क्षेत्र (मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर) को बढ़ावा देने के लिए कई श्रेणियों में टैक्स ढांचा सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्प और एमएसएमई इकाइयों के लिए नई राह खोलेगा। इससे 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं को भी अप्रत्यक्ष तौर पर मजबूती मिलेगी।

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार,22 सितंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### योगी ने शारदीय नवरात्र की दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए अपनी मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारत की सनातन धर्म की परम्परा में मां दुर्गा की उपासना का प्राचीन काल से ही अत्यधिक महत्व रहा है। मां दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। यह चराचर जगत की आदि शक्ति हैं, इनके अनन्त रूप हैं, लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदि शक्ति चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। शारदीय नवरात्र का आयोजन सभी प्रदेशवासियों के लिए शुभ एवं मंगलमय हो, यह मेरी कामना है।

### छात्रावास के लिए 27 करोड़ रुपये जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अधिक से अधिक चिकित्सक बनाने के उद्देश्य से झांसी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ाई जानी है, इसके लिए 26 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से 272 बेडेड बालिका छात्रावास निर्माण कराया जाएगा। इस संबन्ध में चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को वित्तीय स्वीकृति देते हुए स्पष्ट किया है कि कॉलेज में छात्रावास निर्माण के लिए निर्माणकर्ता संस्था सी एंड डीएस, उप्र. को नामित किया गया है।

### आज पुन: कार्यभार संभाल सकते हैं मुख्य सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीते लगभग सवा माह से अवकाश चल रहे मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद नवरात्र के पहले दिन पुन: अपना कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। हार्ट सर्जरी के बाद एसपी गोयल स्वस्थ हैं और सोमवार को वापसी करेंगे। इससे पूर्व गोयल अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए दिल्ली चले गए थे। फिलहाल लखनऊ आ चुके हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। हालांकि इस बीच उनके सारे पद कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को सौंप दिए गए। मुख्य सचिव की कुर्सी संभालने के कुछ दिन बाद ही एसपी गोयल की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी।

### नौकरियों में आरक्षण की अनदेखी : संजय सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में भर्ती घोटाला हो रहा है। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की नौकरियां सवर्णों को दे रही है। बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, जिसमें 11 ठाकुर, दो सामान्य और दो दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली। इसी तरह, लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों में केवल आठ पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए। यह बात आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने गोमतीनगर स्थित कार्यालय में रविवार को कही। उन्होंने कहा कि खुद को पिछड़ों के नेता बताने वाले मोदी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं, जिससे इन वर्गों के आक्रोश बढ़ रहा है। हम इस भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने और आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की मांग करते हैं।

### ट्रेड शो में प्रतिभाग करेगा समाज कल्याण विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहली बार समाज कल्याण विभाग भी प्रतिभाग करेगा। ट्रेड शो में विभाग के स्टॉल पर समावेशी विकास की झलक देखने को मिलेगी। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के 20 बच्चों का चयन किया जा रहा है। इसमें 10 बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे उद्यमियों को ट्रेड शो में आमंत्रित किया जा रहा है, जिनको उद्यम स्थापित करने में समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायता प्रदान की गयी है।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने बताए मोबाइल के दुष्प्रभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025' के अंतर्गत रविवार को पांचवें दिन राजभवन में निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में डिजिटल भारत, प्लास्टिक प्रदूषण एवं उसके दुष्प्रभाव, मोबाइल का दुष्प्रभाव तथा जल ही जीवन है जैसे- विषयों पर आयोजित रहीं। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन एवं राजभवन में अध्यासित बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# बुद्ध के पिपरहवा अवशेषों की हुई घर वापसी

## 127 वर्ष बाद यूपी लाए गए पवित्र अवशेष, जल्द किया जाएगा सार्वजनिक प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश एक बार फिर वैश्विक बौद्ध धरोहर के केंद्र में आ गया है। 127 वर्षों बाद पवित्र पिपरहवा अवशेष, जो सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा स्तूप से 1898 में खोजे गए थे, भारत वापस लौट आए हैं।

औपनिवेशिक काल में विदेश ले जाए गए ये अवशेष मई 2025 में हांगकांग की एक अंतरराष्ट्रीय नीलामी में रखे गए थे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और गॉदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप के संयुक्त प्रयास से नीलामी रुकवाई गई और 30 जुलाई 2025 को इन्हें भारत वापस लाया गया।

पिपरहवा अवशेषों की वापसी सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि प्रदेश की भूमि के उस गौरवशाली इतिहास की पुनः स्थापना है, जिसने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से पूरी दुनिया को आलोकित किया। इन अवशेषों का सार्वजनिक प्रदर्शन शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध धरोहर का केंद्र बनाने और राज्य की सांस्कृतिक पर्यटन संभावनाओं को नई ऊंचाई देने वाला साबित होगा।



### अवशेषों का महत्व

इन अवशेषों में भगवान बुद्ध की अस्थियां, क्रिस्टल की पेटिकाएं, स्वर्णाभूषण और रत्न, बलुआ पत्थर का संदूक शामिल हैं। ब्राह्मी लिपि के अभिलेख इन्हें सीधे शाक्य वंश से जोड़ते हैं। गॉदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष, पिरोजशा गॉदरेज ने कहा कि पिपरहवा अवशेषों की वापसी केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए शांति और करुणा का संदेश है।

सिद्धार्थनगर का पिपरहवा स्तूप, जहां भगवान बुद्ध के अवशेष खोजे गए; वाराणसी का सारनाथ, जहां उन्होंने प्रथम उपदेश दिया और कुशीनगर, जहां उन्होंने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया, यह पावन त्रिकोण उत्तर प्रदेश को विश्वभर के करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ा और अद्वितीय तीर्थस्थल बनाता है। उत्तर प्रदेश की पावन धरती भगवान बुद्ध की तपोभूमि है। पिपरहवा अवशेषों की घर वापसी न केवल भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक महत्ता को भी पुनः स्थापित करती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 127 वर्षों बाद भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भारत वापसी का स्वागत किया था और इसे राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक गर्व का क्षण बताया था।

# प्रदर्शनी के लिए बुद्ध के अवशेष लेकर रूस जाएंगे केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीएमओ से आया निर्देश, कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे उप मुख्यमंत्री



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रूस की ऐतिहासिक यात्रा पर रवाना होंगे। वे वहां भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को लेकर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रूस के काल्मिकिया प्रांत में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का प्रदर्शन करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और बौद्ध धरोहर की समृद्ध परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है। योजना के अनुसार, उप मुख्यमंत्री मौर्य 23 सितंबर को वायुसेना के विशेष विमान से रूस के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां 25 से 28 सितंबर तक एलिस्ता में भगवान बुद्ध से जुड़ी दुर्लभ कलाकृतियों और ऐतिहासिक धरोहरों की प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसमें भारत से ले जाए गए अवशेष और कलाकृतियां भी शामिल होंगी। प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस दौरे से भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक संबंध और गहरे होंगे। साथ ही, यह आयोजन बौद्ध धर्म की वैश्विक विरासत और भारतीय संस्कृति की गरिमा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने वाला साबित होगा।

# नौ वर्ष में तीन गुनी हुई प्रदेश की जीडीपी

## गोरखपुर में 'विकसित भारत-विकसित उप्र विजन-2047' पर कार्यशाला में बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने किया आह्वान जारी क्यूआर कोड स्कैन कर लोग दें अपने सुझाव

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प के अनुरूप उत्तर प्रदेश 'विकसित यूपी विजन-2047' पर तेजी से काम कर रहा है। इस मिशन में हर नागरिक अपनी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि लोग सरकार द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव साझा करें। प्रदेश के विकास का रोडमैप जनता की भागीदारी से बनेगा।

वे रविवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में देश की अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान 14 प्रतिशत था, जो लगातार घटता गया। 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद विकास की रफ्तार बढ़ी और अब प्रदेश की जीडीपी 12.36 लाख करोड़ से बढ़कर 36 लाख करोड़ तक पहुंचने जा रही है। प्रति व्यक्ति आय भी नौ साल में 45 हजार रुपये से बढ़कर 1.20 लाख रुपये तक पहुंची है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी को 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर, 2035 तक तीन ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक छह ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 12 क्षेत्रों कृषि, उद्योग, आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति, अवसंरचना व सुशासन आदि से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं।



महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यशाला के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### नकली दवाओं के खिलाफ जनजागरण जरूरी : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार , लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नकली दवाओं का कारोबार ईमानदार दुकानदारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस पर रोक लगाने के लिए सभी को जनजागरण अभियान से जुड़ना होगा। गोरखपुर में रविवार को केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक आमसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आगरा सहित कई जगहों पर नकली और प्रतिबंधित दवाओं के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि फेडरेशन नकली दवाओं के खिलाफ खड़ा होगा तो सरकार हर तरह का संरक्षण और सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि यूपी को फार्मा हब बनाने के लिए ललितपुर में फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है, जिससे सस्ती दवाएं उपलब्ध होंगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष संदीप चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि संगठन नशामुक्ति और नकली दवाओं के खिलाफ मुख्यमंत्री के हर निर्णय के साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद रविकिशन और बड़ी संख्या में फेडरेशन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दो दशक बाद मतदाता सूची की बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहा चुनाव आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जमीनी होमवर्क करने पर तमाम जिलों में मिल रहीं खामियां
- 2003 की सूची और वर्तमान सूची का हो रहा मिलान
- बाद में जिनके नाम जुड़े, उन्हें देना होंगे आवश्यक दस्तावेज
- नाम सूची से हटाए जाने पर भी अभिलेख रखे जाएंगे सुरक्षित

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग लगभग दो दशक बाद मतदाता सूची की बड़ी बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहा है। जमीनी होमवर्क करने पर तमाम जिलों में जैसी खामियां मिल रहीं हैं, उसको लेकर आयोग के अधिकारी भी हैरान हैं। दरअसल, मौजूदा अभियान के तहत 2003 की सूची और वर्तमान सूची का मिलान हो रहा है।

इस दौरान मतदाताओं की डुप्लीकेसी तो पकड़ी ही जा रही है, वर्ष 2003 के बाद जिनके नाम जुड़े हैं, उन्हें भी आयोग के कहने पर अपनी पहचान संबधी आवश्यक दस्तावेज दिखाना होगा। इस स्क्रूटनी में नाम मतदाता सूची से हटाए जाने पर भी उनके अभिलेख सुरक्षित रखे जाएंगे, ताकि भविष्य में आवश्यकतानुसार कानूनी औपचारिकताओं में इसका प्रयोग किया जा सके।

राज्य में पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट और त्रुटिरहित बनाने के लिए अभियान चल रहा है। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रदेश में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण साल 2003 में हुआ था। अब लगभग 22 साल बाद यह प्रक्रिया दोबारा शुरू होने जा रही है। इस दौरान 2003 की मतदाता सूची और वर्तमान मतदाता सूची का मिलान किया जाएगा। जिन मतदाताओं के नाम दोनों सूचियों में दर्ज हैं, उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, जिनके नाम बाद में जोड़े गए हैं, उन्हें आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

खासकर जिन बच्चों के नाम अभिभावकों के बाद जोड़े गए हैं, उन्हें एसआईआर के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही, जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, उनके अभिलेख भी सुरक्षित रखे जाएंगे। आगे किसी विवाद की स्थिति में प्रमाण उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था रहेगी।

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाएंगे। वे मतदाताओं को गणना-प्रपत्र वितरित करेंगे। उसे भरने में सहयोग करेंगे और एकत्रित करने के बाद मतदाताओं का सत्यापन कर जानकारी को बीएलओ ऐप पर अपलोड करेंगे। निर्वाचन आयोग की कोशिश है कि पंचायत और विधानसभा चुनाव से पहले अपडेट और सही मतदाता सूची उपलब्ध कराई जा सके।



हर पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज होना सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदाता सूची को न केवल त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाया जाएगा, बल्कि समावेशी पंजीकरण सुनिश्चित करना भी लक्ष्य है। विशेष ध्यान 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं पर दिया जाना है, ताकि उन्हें पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

**- नवदीप रिणवा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

# नमो मैराथन में दौड़ी महानगरों की युवा ऊर्जा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेवा पखवाड़ा के तहत किया गया दौड़ का आयोजन

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को प्रदेश के 16 महानगरों में नमो मैराथन का आयोजन हुआ। हजारों युवाओं, खिलाड़ियों और नागरिकों ने दौड़ में हिस्सा लेकर फिट इंडिया और नए भारत के नये जोश का संदेश दिया।

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने नमो मैराथन की शुरुआत की। पूरे शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आगरा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व बरेली में ब्रजेश पाठक, मेरठ में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में मैराथन आयोजित हुई। मथुरा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, अलीगढ़ में किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार चाहर, गोरखपुर में स्वतंत्र देव सिंह, शाहजहांपुर में सुरेश खन्ना, झांसी में बेबी रानी मौर्य और अनूप गुप्ता ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया। फिरोजाबाद, अयोध्या, प्रयागराज, सहारनपुर, गाजियाबाद और मुरादाबाद में भी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में नमो मैराथन का आयोजन हुआ।

### नमो मैराथन युवाओं को करेगी प्रेरित

प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने कहा कि नमो मैराथन प्रधानमंत्री मोदी के विजन और प्रेरणा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में और अधिक सक्रिय करेंगे। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान माहौल उत्साह और जोश से भरा रहा।

# नोएडा एयरपोर्ट से कामर्शियल उड़ानें दीवाली बाद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** दीवाली बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानें शुरू हो जाने की संभावना है। जेवर स्थित इस एयरपोर्ट के खुलने से दिल्ली-एनसीआर के यात्रियों के लिए हवाई यातायात सुगम हो जाएगा। हालांकि इस एयरपोर्ट का औपचारिक उद्घाटन 30 अक्टूबर को होना है, लेकिन इससे पूर्व कमर्शियल उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवाई संपर्क को बढ़ावा मिलने के साथ दिल्ली-एनसीआर के यात्रियों के लिए जहां हवाई यातायात सुगम तो होगा वहीं, दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यातायात का बोझ भी कम होने की उम्मीद की जा रही है। इस एयरपोर्ट का औपचारिक उद्घाटन अक्टूबर के अंत में हो जाने के 45 दिनों के भीतर उड़ानें शुरू हो जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस साल के अंत से पहले व्यावसायिक उड़ानें शुरू हो जाने की घोषणा की है।

# एनसीएमसी कार्ड देश की सभी मेट्रो में होगा मान्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वन नेशन-वन कार्ड योजना पर तेजी से चल रहा काम

**अमृत विचार :** लखनऊ मेट्रो एक कार्ड लाने जा रहा है। इससे यात्री सिर्फ लखनऊ ही, नहीं पूरे देश में संचालित हो रही किसी भी मेट्रो में कहीं से सफर कर सकेगा। मेट्रो प्रशासन वन नेशन-वन कार्ड की योजना पर तेजी से काम कर रहा है। इसके तहत नेशनल कॉमन मोबालिटी कार्ड (एनसीएमसी) बनेगा। करीब छह माह में यह कार्ड लाया जाएगा। इसे लांच करते ही मौजूदा समय में इस्तेमाल हो रहा क्लोज कार्ड को बंद कर दिया जाएगा। बता दें कि कानपुर और आगरा मेट्रो में नेशनल कॉमन मोबालिटी कार्ड का इस्तेमाल हो रहा है।



**ऑटोमैटिक फेयर में होगा बदलाव :** मेट्रो में प्रवेश और निकास के लिए ऑटोमैटिक फेयर पर टोकन अथवा कार्ड लगाना पड़ता है, स्कैन के बाद ही रास्ता खुलता है और यात्री अंदर और बाहर जा सकते हैं। इसमें बदलाव के बाद ही नेशनल कॉमन मोबालिटी कार्ड यात्रियों के हाथ में होगा। लखनऊ मेट्रो के ज्वाइंट जनरल मैनेजर पंचानन मिश्रा ने बताया कि जब लखनऊ में मेट्रो की शुरुआत हुई थी, तब नेशनल कॉमन मोबालिटी कार्ड का कॉन्सेप्ट नहीं आया था, लेकिन आने वाले 6 महीने में यह व्यवस्था यहां भी देखने को मिलेगी।

### 6 महीने बाद टिकट लेने का झंझट खत्म

लखनऊ मेट्रो में सफर करने के लिए यात्री टोकन अथवा कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, जिससे सफर के दौरान किराये में 10 प्रतिशत की छूट मिलती है, लेकिन करीब 6 महीने बाद इस कार्ड का इस्तेमाल बंद हो जायेगा। इसकी जगह पर लोग यात्रा के लिए एनसीएमसी कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस कार्ड की खासियत यह होगी कि देश में चल रही सभी मेट्रो में मान्य होगा। यानी कार्ड लेने के बाद कहीं पर भी लाइन में लगने से छुटकारा मिलेगा और टिकट खरीदने की झंझट खत्म होगी। दरअसल, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का साझा उद्यम है। साल 2020 में ही केंद्र सरकार ने नेशनल कॉमन मोबालिटी कार्ड की शुरुआत कर दी थी, दिल्ली मेट्रो में इस कार्ड के इस्तेमाल का फैसला भी ले लिया गया था और तय हुआ कि देश में अब जिन शहरों में मेट्रो सुविधा शुरू होगी, सब जगह एक ही कार्ड का इस्तेमाल होगा। यही वजह है कि लखनऊ में भी इसको शुरू करने की तैयारी है।

# एफआईआर को चुनौती देने वाली नेहा राठौर की याचिका खारिज



**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पहलगाम में 26 पर्यटकों का धर्म पूछकर हत्या करने के आतंकी हमले के पश्चात सोशल मीडिया पर कथित अनर्गल, धार्मिक व देश विरोधी पोस्ट करने की आरोपी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है, साथ ही उन्हें विवेचनाधिकारी के समक्ष 26 सितंबर को पूछताछ में सहयोग के लिए हाजिर होने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने पारित किया है। कोर्ट ने अपने आदेश में टिप्पणी भी की है कि अभिव्यक्ति की आजादी का मौलिक अधिकार है लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी हैं।

**भागीदारी** | ग्रामीण क्षेत्रों से 2 .40 लाख और नगरीय क्षेत्रों से 60 हजार से अधिक मिले फीडबैक

# शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि में सुधार चाहते हैं लोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर रविवार तक 3 लाख से अधिक फीडबैक दर्ज हुए हैं। इसमें सबसे अधिक लोग सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि में सुधार चाहते हैं।

समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत जनता से फीडबैक लेने की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश के 75 जनपदों में नोडल अधिकारी और प्रबुद्धजन, आम जनता, छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघों और मीडिया के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा और भविष्य के रोड मैप पर चर्चा कर रहे हैं।

samarthuttarpradesh.up.gov.in पर कुल 3 लाख फीडबैक प्राप्त हुए। इनमें से 2.40 हजार ग्रामीण और 60 हजार से अधिक नगरीय क्षेत्रों से आए हैं। आयु वर्ग के अनुसार, 1.12 लाख से अधिक सुझाव 31 वर्ष से कम, 1.66 लाख सुझाव 31-60 वर्ष और बाकी सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों से प्राप्त हुए हैं।




### इन क्षेत्रों में मिल रहे सर्वाधिक सुझाव

फीडबैक के क्षेत्रवार वितरण में शिक्षा (1.10 लाख), नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र (52 हजार से अधिक), स्वास्थ्य (23 हजार से अधिक), समाज कल्याण (25 हजार से अधिक), कृषि (51 हजार से अधिक) और आईटी एवं टेक्नोलॉजी (6 हजार से अधिक) शामिल हैं। प्रमुख जनपदों जैसे- आगरा, फिरोजाबाद, बस्ती, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गोरखपुर, सहारनपुर, शामली, एटा, मेरठ, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, ललितपुर, महाराजगंज, प्रयागराज आदि से 1.11 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

# वीजा शुल्क बढ़ने से घटेगा कारोबार : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की आर्थिक और विदेश नीति फेल हो गयी है। दुनिया में भारत के मित्र देशों की संख्या घट गयी है। मित्र देश भी व्यापार में चिढ़ा रहे हैं। अब एच-1बी वीजा पर जो पाबंदियां लग रही हैं, उससे भारतीय कंपनियों और भारतीयों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कंपनियों का कारोबार घटेगा।

सपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया पर केन्द्र सरकार पर भोजपुरी भाषा में तंज कसते हुए कहा कि झूठी हुई हर बतिया, एच वन वीजा हुआ लखटकिया। उन्होंने जारी बयान में स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत से व्यापार और कारोबार छीना जा रहा है। भाजपा सरकार के पास इन सवालों का जवाब नहीं हैं। कहा कि ये पहले टैक्स बढ़ाकर ज्यादा जीएसटी ले रहे थे। अब कम करने का ढिंढोरा पीट रहे हैं।



इटावा में लॉयन सफारी का भ्रमण करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

### मुलायम सिंह ने देखा था लॉयन सफारी का सपना

**अमृत विचार :** इटावा में लॉयन सफारी भ्रमण के बाद रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि इटावा लॉयन सफारी का जो सपना कभी मुलायम सिंह और समाजवादियों ने देखा था, आज वह आगे बढ़ रहा है। इटावा लॉयन सफारी को पूरे देश में प्रसिद्धि मिल रही है।

# सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से फेल कोई देश हमारा मित्र नहीं : अखिलेश यादव

## प्रदेश की भाजपा सरकार अब कुछ ही दिनों की मेहमान

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार की विदेश नीति पूरी तरह नाकाम रही है। विदेश नीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें हमारे मित्र ज्यादा हो और शत्रु कम हों। इसके विपरीत इस विदेश नीति में हमारा कोई मित्र ही नहीं है। अमेरिका ने पहले टैरिफ लगाया और अब एच 1 वीजा को लेकर परेशान किया जा रहा है । अब स्थिति यह है कि जो हमारे मित्र रहे हैं वही हमें चिढ़ा रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि एच 1 वीजा की जो नई स्कीम बनाई गई है वह भारतीयों को परेशान करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जाने वाली है कुछ ही समय बाकी है । उन्होंने कहा कि सरकार में अन्याय अत्याचार के मामले बढ़े हैं, झूठे मुकदमे लिखे जा रहे है।



मीरा पुरवार को सम्मानित करते अखिलेश यादव। अमृत विचार

किसानों को खाद नहीं मिल रही। बीमारों को दवा नहीं मिल रही और बिजली भी नहीं मिल रही ।है

रविवार को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इटावा को इस सरकार के 9 साल के कार्यकाल में तो में कुछ नहीं मिला और अब कुछ मिलने की उम्मीद भी नहीं है। उन्होंने एनकाउंटर के बारे में पूछे जाने पर कहा कि एनकाउंटर तो पहले होना चाहिए ताकि अपराध रुक सकें, लेकिन अपराध तो रोके नहीं जाते बाद में एनकाउंटर किए जाते हैं। किसी की जान लेने का अधिकार किसी को भी नहीं है। उन्होंने कहा घटना से पहले एनकाउंटर हो तो अपराध रुकें। उन्होंने कहा की अखिलेश दुबे जेल में है और जेल में ही उनके लिए जहर तैयार किया जा रहा है क्योंकि इस मामले में कई राज छिपे हैं। भारतीय जनता पार्टी, अपराधी और पुलिस तीनों मिले हुए हैं। यह बहुत बड़ा राज है और यह तीनों क्षेत्र छिपकर काम कर रहे है। इस मौके पर सांसद जितेन्द्र दोहरे, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य व अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

### इटावा फाउंडेशन ने प्रतिष्ठित लोगों का किया सम्मान

**इटावा ।** जनपद इटावा के इतिहास और उसकी विशेष पहचान से नई पीढ़ी को परिचित कराए जाने की बहुत जरूरत है। इटावा फाउंडेशन और उसके संस्थापक डॉ. विश्वपति त्रिवेदी जी का साधुवाद है कि वह यह काम कर रहे हैं। हमें भी आगे जब भी मौका मिलेगा, हम इटावा के इतिहास और उसके पौराणिक महत्व से जुड़ी धरोहरों के संरक्षण का काम करेंगे। ये बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को यहां शास्त्री चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में इटावा फाउंडेशन द्वारा आयोजित पितृ अमावस्या भंडारा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। इस अवसर पर इटावा फाउंडेशन द्वारा चयनित जिले की विशेष प्रतिभाओं में, डॉ. जय किशन तिवारी को आयुर्वेद चिकित्सा, क्राफ्ट कला पटसन में मीरा पुरवार, जैव विविधता संरक्षण में श्याम बाबू मिश्रा, शूटिंग में चंद्रमोहन तिवारी, युवा उद्यमी में पृथ्वी मिश्रा, सर्प दंश जागरूकता के लिए डॉ. आशीष त्रिपाठी, सॉफ्टवेयर डेवलपर के लिए आदित्य शाक्य तथा सरल अग्रवाल को डाटा सांसिस्ट के रूप में योगदान देने के लिये अंग वस्त्र, शील्ड तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने साहित्यकार डा. कुश चतुर्वेदी एवं ओज के युवा कवि रोहित चौधरी का भी सम्मान किया। इटावा फाउंडेशन के संस्थापक और भारत सरकार के पूर्व सचिव डॉ. विश्वपति त्रिवेदी (रिटा. आईएएस) ने अखिलेश का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुश चतुर्वेदी ने किया तथा सभी को धन्यवाद पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे, एटा के सांसद देवेश शाक्य, कुलदीप गुप्ता संटू, संजीव अग्रवाल (सीए), ओमप्रकाश मिश्रा आदि रहे।

# आईजीआरएस में फीड बैक की स्थिति सुधारी जाए

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** दर्पण पोर्टल विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस, स्वच्छ भारत मिशन, गौ संरक्षण, फैमिली आईडी कार्ड सहित अन्य सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आईजीआरएस के अंतर्गत समाधान प्राप्त फीडबैक के विवरण पर विस्तृत चर्चा की एवं फीडबैक की स्थिति को खराब बताते हुए उपस्थित सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि आईजीआरएस और हेल्पलाइन में फीडबैक की स्थिति को सुधारा जाए।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति एवं ओडीएफ प्लस ग्रामों की प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें ओडीएफ का लक्ष्य 680 प्राप्त है, जिसपर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। शौचालय के रेट्रोफिटिंग की प्रगति 68.44 प्रतिशत है एवं प्राप्त लक्ष्य 145364 है, जिसपर ज्यादा से ज्यादा टूटे हुए शौचालयों की मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी एडीओ पंचायत को वर्मी कम्पोस्ट की प्रगति को बढ़ाए जाने हेतु एवं किसान, गौशाला के केयर टेकर व अन्य लोगों को वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देश दिए। अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य एवं डिजिटल लाइब्रेरी के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा फैमिली आईडी बनवाने हेतु निर्देश दिए।

नवरात्र के पर्व दृष्टिगत सभी जगह मंदिरों के आस-पास एवं विसर्जन स्थल पर अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाए कराए उन्होंने कहा विसर्जन स्थल के गड्ढे को बड़ा कराया जाए, जिससे मूर्तियों का विसर्जन करने पर किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑटो की टक्कर से युवक घायल

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत पिलखर गांव के समीप ऑटो की टक्कर लगने से राम प्रताप पुत्र राम सनेही निवासी ग्राम पिलखर इकदिल गम्भीर रूप से घायल हो गया, घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कनेक्शन देने का किया विरोध

**इटावा।** सती मोहल्ला प्राइमरी स्कूल के पास नगर पालिका द्वारा बनवाए जा रहे शौचालय निर्माण में गंदे पानी को सीवर लाइन में ले जाने वाले पाइप के गलत संयोजन पर नागरिकों ने आपत्ति जताई। जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कुशवाहा, कृष्ण मनोहर दीक्षित, राजेंद्र सिंह भदौरिया, अक्षय कुमार राठौर, कमल सिंह सोनी, विष्णु कुमार, हरेंद्र कुमार, गणेश ज्ञानार्थी ने मांग की कि उच्चाधिकारियों को तत्काल नियम विरुद्ध कार्य रुकवा कर जनहित में नियमानुसार कार्य करवाना चाहिए।

### बनारस प्रकरण को लेकर अधिवक्ता नाराज

**भरथना ।** पिछले दिनों, बनारस में पुलिस और अधिवक्ता विवाद कांड को लेकर इटावा जिला कचहरी परिसर में एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा की अगुवाई में बैठक हुई। बैठक में सभी वकीलों ने वाराणसी पुलिस प्रशासन के घृणित कृत्य के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताते हुए इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा की। विरोध जताने वालों में राजेश त्रिपाठी , कमल माथुर, सुबोध राजपूत, सुभाष राजपूत, आरके वर्मा, जयंत बौद्ध, अभिषेक तिवारी, भानु प्रताप, उमेश कुशवाहा, कुलदीप यादव, अनिल यादव, राजुल शुक्ला, राणा मिश्रा, तुषार गुप्त, शिवेक कुशवाह, विवेक राजपूत, राहुल भदौरिया, ओमजी बाथम, आरजू कुमारी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे

### मंदिर व घर में हुई चोरी

**फर्रुखाबाद।** कम्पिल कस्बा स्थित चौकी नाथ शिव मंदिर में शनिवार रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की। मंदिर के पुजारी पंडित शिवशरण मिश्रा रामलीला देखने गए थे। पुजारी वहीं मंदिर में कमरे में रहते हैं। रविवार सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो गेट का ताला टूटा मिला। कमरे का ताला भी टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी से 27 हजार रुपये की नकदी और 12 चांदी के सिक्के ले गए। इसी रात चोरों ने मोहल्ला गंगा टोला में 11 मंजिल मंदिर के पास स्थित एक और दुकान को भी निशाना बनाया। फूल और पूजा सामग्री विक्रेता अनुराग सैनी की दुकान का ताला तोड़कर चोर 2000 की नकदी ले गए।

### महिला को बंधक बना कर लूटने का आरोप

**फर्रुखाबाद ।** कमालगंज क्षेत्र के कुंदन गणेशपुर गांव में एक महिला घायल अवस्था में मिली। महिला की पहचान गोंडा जिले की रहने वाली शीला के रूप में हुई। वह लखनऊ में नौकरी करती है। शीला ने बताया कि लखनऊ में उसकी मुलाकात काजल, सोनी और विपिन से हुई। एक सप्ताह पहले तीनों उसे बहला-फुसलाकर फर्रुखाबाद ले आए। यहां उन्होंने उसे बंधक बना लिया। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपए, सोने का नाक का फूल, चांदी की पायलें और आधार कार्ड छीन लिए। रात करीब 12 बजे उसकी पिटाई कर दी। सुबह वह सड़क किनारे बेहोश मिली। एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉ. मान सिंह और डॉ. विकास पटेल की टीम ने उसका इलाज किया।

# स्वदेशी कार्यक्रम को बढ़ायेगा व्यापार मंडल

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि उद्योग व्यापार मण्डल लम्बे अर्से से व्यापारियों के सुरक्षा सम्मान की लड़ाई लड़ता चला आ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मुकन्द मिश्रा, और उनकी कार्यकारणी ने जिस विश्वास के साथ मुझे जिला अध्यक्ष बनाया उसके लिये हम उनका आभार व्यक्त करते है और अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व संगठन संस्थापक पं श्याम बिहारी मिश्रा पूर्व सांसद ने स्थानीय उत्पाद, स्थानीय व्यापार, स्थानीय पर्यटन का नारा दिया था जिसे देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषणों में स्थानीय स्वदेशी उत्पादों का बढावा देने का जिक अनेकों बार किया जिसे देश की आम जनता एंव व्यापारियों ने इस आन्दोलन को जन आन्दोलन का रूप दे दिया। इसके तहत उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्ता संकल्प लेंगे कि जिले के विभिन्न कस्बों में चरण बद्ध रूप से इस स्वदेशी कार्यक्रम को आगे बढ़ायेंगे और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगें। उद्योग व्यापार मण्डल के महामंन्त्री सदाशिव श्रीवास्तव एंव प्रत्यूष वर्मा ने बताया इस समय देश एंव प्रदेश में व्यापारी मित्र सरकार होते हुए भी जिस प्रकार खाद्य एवं श्रम विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है वह असहनीय है। हम सरकार से मांग करते है फूड विभाग द्वारा सैम्पल के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बन्द हो। प्रेसवार्ता में राजेश पांडेय, रघुराज शाक्य, कमलेश कठेरिया, गोरखनाथ वर्मा, मनीष गुप्ता, विनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता करते उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता।

**• सैंपल के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करें : कृष्ण मुरारी**

# मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की निकली बारात

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात रविवार रात यहां नगर में राजसी चमक दमक के साथ जब निकाली गई तो हर तरफ जय श्री राम रामचंद्र की जय का उद्घोष हुआ।

दूल्हा बने कौशल्या दशरथ नंदन की प्रथम आरती समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव के सुपुत्र बदायूं सांसद आदित्य यादव ने प्रथम आरती उतार कर बारात का शुभारंभ किया। राम बारात का शुभारंभ करने आए आदित्य यादव का रामलीला समिति के प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू, उप प्रबंधक ठा० अजेंद्र सिंह गौर उपाध्यक्ष हीरालाल गुप्ता ने प्रतीक चिह्न भेंट कर तिलक वंदन और रामनामी पटका ओढ़ाकर किया। दूल्हा बने श्रीराम से बदायूं सांसद ने आशीर्वाद प्राप्त किया।



दूल्हा बने प्रभु श्री राम की आरती उतारते बदायूं सांसद आदित्य यादव अंकुर व अन्य।

**• बदायूं सांसद आदित्य यादव ने उतारी पहली आरती**

भगवान राम की बारात में पिता दशरथ विश्वामित्र वशिष्ठ, भाई भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, दुर्गा जी, भगवान शंकर जी, बिहारी जी आदि आकर्षक और मनमोहक झांकी स्वरूप में शामिल हुए। बारात में काली मां का अखाड़ा, राधा कृष्ण व मेरा नाम जोकर रोड शो पर बैंड बाजों की ध्वनि पर सभी बाराती नृत्य करते हुए सड़कों पर चल रहे थे। राम बारात रामलीला मैदान से आरंभ होकर बस स्टैंड चौराहा से मिडिल स्कूल रोड होती जनकपुर रूपी बिलैया मठ पर संपन्न हुई। बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया ।सीओ आयुषी सिंह के निर्देशन में व इंस्पेक्टर संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था मुस्तैद रही। इस अवसर पर कमेटी के राजीव गुप्ता माथुर, डॉ पुष्पेंद्र पुरवार, एड. राजेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार, राम नरेश यादव पप्पू विवेक पांडेय रतन, पं.रामकृष्ण दुबे बालकृष्ण दुबे उमेश नारायण चौधरी, विनय पांडेय, आलोक गुप्ता, प्रभाकर दुबे प्रशांत यादव आदि के अलावा सपा कन्नौज जिला प्रभारी अनिल प्रताप, विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू, जितेंद्र यादव मोना, सुधीर यादव सैफई, गोपाल गुप्ता, आदि रहे।

**जसवंतनगर की रामलीला यहां के लिए एक धरोहर:** यहां की विश्व प्रसिद्ध मैदानी रामलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम बारात का शुभारंभ करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव के सुपुत्र बदायूं सांसद आदित्य यादव ने कहा कि यहां की रामलीला विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान रखती है। इसलिए यह हमारे जसवंतनगर की एक धरोहर है ।

# प्रचंड बहुमत से पीडीए की सरकार बनेगी : रोमित

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।**आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए प्रवेश कुमार यादव को समाजवादी व्यापार सभा का जिला उपाध्यक्ष एवं अरविन्द यादव को व्यापार सभा जिला सचिव व रितेश कुमार कों व्यापार सभा विधानसभा भोजपुर के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

नव-मनोनीत पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वह पार्टी की नीतियों-रीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में हमारा संगठन मजबूती से बूथ स्तर पर सर्व समाज को पीडीए से जोड़ेगा। आम-जनमानस में बदलाव की लहर है आने बाले समय में पीडीए सरकार प्रचण्ड बहुमत के साथ बनेगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सपा व्यापार सभा के मनोनीत पदाधिकारी।

### ट्रेन से उतरते समय चपेट में आया युवक, गई जान

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नीम करोरी में शिकोहाबाद-कासगंज पैसेंजर ट्रेन से उतरते समय 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। नीम करोरी गांव के निवासी सर्वेश शाक्य मैनपुरी से वापस लौट रहे थे।

घटना शनिवार को शाम करीब सात बजे बाबा लक्ष्मण दास रेलवे स्टेशन के पास हुई। सर्वेश ट्रेन से उतरने के लिए डिब्बे के दरवाजे पर पहुंचे। ग्राम भटकुर्री मोड पर पैर फिसलने से वह ट्रेन से गिर पड़े और चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भट्टकुर्री गांव के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। रेलवे विभाग के अविनाश सिंह ने रात आठ बजे कोतवाली मोहम्मदाबाद में मेमो दर्ज कराया। नीम करोली चौकी इंचार्ज सूर्य प्रकाश उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# कवि डॉ. शिवओम अंबर का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** फर्रुखाबाद- समर्पण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विराट काव्य गोष्ठी एवं अभिनंदन समारोह हुआ।

रविवार को शहर के मोहल्ला नुनहाई स्थित हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राम बाबू पाठक, डॉ. शिवओम अम्बर, डॉ. संतोष पाण्डेय, राम अवतार शर्मा, राम मोहन शुक्ल, राष्ट्र सेवक रोहित दीक्षित ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राम बाबू पाठक ने कहा कि शिवओम का जीवन संघर्ष से भरा रहा है वह मेरे श्रेष्ठ विद्यार्थियों में से एक हैं। डॉ. शिवओम अम्बर ने अभिनन्दन करने वाली संस्थाओं और शहर के प्रबुद्ध जनों का आभार जताया।




कवि डॉ. शिवओम अम्बर को प्रतीक चिह्न देते डॉ. रामबाबू पाठक व अन्य लोग।

समर्पण सेवा फाउंडेशन, परमार्थ संस्थान, राष्ट्रीय कवि संगम, संस्कार भारती, दीप संस्था, हिंदी साहित्य भारती, ब्राह्मण एकता मंच, सेवा धर्म समिति, श्रद्धारानी स्मृति संस्थान, कलार्पण, उपकारी राष्ट्रीय चिंतन मिशन, वीणा साहित्य परिषद, जिला गंगा समिति, साहस इंडिया, रेलवे वेलफेयर, हिंदू महासभा, कुष्मांजलि परिवार, विश्वनाथ सामाजिक संस्थान, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ,सहित लगभग एक दर्जन से अधिक साहित्यिक, सामाजिक संस्थाओं ने डॉक्टर शिवओम अम्बर का नागरिक अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में केशव भान साध, सुधांशु दत्त द्विवेदी, संजय गर्ग, रमेश चंद्र त्रिपाठी, ब्रजकिशोर सिंह, सुबोध शुक्ला, सुरेन्द्र पांडेय, अमित सक्सेना नक्श टीम, कुलभूषण श्रीवास्तव रहे।

### शारदीय नवरात्र आज से, सज गए देवी मंदिर

**फर्रुखाबाद।** शारदीय नवरात्र का सोमवार से होगा। बाजारों में रौनक लौटने लगी है। पितृ पक्ष के समापन के साथ ही दुकानों पर माता की चुनरी, पोशाक, मूर्तियां और पूजा सामग्री की सजावट की बिक्री शुरू हो गई है। नवरात्र को लेकर विक्रेताओं ने पूजा की सामग्री, हवन सामग्री, धूपबत्ती, नारियल, जावित्री, जायफल सहित तमाम सामान की वैरायटी स्टॉक कर ली है। घरों और मंदिरों के लिए माता की पोशाकें और मूर्तियां भी दुकानों में सजी हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि नवरात्र के साथ ही बिक्री में तेजी आएगी और बाजार की रौनक पूरी तरह लौटेगी। कारोबारियों ने दुकानों में नवरात्र के लिए बाजार में कपड़ा, आभूषण, बर्तन, मोटर-कार, इलेक्ट्रिकऔर पूजा सामग्री का सामान भंडारण करना शुरू कर दिया है।

**आयोजन** | मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, सान्या को मिला बेस्ट परफार्मर का पुरस्कार

# आयुषी मिस व अनिकेत मिस्टर फ्रेशर चुने गए

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा एवं कृषि संकाय ने संयुक्त रूप से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी दीक्षारंभ का आयोजन किया गया। जिसमें आयुषी सिंह मिस तथा अनिकेत शाक्य मिस्टर फ्रेशर चुने गए। बीएससी कृषि की छात्रा सान्या गहरवार को बेस्ट परफार्मर चुना गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के संरक्षक शिक्षाविद डॉ. बाबू सिंह यादव, कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, कुलपति डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलसचिव रणजीत सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुई। इशिता पाण्डेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, डॉ. गीता सिंह व छात्रा छवि ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण कराकर सबको अनुशासन और एकता का संदेश दिया। छवि, इशिता, अनिकेत के ग्रुप द्वारा झूला उठाके चले गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। आयुषी सिंह द्वारा शास्त्रीय नृत्य की सुंदर प्रस्तुति ने समां बांधा वहीं, वहीं शिल्पी के नवरात्रि डांस ने सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद इशिता, आयुषी, अनिकेत, अनुभव, सिद्धार्थ और आशुतोष ने मिलकर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। बी.एससी. की छात्राओं ने ग्रुप डांस से माहौल को जीवंत कर दिया। छात्र अभय सिंह ने जबरदस्त डांस परफॉर्मेंस दी। इससे पूर्व कुलाधिपति द्वारा डॉ. अनार सिंह ने कहा विज्ञान और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें कभी भी मेहनत से पीछे नहीं हटना चाहिये क्योंकि हम जितनी इमानदारी से मेहनत करेंगे उतना ही हमें सफलता प्राप्त होगी।




दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम में विधि संकाय के डीन डॉ. राजपाल सिंह, नर्सिंग संकाय की डीन प्रो. शरीन पी एलेक्स, फार्मेसी की डीन डॉ. बिन्दु राठौर, इंजीनियरिंग के डीन डॉ. निखिल श्रीवास्तव, पॉलीटेक्निक के डीन धीरेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, रिसर्च के डीन डॉ. आनन्द कुमार ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के अन्त में ब्यूटी विद ब्रेन के आधार पर बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा को मिस फ्रेशर तथा बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र अनिकेत शाक्य को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। बेस्ट परफार्म करने वाली बीएससी एग्रीकल्चर की छात्रा सान्या गहरवारको परफार्मर ऑफ द डे घोषित किया गया। डीन डॉ. ललित यादव, विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, अनुपमा शाक्य विजेताओं को खिताब से नवाजा। कार्यक्रम में डॉ. ललित कुमार यादव, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह यादव, डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. जुनैद अन्दलीब साजिद आदि भी उपस्थित रहे।

# निष्पक्षता व ईमानदारी का क्षेत्र है पत्रकारिता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के आठवां स्थापना दिवस नवभारत सभा भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन अनिल मिश्रा एवं संजय शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश विजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्भीकता निष्पक्षता एवं ईमानदारी पत्रकारिता का क्षेत्र है और इससे हटकर जो पत्रकार अपने क्षेत्र में काम करते हैं, उनको हमेशा निराशा देखनी पड़ती है।

फर्रुखाबाद नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष दमयंती सिंह ने कहा कि जिले के समस्त पत्रकारों को अपने क्षेत्र में ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए । मुख्य वक्ता दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अनुराग मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों को सच्चाई और अच्छाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। सोशल मीडिया एक ऐसा पायदान है जिसने वर्तमान में पत्रकारों को काफी बड़ी राहत दी है । यदि सोशल मीडिया न होती तो उन चैनल मालिकों का आज पता नहीं होता, इसलिए हम पत्रकारों को हमेशा निष्पक्षता सच्चाई और अच्छाई के साथ पत्रकारिता करनी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल गौड़ ने आए हुए सभी अतिथियों, पत्रकारों का कार्यक्रम में आने के लिए आभार व्यक्त किया। एटा के वरिष्ठ पत्रकार ऋषित चैहान, दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कय्यूम, बिहार प्रदेश के प्रभारी मोहम्मद मुस्लिम, जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी इंदु, वरिष्ठ पत्रकार स्नेह कुमार सिंह, प्रताप सिंह यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल प्रजापति, दीपक तिवारी, ताहिर खा बज्जू, विनय सक्सेना, राजस्थान प्रभारी अरशद वारसी, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, अजीत अग्निहोत्री, रविन्द्र भदौरिया, सुबोध साध, आतिफ अली खान, वीपी चतुर्वेदी सहित दो सैकड़ा पत्रकार मौजूद रहे।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते अनुराग मिश्रा व मंचासीन दमयंती सिंह व अन्य लोग।

**• प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया एसोसिएशन का आठवां स्थापना दिवस संपंन**

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, 15 घायल

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, डबल डेकर बस डीसीएम में घुसी, पीछे से कार भी टकराई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर देर रात भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर आलू से लदे डीसीएम से टकरा गई। पीछे से आ रही एक कार भी बस से टकरा गई। हादसे में बस व कार चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में करीब 15 यात्री घायल हो गये। कार सवार चार लोगों के भी चोटें आई। सभी घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जानकारी पर डीएम व एसपी ने घायलों का हाल जाना।

शनिवार रात करीब 11 बजे एक डबल डेकर बस यात्रियों को बैठाकर बलिया जा रही थी। इसमें 35 यात्री सवार थे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर फगुहा भट्टा के 187 किलोमीटर के समीप पहुंची उसी समय चालक को झपकी आने से बसआगे चल रही आलू लदी डीसीएम से टकरा गई। दुर्घटना में बस में सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये। सूचना पर पहुंची हाईवे की बचाव टीम ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बस दुर्घटना के बाद दिल्ली से आ रही एक एक्सयूवी कार दुर्घटना स्थल पर खडे. वाहन से टकरा गई।


दुर्घटनाग्रस्त बस की जांच करती पुलिस। अमृत विचार


मेडिकल कालेज में घायलों का हाल जानते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### हादसे में ये लोग हुए घायल

- करन (40) पुत्र रामबहादुर रनिया कानपुर देहात। विमलेश (28) पुत्र हरेंद्र निवासी ग्राम लोहाटा थाना बलिया। आशा सरोज (35) पत्नी राहुल सरोज निवासी बर्जी थाना कंधरापुर आजमगढ़। गोपाल (55) पुत्र जोधा सिंह निवासी चितौड़ा थाना जानसठ मुजफ्फरनगर। हंस कुमार शर्मा (39) पुत्र रामसूरत निवासी सरबसपुर थाना घोसी मऊ। रूद्रेश (3) पुत्र राहुल निवासी बर्जी थाना कंधरापुर आजमगढ़। अखिलेश (30) पुत्र दयाराम निवासी कठेला इंदरगढ़ कन्नौज। गोपाल (45) पुत्र संभु प्रसाद निवासी ग्राम नगरा थाना नगरा बलिया। सुमित पुत्र राम पाल निवासी मोहल्ला छोटा देवी खेड़ा तेली बाग लखनऊ। चंदन (36) सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी बांसुरी जागीर थाना मनियर जिला बलिया। प्रियंका (32) पत्नी चंदन सिंह निवासी बांसुरी जागीर थाना मनियर जिला बलिया। राहुल (25) पुत्र जयप्रकाश निवासी मोतिहारी जनपद चंपारण बिहार।

- **दिल्ली से बलिया जाते समय तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में देर रात दुर्घटना**

इससे कार में बैठे लोग घायल हो गए। इन घायलों को भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सूचना पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह, कोतवाल तिर्वा संजय शुक्ला पुलिस बल के साथ रात में ही मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज प्रशासन को निर्देश दिए। इसमें गंभीर रूप से घायल बस चालक अंकित (29) पुत्र रघुराज निवासी शाहपुर कजरा मैनपुरी को सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई जाते समय बस चालक की मौत हो गई। इसके अलावा बस परिचालक लवकुश उर्फ संजू (32) पुत्र सुखी चौरसिया निवासी उमरहल बरौली आयोध्या व एक्सयूवी कार चला रहे छात्र हर्ष आनंद (22) पुत्र मनोज कुमार निवासी गांधी मूर्ति दानापुर पटना बिहार की मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने घटना के संबंध में मृतक के परिजनों को सूचना दी है। कोतवाली पुलिस ने बस परिचालक लवकुश एवं हर्ष आनंद का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### स्कूटी की भिड़ंत, महिला सहित चार घायल

- **सौरिख, कन्नौज।** बाइक स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जनपद मैनपुरी के थाना किशनी के कस्बा कुसमरा निवासी रोहित कुमार पुत्र विनोद कुमार अपनी बाइक से मां रेखा देवी को रिश्तेदारी से रविवार को वापस घर लेकर जा रहा था। जैसे ही बाइक राजापुर बंबा से कुसमरा रोड पर पहुंची तभी सामने से आ रही स्कूटी से भिड़ंत हो गई। स्कूटी पर कबीरपुर निवासी मुस्तफा अली पुत्र रज्जाक अली अपने दामाद अख्तियार अली पुत्र मुस्ताक अली के साथ थे। इससे महिला सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से रोहित और मुस्तफा को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# चार अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार, माल बरामद

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

- **दो माह पहले सौरिख में सराफा दुकान से उठा ले गए थे अलमारी**

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने चार अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। उनसे सौरिख क्षेत्र में एक सराफा दुकान से चोरी किए गए आभूषण व नकदी भी बरामद की है।

सौरिख कस्बा के लोहिया नगर निवासी संजीव गुप्ता की ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार की दुकान है। 8 जुलाई 2025 को चोर शटर तोड़कर दुकान में घुसे थे और वहां रखी अलमारी उठा ले गए थे। अलमारी से जेवर आदि निकालकर उसे दुकान के पीछे फेंक दिया था अगले दिन सुबह जब संजीव दुकान पर पहुंचे तो जानकारी हुई। इसके बाद से एसओजी, सर्विलांस टीम एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम चोरों की तलाश में जुटी थी। सटीक सूचना पर रविवार को पुलिस ने कबीरपुर निवासी राजा की सीमेंट की दुकान के पास से चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में चोरों ने अपने नाम बबलू कटियार पुत्र विनोद निवासी पटिया सातनपुर कोतवाली फर्रुखाबाद, गुलशन पुत्र रामबाबू निवासी लाकूला कादरी गेट जनपद फर्रुखाबाद, संतोष पुत्र छविनाथ छोटी मिलकिया सुल्तान थाना नवाबगंज जनपद फर्रुखाबाद, सचित यादव पुत्र धीरेंद्र निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना सौरिख के पास बताए। इनके पास से चांदी के आभूषण एवं नगद 9000 रुपये, एक तमंचा 315 और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों को न्यायालय पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। बब्लू कटियार पर कन्नौज और फर्रुखाबाद में सात मामले दर्ज हैं। संचित पर छह, संतोष पर चार तथा गुलशन पर तीन मामले दर्ज हैं।


पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। अमृत विचार

### शारदीय नवरात्र आज से

शारदीय नवरात्र सोमवार 22 सितंबर से शुरू हो रहे हैं और 1 अक्टूबर को खत्म होंगे। इस बार सोमवार को माता का आगमन हाथी पर होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हाथी पर माता का सवार होकर आना बेहद शुभ संकेत होता है। शारदीय नवरात्र का समापन 1 अक्टूबर बुधवार को होगा। बुधवार के दिन जब भी माता प्रस्थान करती हैं तो उनकी सवारी हाथी ही होती है। इसे भी शुभ संकेतक माना जाता है। तृतीया तिथि बढ़ जाने के कारण इस बार 9 नहीं 10 दिन के होंगे नवरात्र। विजयादशमी का पर्व 2 अक्टूबर को होगा।

घटस्थापना मुहूर्त - सुबह 5:58 बजे से 7:52 बजे तक घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त - दोपहर 11:37 बजे से 12:25 बजे तक।



**प्रथम शैलपुत्री**

नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र..... ह्रीं शिवायै नमः।**

# समस्याओं पर किया मंथन

**छिबरामऊ।** नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक आशीष वर्मा के आवास पर की गई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण वरीयता के आधार पर करने का प्रयास करता है। इस दौरान उन्होंने आशीष वर्मा को जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज दीक्षित, अंकित तिवारी, रॉबिन मिश्रा, दीपक कठेरिया, अवनीश गुप्ता, अतुल वर्मा, जिला संरक्षक पूर्व सभासद करुणा शंकर गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष उमेश मिश्रा को नियुक्त किया। गौरव गोयल एडवोकेट को पुनः नगर की जिम्मेदारी दी गई।


व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते संगठन के लोग। अमृत विचार

# दो गांवों में लगे स्वास्थ्य कैंप, 121 को मिला उपचार

**जलालाबाद।** बुखार से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग टीम ने तीसरे दिन एमओआईसी मनोज कुमार के नेतृत्व में दो स्वास्थ्य टीमों को ग्राम रुदौली व मबई रिहायक में भेजा गया। रुदौली में डॉ. इफराक हुसैन ने 61 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

दूसरी तरफ मबई रिहायक में डॉ. संदीप कुमार कोली ने 60 मरीजों का परीक्षण किया। डॉ. इफराक ने बताया कि बदलते मौसम में सावधानी बरतने की ज़रूरत है। इस दौरान अखिलेश यादव, एराज हुसैन, गौरव यादव, नीरज कुमार, नसीम, आशा, प्रेमचंद, मोहम्मद अनस, सुनीता देवी, रीना, आशा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कूटी रैली निकालकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत पुलिस लाइन्स से जागरुकता स्कूटी रैली निकाली गई। विधायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना रवाना किया।

प्रदेश में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये व्यापक अभियान मिशन शक्ति 5.0 की सुरुआत की गईहै। इस के तहत रविबार को शाम 04:00 बजे पुलिस लाइन्स से मिशन शक्ति जागरूकता हेतु स्कूटी रैली हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गई। स्कूटी रैली में जनपद में तैनात करीब 100 महिला पुलिस द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर एएसपी अजय कुमार, सीओ सिटी अभिषेक कुमार अजेय, सीओ लाइन कुलवीर सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महिला सशक्तिकरण स्कूटी रैली पुलिस लाइन्स कन्नौज से प्रारम्भ होकर थाना कोतवाली कन्नौज से मुख्य बाजार, लाखन तिराहा, फूलमती मन्दिर, मकरन्द नगर, तिर्वा क्रासिंग, गैस गोदाम रोड, गोल कुआं से होते हुए लगभग 15 किमी की दूरी तय करते हुए वापस पुलिस लाइन्स में समाप्त हुई।


मिशन शक्ति फेस-5.0 अभियान के तहत निकाली गई स्कूटी रैली। अमृत विचार

# 'वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान' में सैकड़ों लोग पहुंचे

**छिबरामऊ।** कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर नगर में कांशीराम कॉलोनी और देवी सहाय मार्केट में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान में सैकड़ों कांग्रेसी हस्ताक्षर करने पहुंचे।

हस्ताक्षर करने वाले सर्व समाज के लोगों से जिलाध्यक्ष शाक्रिर हुसैन एडवोकेट ने कहा, हम सब इस सरकार में परेशान है महंगाई इतनी हो गयी है कि सब्जी भी खरीदने के लिए सोचना पड़ता है। इस हस्ताक्षर अभियान में पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव संजय पौल, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे पप्पू, अमोल दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा, मेराज वारसी, आसिफ, आशाराम आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### टोल के निकट बाइकों की टक्कर में 3 घायल

**जलालाबाद।** रविवार को अलीगढ़ कानपुर ग्रीनफील्ड हाईवे के जेवां टोल प्लाजा के समीप सुबह तेज गति से आ रही बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें ग्राम मैकूपुरवा निवासी अमन पुत्र विजय शंकर, फतेहपुर जसोदा के मजरा भुरजानी निवासी अंकुल पुत्र सतीश चंद्र, ग्राम खजुरिया नगला निवासी सत्यवती घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने मौके से घायलों को कन्नौज के जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

### 'घायल को पहले अस्पताल पहुंचाएं, बाद में वीडियो बनाएं'

**छिबरामऊ।** नगर में टीएसआई अरशद अली ने आमजन को यातायात नियमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वयं यातायात नियमों को जाने और दूसरों को भी समझाने का प्रयास करें। रविवार को उन्होंने छिबरामऊ नगर के पूर्वी बाईपास,फर्रुखाबाद चौराहा एवं तालग्राम चौराहे के आस पास लोगों से कहा कि अक्सर जब एक्सीडेंट हो जाता है तो लोग पहले वीडियो बनाते है फिर उसकी मदद करते है। ऐसा कदापि न करें। घायल को घटना से एक घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को नेक व्यक्ति की संज्ञा दी जाएगी और सरकार की तरफ से 25000 रुपये इनाम और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### बाइक की टक्कर से मां बेटा व भांजा घायल

**गुरसहायगंज।** ग्राम बिबिया जलालपुर निवासी सुमित (20) पुत्र रामनरेश ने बताया कि वह रविवार की सुबह 11 बजे अपनी मां सरोजनी देवी (50) व भांजा नितिन (10) के साथ बाइक से बिल्हौर जा रहा था। तभी ग्राम रामाश्रम में सामने आ रही बाइक के चालक उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम मझपुर्वा निवासी नसरीन बेगम पत्नी अनवार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 19 सितंबर की सुबह लगभग 11 बजे गांव के कदीर, मुहीद, अफरोज बच्चों के विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर घर में घुस आए और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाजार से घर जाते समय दबंगों ने पीटा

**सौरिख।** बाजार करने के बाद घर वापस जाते समय दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। जनपद इटावा के थाना भरथना के गांव उमरसेड़ा निवासी रमन कश्यप ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया 6 दिन पूर्व मौसी स्व. निर्मला निवासी कस्बा थाना सौरिख के यहां आया था। 20 सितंबर को कस्बा से बाजार करने के बाद वापस मौसी के घर जा रहा था। तभी शादाब अली, इंतजार अली पुत्रगण अली हसन उर्फ टार्जन, फतेह खान पुत्र अज्ञात समस्त निवासी नगरिया महादेव उसे गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो लाठी डंडों ब धारदार हथियार से मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बचाने आए मौसी के लड़के रवि ब पड़ोसी ऋषभ को से भी मारपीट करने लगे। लोगों ने ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा का आयोजन

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** रविवार को नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी बुंदेलखंड कानपुर क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मौजूद मरीजों से वार्ता कर के सरकार की योजनाओं को बताया और प्रदेश और देश हित में काम करने का आह्वान किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अजीत कुमार से जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट अजय कुमार ने बताया कि आरोग्य मेला के अंतर्गत रविवार को कुल 62 मरीजों का परीक्षण किया गया। इस मौके पर सभासद शिव गुप्ता, सुखदेव, स्वास्थ्य कर्मी खुशबू, अभिलाष आदि मौजूद रहे।


फीता काटकर कैंप का शुभारंभ करते भाजपा नेता देवेन्द्र देव। अमृत विचार

# विवाहिता की मौत, मारकर लटकाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **मायके पक्ष ने लगाया आरोप, पति सास, जेठ-जेठानी पर रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के सतौरा गांव में एक नव विवाहिता का शव मकान के कमरे में फंदे से लटकता मिला। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मामले में पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी मोहम्मद रफी ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी आसफा की शादी बीते वर्ष दिसंबर में तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव सतौरा निवासी शहनवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष बाइक व दो लाख रुपये की मांग को लेकर बेटी पर दबाव बना रहा था। इसके लिए ससुरालीजन उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। शनिवार रात पुत्री की ससुरालीजनों ने हत्या कर शव को दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका दिया। रविवार सुबह सूचना मिलने पर वह लोग पहुंचे तो ससुराली पक्ष के लोग फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पिता की तहरीर पर तिर्वा कोतवाली पुलिस ने पति शहनबाज, ससुर कयामुद्दीन, जेठ सानू व जेठानी किस्मतून के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।


आसफा।

### बीमार गर्भवती की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

- **हालत खराब होने से निजी अस्पताल ने भर्ती करने से किया था इंकार**
- **मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप**

**कन्नौज।** लंबे समय से लंग्स के इंफेक्शन का इलाज का रही महिला की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मायके पक्ष ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतका का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घर में हालत बिगडने पर पति व परिजन निजी अस्पताल ले गये जहां भर्ती करने से मना कर दिया। इस पर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां जांच के दौरान मौत हो गई। सदर कोतवाली के मोहल्ला कृष्णा नगर सरायमीरा निवासी पुनीत कुमार की पत्नी पिंकी (25) करीव 07 माह की गर्भवती थी। कुछ दिनों से लंग्स (फेफड़ों) में इंफेक्शन होने पर पाल चौराहा स्थित नर्सिंगहोम से इलाज चल रहा था। रविवार को दोहपहर बाद पिंकी की हालत खराब हुई तो परिजन उसे लेकर संबंधित नर्सिंगहोम पहुंचे जहां जांच करने के बाद पैरामेडिकल स्टाफ ने जिला अस्पताल में दिखाने को कहा। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये जहां महिला चिकित्सालय में जांच के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले गये। जानकारी पर पिंकी के मायके पक्ष के लोग पहुंचे जहां उन्होंने ससुरालियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। मायके पक्ष के कहने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की है।

**आस्था** | कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6 .27 बजे से 8 .16 बजे तक

# आज से नवरात्र, दिन भर बाजारों में खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **सन्मार्ग पंडाल समेत जिले भर में विराजेंगी माता दुर्गा**

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र का शुभारंभ इस बार 22 सितंबर सोमवार से हो रहा है। इसको लेकर एक दिन पहले बाजारों में खासी खरीदारी हुई। जहां लोगों ने माता की मूर्तियां खरीदीं वहीं पूजन सामग्री की भी जमकर बिक्री हुई। इसको लेकर बाजार भी सजकर पूरी तरह से तैयार हो गया।

शारदीय नवरात्र इस बार पूरे 10 दिनों की होने से श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। नौ दिन चलने वाले महापर्व को लेकर बाजार में मैया की प्रतिमाओं, चुनरी, माला, वस्त्र, नारियल, हवन सामग्री, नवगृह दाल, पान सुपारी समेत समस्त पूजन सामग्री की तमाम दुकानें सज गई हैं। रविवार का दिन होने से ज्यादातर लोगों ने एक दिन पहले ही पूजन व व्रत सामग्री खरीदने में रुचि दिखाई।

पुरोहितों के अनुसार इस बार कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6.27 बजे से 8.16 बजे तक है। इस अवधि में कलश स्थापना के बाद विधिवत पूजन व पाठ का दौर चलेगा।

बता दें कि शहर की सबसे बड़ी संस्था सन्मार्ग की तरफ से भी तैयारी पूरी कर ली गई है। एसबीएस इंटर कालेज के मैदान में पंडाल सजकर तैयार हो गया है। यहां आज से पूरे नौ दिन तक मैया की पूजा अर्चना के अलावा बच्चों की प्रतियोगिताएं, रंगारंग कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा पंचमुखी दुग्धेश्वर रामलीला समिति की रामलीला भी आज से शुरू हो जाएगी।


मकरंदनगर तिराहे पर सजी दुकान में पूजन सामग्री खरीदतीं युवतियां। अमृत विचार

# जुलूस निकालने पर तीन नामजद व अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** शहर में बिना अनुमति धार्मिक जुलूस निकालने के मामले में 3 नामजद और कई अज्ञातों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

चौकी तलैया के इंचार्ज एसआई राकेश कुमार ने बिना अनुमति के जुलूस निकालने के मामले में सदर कोतवाली के मोहल्ला हाजीगंज निवासी मोनू खान पुत्र मामून खान, ईदगाह कालोनी हाजीगंज निवासी इमरान पुत्र नफीस अहमद, सफदर गंज निवासी वारिस पुत्र लालू व चार अज्ञात को आरोपी बनाया है। इस में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**पंकज ऑटो मोबाइल्स**
हमारे यहाँ Ace, Magic Maximo, Bolero, Scorpio, Pick-up, Tata Megha, Super Ace का स्पेयर पार्ट मिलते है। Maruti, Hyundai, Honda, Renault, Skoda, Nissan, Toyota, Ford, Chevrolet इन सभी कम्पनियों की गाड़ी का Suspention & Disc Pad & Break Rotor एवं स्पेयर पार्ट मिलते है।
15-C, 2nd Floor, Gulati Motor Market Gadarian Purwa, Kanpur
Whatsapp No. 8874837218

New **DASTAK** Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066

Vikash Pathak

## न्यूज ब्रीफ

### अर्जित बने सपा के अटसू नगर अध्यक्ष

**अजीतमल,औरैया।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन पर जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम के द्वारा लखनऊ पार्टी कार्यालय पर अर्जित कुशवाहा को अटसू नगर अध्यक्ष घोषित किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार गौतम, लोहिया वाहिनी औरैया के जिलाध्यक्ष ध्रुव यादव, छात्र सभा औरैया के जिलाध्यक्ष प्रशांत दिवाकर, बाबरपुर के नगर अध्यक्ष राहुल तिवारी रहे।

### डिलीवरी के 15 दिन बाद महिला की मौत

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के खिरिया वीरपुर गांव की 25 वर्षीय सुमन देवी पत्नी धर्वेंद्र उर्फ गोपी चंद्र की रविवार सुबह अचानक मौत हो गई। सुमन की 6 सितंबर को डिलीवरी हुई थी। डिलीवरी के बाद से वह अस्वस्थ चल रही थी। रविवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अछल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां तैनात डॉक्टर गौरव ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### महावीर सेना के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बिधूना।** महावीर सेना के जिला अध्यक्ष कु. योगेंद्र प्रताप सिंह सेंगर ने गृह मंत्रालय में भारत सरकार के प्रमुख सचिव डॉ. देवेश चंद्र चतुर्वेदी से शिष्टाचार भेंट कर 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। दिए ज्ञापन में अजीतमल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भूरेपुर कला में शहीद स्मृति द्वार बनवाने की मांग की है। साथ ही 7 फरवरी को औरैया में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शहीद दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिए गए आमंत्रण पत्र पर प्रमुख सचिव ने आने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष ने अछल्दा क्षेत्र के ग्राम भाईपुर में डामरीकरण व प्राथमिक विद्यालय को सुरक्षित रखने एवं नया जूनियर हाई स्कूल बनवाने की मांग की। जबकि बिधूना के ग्राम पुरवा विष्णु में राजकीय नलकूप लगवाने की मांग की। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में 25 इंडिया मार्क हैंडपंप लगवाने की मांग की है। प्रमुख सचिव से वार्ता के बाद कु.योगेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी से भेंट वार्ता की। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक एनटीपीसी दिबियापुर एवं मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से आवश्यक वार्ता कर प्रमुख सचिव के सम्मान में कार्य योजना बनाने को कहा है।

# नवरात्र आज से, मंदिर और पंडाल सजकर तैयार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत आज से होगी। इसे लेकर रविवार को दुर्गा पंडालों, मंदिरों में दिनभर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मंदिरों में साफ-सफाई के साथ सजावट की गई। सोमवार सुबह शुभमुहूर्त में पंडालों में मूर्ति, घरों और मंदिरों में घट स्थापना की जाएगी।

**बिधूना संवाददाता** के अनुसार कस्बा के सुप्रसिद्ध दुर्गा मंदिर पर साज सज्जा की गई। वहीं नगर में जगह जगह देवी पंडालों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां पूरी की गईं। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस क्षेत्र में शोभायात्राएं और घट स्थापन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रूरूगंज में पिछले 13 वर्षों से पंडाल लगाकर मां भगवती की स्थापना की जाती है। नव दुर्गा पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. सुनील राजपूत ने बताया कि प्रथम दिवस कस्बा में शोभायात्रा निकाल कर मां दुर्गा की स्थापना की जाएगी।

प्रति दिन दोनों समय आरती होगी, पंडाल में भजन कीर्तन होंगे और आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जाएगा। नवमी के दिन भंडारा और दशहरा को श्रद्धा भाव से मां शेरावाली का विसर्जन किया जाएगा।

कस्बा में भगत सिंह चौराहे पर भी पंडाल सजाया जा रहा है। उधर नदी तिराहे और चंदरपुर रोड पर लगने वाले पंडालों की तैयारियां भी आखिरी चरण में है। आयोजन कर्ता राजू सिंह और मान सिंह, आसू सेंगर, जोधा सिंह व आशिकी सेंगर ने बताया है कि कार्यक्रम की तैयारियां विधिवत पूरी की जा रही है। क्षेत्राधिकारी बिधूना पी पुनीत मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान के साथ मंदिर पर पहुंच कर नवरात्र की तैयारी का जायजा लिया और पुजारी से बात की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी व्यवस्थाएं ठीक हैं और पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके।


नवरात्र को लेकर सजाया जाता पंडाल। अमृत विचार


निरीक्षण करते सीओ पी पुनीत मिश्रा। अमृत विचार

# बेटों ने मां को तसला और बेलचे से पीटा

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर में दो बेटों ने मिलकर अपनी मां की तसला और बेलचा से पिटाई करदी। इस पर महिला थाने जा रही थी तभी कस्बा के नहर बाजार में सड़क के किनारे गिर पड़ी। उसने स्थानीय लोगों को सूचना दी।

पुलिस ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस जांच में जुटी है। रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव लालपुर निवासी लज्जाराम की पत्नी इन्द्रबती को उनके बेटों दीपक और ब्रजेश ने तसला और बेलचे से पीट दिया। मां की बेहरहमी से हुई पिटाई से गंभीर रूप से घायल इन्द्रबती थाने जाने के लिए निकलीं। नहर बाजार तिराहे पर पहुंचते ही वह सड़क किनारे गिर गईं। कुछ समय तक वह वहीं पड़ी रही। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। कस्बा प्रभारी हेमलता यादव मौके पर पहुंचीं। उन्होंने एक ई-रिक्शा रोका और घायल महिला को अछल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


घायल को अस्पताल ले जाते परिजन।

## थाना क्षेत्र के आशा गांव में पसरा मातम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# खेलते समय कुएं में गिरे दो मासूम, एक की मौत

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के आशा में खेलते समय दो बच्चे कुएं में गिर गए। परिजन आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया। दूसरे का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामला शनिवार शाम का है।


रमन।

हादसा उस समय हुआ जब धर्मेंद्र का 8 वर्षीय पुत्र रमन घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान एक सांड़ उसके पीछे पड़ गया। बचने के लिए भागते समय रमन का संतुलन बिगड़ा और वह पुराने कुएं में गिर गया। उसके साथ खेल रहा 7 वर्षीय नवयुक्त भी कुएं में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और रस्सी सहित अन्य साधनों की मदद से दोनों बच्चों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक रमन की मौत हो चुकी थी। नवयुक्त को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया। सूचना पाकर अछल्दा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। रमन के परिवार में माता-पिता के अलावा दो भाई हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। गांव वालों में खुले कुएं को लेकर सारा दिन चर्चा चलती रही।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### जेसीबी ने युवक को कुचला, मौत

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के औरैया फफूंद मार्ग पर अवैध खनन में लगी एक जेसीबी ने एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आक्रोश जताते हुए शव रखकर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस ने जाम खुलवाया। गांव बम्होरी का पुरवा निवासी 22 वर्षीय बाबू उर्फ अभिजीत पुत्र विशंभर निषाद नोएडा में रहकर मजदूरी करता था। एक माह पहले ही वो घर आया था शनिवार की रात साढ़े सात बजे वह गांव से बाइक द्वारा देवरपुर आ रहा था। देवरपुर गांव से पहले शराब ठेका के पास नदी के लिए चकरोड से तेज गति से एक जेसीबी निकली और उसने बाइक सवार अभिजीत को कुचल दिया। अभिजीत की मौके पर ही मौत हो गई। जेसीबी चालक घटना के बाद खनन कर रही जगह पर जेसीबी छोड़कर भाग गया। राहगीरों के देखने पर उन्होंने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सड़क पर हंगामा करके जाम लगा दिया और जेसीबी को जब्त कर अवैध खनन कर रहे आरोपियों को पकड़ने की मांग की। जाम की सूचना पर कई थानों की फोर्स पहुंची जेसीबी जब्त कर कार्रवाई का आश्वसान दिया इसके बाद जाम खुला।

# घायल लाइनमैन की इलाज के दौरान थम गईं सांसें, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में केशमपुर असेनी विद्युत लाइन पर चल रहे काम के दौरान एक लाइनमैन दूसरे सब स्टेशन गई लाइन के खंभे पर चढ़ गया। जिससे उसके करंट लगने से वह घायल हो गया था। वहां मौजूद विद्युत विभाग के कर्मी उसे इलाज के लिए कानपुर ले गए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

सुबह घर वाले शव लेकर गांव आये और बिजली घर पर शव रख कर मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। लगभग चार घंटे बाद सदर विधायक के लिखित आश्वासन के बाद लोग माने। गांव पसईपुर केशमपुर निवासी 40 वर्षीय अरविंद पाल केशमपुर सब स्टेशन पर 15 वर्ष से लाइनमैन है। शनिवार को 33 केवी पर इंसुलेटर और जंपर बदलने का कार्य खानपुर के पास हो रहा था। तभी, अरविंद गलती से केशमपुर की बजाय पास से निकली 33 केवी की अटसू जाने वाली लाइन के खंभे पर चढ़ने लगा जिससे करंट की चपेट में आ गया और घायल होकर नीचे गिर पड़ा।


पावर हाउस में शव रख कर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

- शव पावर हाउस में रख कर विद्युत आपूर्ति कराई बंद
- सदर विधायक के लिखित आश्वासन के बाद परिजन माने

पास में काम कर रहे जे ई तौफीक आलम और लाइनमैन दौड़कर वहां पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। जहां से उसे गंभीर अवस्था को देखते हुये लाला लाजपत राय हॉस्पिटल कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सुबह दो बजे उसकी मृत्यु हो गई। परिजन शव को लेकर गांव आये जहां से केशमपुर पॉवर हाउस के अंदर शव रख कर मुआवजे की मांग करने लगे। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये और बिजली सप्लाई को भी बन्द करवा दिया। सूचना पर थाना पुलिस व अन्य थानों की पुलिस एसडीएम सदर व सीओ सिटी भी आगये। उन्होंने समझाने का प्रयास किया लेकिन स्वजन नही माने। सदर विधायक गुडिया कठेरिया आ गईं, उन्होंने परिजनों से बात करने के वाद लिखीत में किसान बीमा, बिजली विभाग से मुआवजा एवं घर के एक सदस्य को नौकरी की बात कर लोग मान गये। तब जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जासका। इस बीच लगभग पांच घण्टे से अधिक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इस बीच विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी पॉवर हाउस में नहीं आया।

# रक्तदान शिविर लगा

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** स्नेह सलिला माताजी की 99वीं जयंती पर रविवार 21 सितम्बर को अछल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक जितेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर और माताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार और युवा मंडल अछल्दा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रक्तदान में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संयोजक मंडल ने बताया कि शिविर में योग्य चिकित्सकों की देखरेख में पूरी तरह सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। साथ ही रक्तदान के महत्व और इसके मानव जीवन में योगदान पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर गायत्री परिवार और युवा मंडल के कार्यकर्ता लायक सिंह, रविन्द्र पोरवाल, मुकेश सोनी समेत कई अन्य का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सेवा और समर्पण की भावना का विकास होता है तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# संगोष्ठी में स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लॉक भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठीपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता के बारे में विस्तृत रूप से मौजूद लोगों को बताया गया कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है।

जाने अनजाने में हजारों रुपए प्रतिवर्ष गंदगी से होने वाली बीमारियों पर हम लोग खर्च करते हैं। वही, रुपए अपने परिवार बच्चों भविष्य बनाने के काम में भी आ सकते थे। इसलिए हम लोगों को अपने व्यक्तिगत का जीवन में स्वच्छता लानी चाहिए इसके लिए प्रतिदिन स्नान करें साफ- कपड़े पहने शौचालय का प्रयोग करें सोच जाने के बाद साबुन से हाथ धुले भोजन करने से पहले साबुन से हाथ धोने कूड़े कचरे को नियत स्थान पर डालें, इससे हम लोगों के जीवन में बहुत ही सुधार होगा। बच्चों के द्वारा स्वच्छता भाषण भी प्रस्तुत किए गए। स्वच्छता के बारे में शानदार एक स्वास्थ्य अधिकारी ने महिलाओं को अधिक स्वच्छ रहने पर बल दिया। संगोष्ठी को ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव, सहायक अध्यापक शिव प्रसाद वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल द्वारा संबोधित किया गया।



संगोष्ठी के दौरान जानकारी देते अतिथि। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



वार्ता के दौरान जानकारी देते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# विजयादशमी पर क्षत्रिय समाज बुजुर्गों को करेगा सम्मानित

बैठक

- विजयादशमी पर होगा समाज का सम्मान समारोह, मेधावियों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षत्रिय महासभा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाएगा। इस मौके पर विजयादशमी मिलन समारोह का आयोजन महाराणा प्रताप भवन में होगा। जिसको सफल बनाने के लिए क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं।

रविवार को महाराणा प्रताप भवन में इस संबंध में क्षत्रिय महासभा की पत्रकार वार्ता आयोजित की गई थी। जिसके बाद कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए महासभा के संरक्षक कुंवर रवींद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विजया दशमी मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह मौजूद रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिजीत सिंह सांगा विधायक बिठूर और कुंवर गौरव सिंह भदोरिया सहित कुंवर रघुनाथ सिंह कुशवाह होगे। श्री कुशवाह ने आगे बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा महासभा की ओर से संचालित स्व. जियाजी स्मृति बालिका विवाह योजना के तहत गरीब कन्याओं के विवाह के लिए अनुदान दिया जाएगा, साथ ही स्वर्गीय राघवेंद्र सिंह स्मृति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को शिक्षा जारी रखने के 10-10 हजार रुपये चैक प्रदान की जाएगी। इसके बाद विशाल कार्यक्रम संपन्न होगा।

अध्यक्ष कुंवर रामकृपाल सिंह सेंगर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के अलावा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा एवं क्षत्रिय चेतना स्मारिका पत्रिका का विमोचन भी मुख्य अतिथि के द्वारा किया जाएगा। इस मौके मौके पर राजेश सिंह कुशवाह, महामंत्री मुकेश सिंह सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनकर प्रताप सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रविभान सिंह राजावत, शिवपाल सिंह जादौन, विजय सिंह तोमर, राजेश सिंह सेंगर, राजवर्धन सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

तैयारी

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौलवियों, धर्मगुरुओं और आयोजकों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# दुर्गा पंडालों में दो गेट बनाएं, कोई नई परम्परा शुरू नहीं करें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी त्योहार नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सम्भ्रांत व्यक्तियों, मौलवियों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में संभ्रांत व्यक्तियों, मौलवियों एवं धर्मगुरुओं आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर बात रखी। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन पूर्ण रूप से चौकस रहेगा।

उन्होंने जनपद वासियों से नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कहा कि सभी लोगों को एक दूसरे के त्योहारों का सम्मान करते हुए मिलजुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने त्योहार को परम्परागत ढंग से ही मनाएं कोई नयी परम्परा की शुरुआत न करें। कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे। बैठक में जो सुझाव दिए गए हैं उन पर गम्भीरता पूर्वक अमल करते हुए दुरुस्त कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के लिए लगने वाले बड़े पंडालों में दो गेट बनाए जाएं, जिसमें किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिरों व मूर्ति विसर्जन वाले रूट पर सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। उन्होंने अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपनी आग बुझाने वाली गाड़ियों को दुरुस्त रखें और किसी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि रावण दहन परंपरागत तरीके से किया जाए। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका और नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को मंदिरों एवं रामलीला मैदान में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मूर्ति विसर्जन के लिए गड्ढा खुदवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में समयानुसार विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि त्योहारों की दृष्टिगत चिकित्सालय में दवाएं, एंबुलेंस, डॉक्टरों आदि की उपस्थित सहित आवश्यक व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को पटाखों की दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आयोजकों को अपने-अपने वालंटियर बनाने के भी निर्देश दिए।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### मूर्ति की ऊंचाई ज्यादा न रखें : एसपी

पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए यद्यपि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी फिर भी उन्होंने स्थानीय लोगों से इस व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति की ऊंचाई ज्यादा न रखें, डीजे को तेज ध्वनि/वाईब्रेटर ध्वनि का उपयोग न किया जाए एवं शांति के साथ मूर्ति का विसर्जन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा, उप जिलाधिकारी अजीतमल निखिल राजपूत, उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया, उप जिलाधिकारी न्यायिक बिधूना अमित कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी न्यायिक अजीतमल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तेजवीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, अधिशासी अभियंता विद्युत आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वैन पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल

**कुरारा।** क्षेत्र के पारा गांव की रामरती (45) पत्नी लल्ली रविवार की सुबह 11 बजे वैन से कस्बे बाजार करने आ रही थी, तभी पारा गेट के पास वैन पलट गई, जिससे रामरती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही डिमुहा गांव के पास 15 वर्षीय साक्षी पुत्री देवी प्रसाद बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### मोटर फुंकने से 3 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 4 में नलकूप की मोटर फुंकने से तीन दिन से जलापूर्ति ठप है। दंगल मैदान में लगे पंप से करीब पांच हजार की आबादी को जलापूर्ति होती है। तीन दिन से लोग एक-एक बाल्टी पानी को परेशान हैं। वार्ड के रामप्रकाश, अंकित, रविपाल सिंह, गुड्डू खान, शाकिरा खान, भूरा, लल्लू, महेश कुमार आदि ने बताया कि दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि नलकूप की मरम्मत कराई जा रही है। सोमवार सुबह से समयानुसार जलापूर्ति होगी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**मौदहा।** राठ तिराहे के पास पीछे से ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार हरिकिशन गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। भाई जय किशन ने बताया कि भाई हरिकिशन दोपहर में घर से कस्बे की ओर आ रहा था। सीएससी अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### महिलाओं की जांची गई आंख की रोशनी

**पौथिया।** रविवार को यौगिक राधा स्वामी आश्रम में सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के डॉक्टरों ने नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया, जिसमें 109 महिलाओं के नेत्र परीक्षण किए गए। 57 महिलाओं को निशुल्क चश्मे दिए गए। कुछ लोगों को दवा एवं शेष लोगों को मोतियाबिंद संबंधी जानकारी देते हुए दो सप्ताह बाद ऑपरेशन कराने के सुझाव दिए गए। इस मौके पर डॉ.आयुष मिश्रा, गौरव तिवारी, पूर्व प्रधान आनन्द अशोक सचान, सेवानिवृत शिक्षक लोकतंत्र सेनानी शिवचरण खंगार, मैयादीन चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

### नलकूप का स्टार्टर खराब, पानी का संकट

**मौदहा।** सिसोलर में जल निगम के नलकूप का स्टार्टर खराब होने से पेयजल की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी में कोई न कोई समस्या बनी रहती है। कभी मोटर फुंक जाती है तो कभी स्टार्टर खराब हो जाता है। ऐसे में हफ्तों तक पेयजल आपूर्ति का संकट छाया रहता है। अधिकारी फोन भी नहीं उठाते हैं। नलकूप का स्टार्टर एक पखवाड़े से खराब है। दर्जनों बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन आज तक निदान नहीं हुआ है, जिससे एक तिहाई आबादी पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रही है।

### युवक पर मारपीट करने का आरोप

**बिवांर।** क्षेत्र के करगांव गांव निवासी रवींद्र कुमार श्रीवास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रात में निमंत्रण पर गांव के रामलखन धुरिया के घर गया था। वहां शराब के नशे में उसका पुत्र अनुज अभद्रता करने लगा और मारपीट शुरू कर दी। धक्का मारकर जमीन में गिरा दिया और थप्पड़-घूंसे बरसाए। ग्रामीणों ने बीचबचाव किया, जिस पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने घायल को छानी सीएचसी में डाक्टरी परीक्षण व उपचार कराया है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की जा रही है।

### कैबिनेट मंत्री का कस्बे में किया गया स्वागत

**सुमेरपुर।** महोबा जाते समय प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का व्यापारियों ने बस स्टैंड में फूलमाला पहनकर स्वागत किया। रविवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के महोबा जाते समय बस स्टैंड में कस्बे के व्यापारी प्रत्यूष साहू, विक्की मिश्रा, भोलू, अंकुर नामदेव, राहुल सिंह, जावेद खान, मुकेश साहू, अंकित गुप्ता, सचिन गुप्ता, अर्पित निगम, भोलू सिंह, विकास सिंह, प्रदीप सचान आदि ने माला पहनकर भव्य स्वागत किया।

# महिला को घर में बंधक बनाकर मार डाला

## जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव में हत्या के बाद फैली सनसनी, घर में अकेली थी महिला, पति अमावस्या पर गया था चित्रकूट

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- गांव के सामुदायिक शौचालय में केयर टेकर थी शिलारानी
- महिला के बंधे थे हाथ, गला घोंट कर हत्या करने का अनुमान

**अमृत विचार:** जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव के शौचालय की केयरटेकर अधेड़ महिला की निर्मम हत्या कर दी गई, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। घर में अकेली महिला को कुछ लोगों ने बंधक बनाकर गला घोंट दिया और घर का दरवाजा बंद कर भाग गए। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पहुंचकर तहकीकात की। सीओ के साथ पुलिस ने घटना की जांच में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए हैं।

बौखर गांव निवासी नंदराम की पत्नी शिलारानी उर्फ ललिता (55) गांव के ही शौचालय में केयरटेकर के रूप में कार्यरत थी। ललिता का पति नंदराम शनिवार की शाम पितृ अमावस्या पर चित्रकूट कामतानाथ के दर्शन करने गया था। घर में शिलारानी अकेली थी। बच्चे बाहर रहते हैं। रात में कुछ लोग उसके घर में घुसे और उसके हाथ बांधकर बेरहमी से हत्या कर दी और दरवाजा बंद कर भाग गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर घर के बाहर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय और जरिया थानाध्यक्ष मयंक चन्देल सुबह गांव पहुंचे और मामले की प्रारंभिक जांच-पड़ताल की। महिला को बंधक बनाकर हत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा भी गांव पहुंचीं और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर प्रारंभिक तहकीकात की। जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि महिला के हाथ बंधे हुए थे। अनुमान है कि हत्यारे घर के पीछे से घुसे होंगे। गला घोंटकर हत्या की गई है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार है।


शिलारानी उर्फ ललिता।

> गला घोंटकर हत्या किए जाने का अनुमान है। घटना की बारीकी से जांच-पड़ताल की जा रही है। खुलासे के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।
> -डॉ.दीक्षा शर्मा, पुलिस अधीक्षक


घटनास्थल का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार


हत्या की खबर फैलने पर घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़।। अमृत विचार

### एक बेटी रेलवे में, दूसरी बेटी पुलिस में भर्ती

- शिलारानी उर्फ ललिता के देवर बालचरन ने बताया कि भाभी का एक बेटा दीपेंश है, जो प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उनकी पांच बेटियां हैं, जिसमें सरिता, श्रीकांति व रूबी की शादी हो चुकी है। चौथी बेटी पूजा रेलवे में है और सबसे छोटी बेटी दीपशिखा पुलिस की ट्रेनिंग कर रही है। इस घटना से गांव और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

### कांग्रेस ने महिला सुरक्षा पर उठाया सवाल

- **हमीरपुर।** सोशल मीडिया एक्स पर यूपी कांग्रेस ने महिला की हत्या के मामले में ट्वीट कर कहा है कि प्रदेश में जंगलराज कायम है। प्रदेश सरकार का महिला सुरक्षा का हर दावा फेल नजर आ रहा है। महिला सुरक्षा पर भाजपा सरकार खरी नहीं उतर रही है, फिर भी सरकार नए नए दावे कर रही है। क्योंकि शर्म और लाज से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है।

## शराब पिला युवक को घोंप दिया चाकू

**राठ।** कस्बे में उरई रोड स्थित नहर के पास दो लोगों ने एक युवक को शराब पिलाकर बेरहमी से पिटाई की और फिर गर्दन में चाकू मार कर दिया। युवक के बेहोश होने पर मरा समझ कर भाग गए। होश आने के बाद युवक ने पुलिस को तहरीर दी।

कस्बे के नई बस्ती पठानपुरा निवासी निर्दोष अनुरागी ने बताया कि शनिवार रात 9 बजे पठानपुरा के पीयूष ने उसे ढाबे पर बुलाया। उसके साथ उमरिया के रज्जू और कुल्हैंडा का सुनील मौजूद था। पीयूष उसे कार से उरई स्टैंड ले गया, जहां उसे शराब पिलाई। इसके बाद उसे वापस ढाबे पर छोड़ दिया। ढाबे से सुनील, रज्जू उसे बाइक पर नहर के पास एकांत में ले गए, जहां दोनों ने बेरहमी से उसे बेल्टों से पीटा और चाकू से गर्दन पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। दोनों उसे मरा समझकर भाग गए। जेब से दो मोबाइल व 10 हजार रुपये भी निकाल ले गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घायल का मेडिकल कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# करहिया के यात्री प्रतीक्षालय के पास झाड़ी में मिला नर कंकाल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की
- पुलिस बोली, किसी जानवर के खींचकर लाने का अनुमान

**अमृत विचार:** रविवार की दोपहर झाडियों के निकट मानव खोपड़ी मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही की। पुलिस का कहना है कि मानव खोपड़ी काफी पुरानी लग रही है।

कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव में सड़क किनारे प्रतीक्षालय और मरघट के बीच एक मानव खोपड़ी मिलने से हड़कंप मच गया। प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। खोपड़ी मोक्षधाम में किसी दफनाए गए मुर्दे की होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो काफी पुरानी प्रतीत हो रही है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया में जानकारी साझा करते हुए बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने सूचना दी थी कि करहिया में प्रतीक्षालय के पास सड़क किनारे एक मानव कंकाल (खोपड़ी) पड़ा है, जो प्रथम दृष्टया कई वर्ष पुराना प्रतीत हो रहा है। संभावना है कि इसे कोई जानवर कहीं से खींचकर लाया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच के दौरान पाया कि जिस स्थान पर कंकाल मिला है, उसके पास ही मरघट/ मोक्षधाम है, जहां शवों का दाह संस्कार एवं दफनाने का काम किया जाता है। पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।


खोपड़ी मिलने पर जांच करती मौदहा पुलिस। अमृत विचार

## नलकूप में करंट से युवक की गई जान

**राठ।** जरिया थाना क्षेत्र के अमूंद गांव में नलकूप पर करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अमूंद गांव निवासी रमाकांत (26) पुत्र महेश चंद्र रविवार की सुबह करीब 10 बजे अपने खेत में लगे नलकूप पर काम करने गए था। वहां संदिग्ध परिस्थितियों में करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब परिजन खेत पहुंचे और रमाकांत को पड़ा देखा तो होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि रमाकांत के पिता के पास करीब 32 बीघा जमीन है। जिस पर खेती कर परिवार का गुजर बसर होता है। रमाकांत की शादी 7 जून 2025 को दीपाली के साथ हुई थी। पति की मौत पर पत्नी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे मां मुरली और भाई राम सिंह समेत परिजनों को छोड़ गया है। थानाध्यक्ष जरिया ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# भीड़ ने ललकारा तो बाइक और औजार छोड़ भाग निकला चोर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- रात में ही सूचना दिए जाने के बाद भी सुबह पहुंची कोतवाली पुलिस

**अमृत विचार:** कस्बे में पुलिस निष्क्रियता से चोरी की घटनाएं थम नहीं है। बीती रात कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में चोरी की नियत से घूम रहे एक युवक को लोगों ने ललकारा। आवाज सुन चोर बाइक और चोरी करने वाले औजार छोड़ कर भाग खड़ा हुआ।

रविवार की रात करीब 1 बजे सिकंदरपुरा मोहल्ले के दाता कुटी के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा था। मोहल्ले के लोगों ने जब देखा तो घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने जब चोर को ललकारा तो चोरी भाग खड़ा हुआ। युवक बाइक लिए था और बाइक में एक बैग था, जिसमें ताले काटने वाला बड़ा कटर, प्लास आदि सामान था। मोहल्ले के लोगों ने रात में ही फोन किया, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। सुबह करीब 7 बजे कोतवाली पुलिस पहुंची और बाइक व सामान अपने साथ ले गई। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि रात में चोर चोरी की नीयत से घूमते हैं। जिन घरों के बाहर से ताले लगे होते हैं, ऐसे घरों में चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।


बाइक पर टंगे बैग में मिले औजार।

### मरीज की जेब से 15 हजार रुपये निकाले

- **राठ।** जरिया थाना क्षेत्र के टीला गांव के रहने वाले उमाशंकर पुत्र मंजू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रविवार की सुबह करीब 11 वह राठ कस्बे के कोट बाजार इलाके में धगवां वाले के मेडिकल स्टोर में दवा लेने के लिए गया हुआ था। वह जिस समय दवा खरीद रहा था, उसी समय वहां पर मौजूद एक जेबकतरे ने उसकी जेब से 15 हजार 300 रुपये निकाल लिया। उसने जब दवा के पैसे देने के लिए जेब में हाथ डाला तो रुपये गायब थे। उसने कोतवाली में तहरीर देकर जांच की गुहार लगाई है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# खेल और अभ्यास से पढ़ाने की विधि बताई

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- एनसीईआरटी आधारित नवीन संदर्शिका से अवगत कराया

**अमृत विचार:** बीआरसी मौदहा में बीईओ सुशील कुमार कमल के मार्गदर्शन में हुए एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों को एनसीईआरटी के नवीन शिक्षक संदर्शिका से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में संदर्भदाता एआरपी सुनील कुमार सोनी, एआरपी सुनील कुमार, एआरपी महेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता केआरपी, फूलचंद कुटार केआरपी, (प्रथम संस्था से चन्द्रशेखर के द्वारा कक्षा 4,5 की भाषा, गणित की संदर्शिका की कार्य योजना पर चर्चा की गई। पुष्पेन्द्र कुमार, आशीष शर्मा, नरेंद्र चौरसिया, सेवेंद्र सिंह सहायक लेखाकार बीआरसी मौदहा, हरिमोहन गुप्ता अध्यापक सिलौली तकनीकी सहयोग में शामिल रहे। प्रशिक्षण में बताया गया कि शिक्षक संदर्शिका शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में कार्य करती है। इसमें कक्षा 1 से 3 और 4 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं को सरल एवं रोचक गतिविधियों, खेलों और अभ्यासों के माध्यम से समझाने की विधियां शामिल हैं। बीईओ ने कहा कि शिक्षक संदर्शिका का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को योजना बनाने, कक्षा संचालन करने, बच्चों की सीखने की प्रगति का मूल्यांकन करने तथा बच्चों की रुचि के अनुसार शिक्षण-पद्धति अपनाने में सहयोग प्रदान करना है।

# 1020 मीट्रिक टन डीएपी, 404 मीट्रिक टन एनपीके खाद आई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार:** लखनऊ पीसीएफ के नोडल अधिकारी/कार्यकारी निदेशक विनोद कुमार पटेल की अध्यक्षता में सहकारी समितियों में सदस्यता महाअभियान 2025 को लेकर जिले की बी पैक्स हेलापुर सहकारी समिति में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिले के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक रमाकांत द्विवेदी, महोबा के सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहायक आयुक्त विनय तिवारी उपस्थित रहे। पीसीएफ प्रबंधक शरद ने बताया कि 2848 एमटी खाद की रैक आज शाम तक आ जाएगी। जिसमें 1020 मीट्रिक टन डीएपी हमीरपुर व 1020 मीट्रिक टन डीएपी महोबा को उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि 404 मीट्रिक टन एनपीके हमीरपुर व 404 मीट्रिक टन एनपीके महोबा को उपलब्ध कराई जा रही है। कहा अगले दो तीन दिनों में सभी समितियों में खाद पहुंच जाएगी। गोष्ठी में किसानों को सदस्यता लेने के लाभ के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। किसानों को विभिन्न जानकारियां देकर उनके सवालों का समाधान किया गया। किसानों से ज्यादा से ज्यादा सदस्यता लेने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर किसानों में भानु प्रताप, अनिल, प्रेम शंकर, अशोक कुमार, रविन्द्र कुमार सहित 42 सदस्य बने।


हेलापुर समिति में गोष्ठी करते कार्यकारी निदेशक विनोद कुमार पटेल। अमृत विचार

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राठ कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में सीओ ने दी हिदायत

**अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में आगामी पर्व नवरात्रि, विजयदशमी और दीपावली को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकार राजीव प्रताप सिंह के अलावा नवांगतुक कोतवाल अमित कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों का मौजूद रहे। बैठक सभी लोगों ने त्योहारों से संबंधित अपने-अपने सुझाव प्रशासनिक अधिकारियों को दिए।

बता दें कि नवरात्रि पर्व कल 22 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। तथा समूचे नगर क्षेत्र में करीब एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमाओं के साथ पंडाल लगाकर धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि किसी भी तरीके की नई परंपरा को शुरू न करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों को आपस में मिलजुल कर उत्साह और भाईचारे के साथ मनाएं। इस मौके पर उन्होंने अराजकतत्वों को भी कड़ा संदेश देते हुए कहा कि त्योहारों में किसी भी प्रकार की अराजकता करने वालों अथवा भ्रामक अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई जाएगी। इस मौके पर काशी प्रसाद गुप्ता, शिवशरण स्वर्णकार, प्रदीप गुप्ता, उमाशंकर, देवेन्द्र प्रधान, रविन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

सुरक्षा पर चर्चा | सुमेरपुर कस्बा सहित क्षेत्र के 120 स्थानों पर सजेंगे मां दुर्गा के पंडाल

# पूजा पंडालों में लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार:** कस्बा सहित थाना क्षेत्र में 120 स्थानों पर मां दुर्गा के नयनाभिराम पंडाल सजाए गए हैं। कस्बे में अकेले तीन दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा विराजमान होगी। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने होंगे। पंडाल के आसपास महिला अपराध रोकने पर समितियां से सीधे जवाब मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर समिति पर भी विधिक कार्यवाही की जाएगी।

यह हिदायत सीओ सदर राजेश कमल ने देवी प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियों के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान दी हैं। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक पंडाल में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम कराए जाएं। शक्ति मिशन के तहत किसी भी पंडाल के आसपास महिला अपराध नहीं होने चाहिए। अगर किसी तरह के अपराध की पुष्टि होती है तो समितियों के सदस्यों को भी जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। इसलिए सुरक्षा के लिहाज से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए जाएं।


सुमेरपुर में पीस कमेटी की बैठक करते सीओ सदर राजेश कमल। अमृत विचार

नवरात्रि के बाद सभी मूर्तियों का तालाब के अलावा भूमि विसर्जन ही होगा। जलधारा में नाव के माध्यम से कहीं भी विसर्जन नहीं किया जाएगा। साथ ही डीजे के ऊपर कोई भी व्यक्ति सवार नहीं होगा। पंडाल में विद्युत आपूर्ति में नंगे तार नहीं लगाए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने की।

ॅबैठक का संचालन एमएल अवस्थी ने किया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, अशोक यादव ने विचार रखते हुए साफ सफाई, विद्युत कटौती आदि के मुद्दे उठाए। बैठक में अनिल परनामी, रामजी मिश्रा, ज्ञानेश दीक्षित, आशीष गुप्ता, राधे शुक्ला आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भेजी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** विगत दिनों सूरजपुर एवं सुमेरपुर कस्बे के दौरे में आए कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल में बंदी कैदियों की मौत के बाद सांत्वना प्रदान करने के उपरांत उनके परिजनों को अपने प्रतिनिधि से आर्थिक मदद भेजी है। आश्वस्त किया है कि कांग्रेस उनके सुख-दुख में साथ खड़ी रहेगी।

बीते 18 सितंबर को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिले का दौरा करके सूरजपुर निवासी अनिल द्विवेदी एवं सुमेरपुर कस्बा निवासी डा.आलोक पालीवाल के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया था। अनिल द्विवेदी की जेल के अंदर मौत हुई थी। कस्बे में आने पर कस्बे के कपड़िया मुहाल निवासी हनीफ उर्फ गनी की पत्नी, बेटे, बहू ने भी प्रदेश अध्यक्ष से भेंट की थी और अवगत कराया था कि इलाज के अभाव में हनीफ की जेल में मौत हुई थी। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया था।

रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि मंडल कोऑर्डिनेटर देवेंद्र पांडेय ने पीड़ित परिवार से भेंट की और 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके साथ है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुनीत पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, जिला महासचिव महेश सिंह राणा, नगर अध्यक्ष मैयादीन अहिरवार, अजय पालीवाल, शेर खान, भगवान सिंह, वासुदेव, बृजभान सिंह आदि मौजूद रहे।


पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 22 सितंबर 2025 महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### बाढ़ और रोड सुरक्षा की दी गई जानकारी

**महोबा।** रविवार को आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ एवं डीडीएमए महोबा की टीम ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशानुसार राजकीय इंटर कॉलेज में सुरक्षा कार्यक्रम क्रियान्वित किया, जिसमें टीम के कमांडर सभाजीत यादव, प्रीति सिंह, आपदा विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, रोड सुरक्षा, लाइटनिंग, एवं सर्प दंश इत्यादि के बारे में स्कूल स्टाफ तथा बच्चों को अवगत कराया। आपदा से पूर्व की तैयारी तथा आपदा के दौरान व आपदा के बाद की जाने वाली कार्रवई से रूबरू कराया। आपदा के बाद मिलने वाले मिलने वाले मुआवजे के बारे मे जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ एवं बच्चों ने अपनी सहभागिता दिखाई।

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को जिले की समस्त कोतवाली क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम दौरान महिलाओं और बालिकाओं से पुलिस टीम ने वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया साथ ही उन्हें सुरक्षा के बावत सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबरों से रुबरू कराया। मिशन शक्ति टीम के सदस्यों ने सदर कोतवाली, थाना कबरई, खन्ना, चरखारी, खरेला व श्रीनगर क्षेत्र के सार्वजनिक व भीड़ भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को पम्पलेट वितरित किया। टीम ने महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं को सुना और उन्हें अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, गुड टच बैड टच, साइबर अपराध से बचाव एवं हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।

# जिले में आज आएगी 1020 मीट्रिक टन खाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कार्यकारी निदेशक ने सहकारी समितियों का किया निरीक्षण



कार्यक्रम में बोलते सहायक निबंधक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पीसीएफ के कार्यकारी निदेशक एवं चित्रकूट धाम मंडल के नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में रविवार को सहकारी समितियों के सदस्यता अभियान को लेकर कबरई की समिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारी संख्या में सहकारी समितियों के सदस्यों और किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों को समितियों से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया और समितियों का सदस्य बनने की अपील की गई। बताया गया कि पहले समिति के खाताधारकों और फिर सदस्यों को खाद का वितरण किया जाता है।

सहायक निबंधक सहकारिता विनय तिवारी ने कहा कि 22 सितम्बर को जिले में खाद आ रही है, जिससे किसानों को खाद का वितरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। किसान धैर्य बनाए रखे और समितियों से खाद प्राप्त करें। सरकार समय समय पर रैक भेजकर खाद की व्यवस्था कर रही है। किसान खाद के लिए परेशान न हो, सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। पीसीएफ गोदाम में खाद आने के बाद समितियों में भेजी जाएगी, जहां से किसानों को खाद का वितरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोबा में 1020 मीट्रिक टन खाद का किसानों को जल्द ही वितरण कराया जाएगा।

सहायक निबंधक सहकारिता हमीरपुर रमाकांत द्विवेदी ने कहा कि सदस्यता महाअभियान में सहकारी संस्थाओं और सहकारिता आंदोलन को मजबूत किए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने सहकार से समृद्धि सदस्यता महाअभियान के सफल संचालन के लिए चित्रकूट धाम मंडल बांदा का नोडल अधिकारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ को नियुक्त किया है। कार्यक्रम के बाद नोडल अधिकारी ने जिले की सहकारी समितियों का भ्रमण कर जायजा लिया। कार्यक्रम में पीसीएफ क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण यादव, हमीरपुर पीसीएफ प्रबंधक शरद कुमार के अलावा जिले के तमाम किसान उपस्थित रहे।

# जिले की बेटी सीमा पटनाहा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सीमा पटनाहा का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा पटनाहा को भारतीय तीरंदाजी संघ के इंटरनल कंपलेन कमेटी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद पहुंचने पर उनका जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। लोगों ने उनके आते ही फूलमाला और मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए इस कामयाबी की बधाई दी।

भारतीय तीरंदाजी संघ के इंटरनल कंपलेन कमेटी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद सीमा पटनाहा एक्सप्रेस-वे से जैसे ही जनपद में प्रवेश किया उनका स्वागत शुरू हो गया। ग्राम बसौठ के कान्हा गार्डन में पूर्व प्रधान कपिल तिवारी के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। कस्बा खरेला में रानू पाठक के नेतृत्व में कुसुम वाटिका में रानू पाठक, नीरज द्वद्विदी, शिवशंकर तिवारी, खुशी द्विवेदी, लीना द्विवेदी, आरके द्विवेदी, अवधेश, बाबी मिश्रा, श्याम सिंह सहित अनय लोगों ने भी स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के नेतृत्व में चल रही सरकार में उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं, किसानों की समस्याओं को केन्द्रीय स्तर तक पहुंचाने का काम किया तथा भाजपा संगठन ने ही उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा है। उन्होंने बताया कि इस संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कानून मंत्री किरन रिरिजू भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं और एक बड़ी चुनौती भरी जिम्मेदारी उनको सौंपी गयी है, जिसमें खरा उतरने का प्रयास किया जाए। इस मौके पर डॉ. रूपेन्द्र सिंह ने स्वागत करने वाले लोगों का आभार जताया।

# हाईवे चौड़ीकरण के लिए विद्यालय तोड़ा

## गुगौरा के बच्चों को 2 किमी दूर स्कूल से किया संबद्ध, अभिभावकों ने वैकल्पिक व्यवस्था की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा



गुगौरा में चौड़ीकरण के लिए तोड़ा गया विद्यालय भवन। अमृत विचार



नए विद्यालय के लिए ज्ञापन में अंगूठा लगातीं गांव की महिलाएं। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से नए विद्यालय भवन की मांग की
- पंचायत घर में बच्चों की कक्षाएं संचालित करने की उठी आवाज

> एनएचएआई ने 18 लाख रुपये दिए हैं। इस से आधुनिक सुविधाओं वाला नया भवन बनाया जाएगा। फिलहाल बच्चों की पढ़ाई जूनियर हाईस्कूल में कराई जा रही है।
> –राहुल मिश्रा, बीएसए

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ा किए जाने को लेकर प्राथमिक विद्यालय गुगौरा को एनएचएआई ने तुड़वा दिया, जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के बच्चों को गांव से दो किमी दूर जूनियर हाईस्कूल से संबद्ध किया गया है। विद्यालय तोड़े जाने और बच्चों को दूर भेजे जाने को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नई विद्यालय इमारत बनाए जाने की मांग की है।

कबरई विकास खंड की ग्राम पंचायत गुगौरा चौकी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राथमिक विद्यालय संचालित था, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते थे, लेकिन हाईवे चौड़ीकरण के चलते प्राथमिक विद्यालय को तोड़ दिया गया है। विद्यालय तोड़ दिए जाने से बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो गया और फिर विभाग ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को गांव से दो किमी दूरी पर बने जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में मर्ज कर पढ़ने के लिए भेज दिया गया।

विद्यालय की अधिक दूरी होने के चलते छोटे छोटे बच्चों को पैदल आना जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें तमाम असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कुछ बच्चे लंबी दूरी के चलते प्रतिदिन विद्यालय नहीं जा रहे, जिससे छात्र संख्याओं में कमी आ रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग उठाई है कि गांव में ही विद्यालय की नई इमारत बनाई जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि जब तक विद्यालय तैयार नहीं होता है, तब तक छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य के लिए पंचायत भवन में अस्थाई व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने ग्राम सभा की 2400 वर्गफीट भूमि पर नया भवन बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन जल्द कार्रवाई करे, जिससे बच्चों को नजदीक ही सुरक्षित और बेहतर शिक्षा मिल सके।

# इस बार रामलीला में अयोध्या के कलाकार करेंगे अभिनय

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शहर के पान मंडी मैदान पर 1875 में शुरू हुई थी रामलीला
- 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला, फिर शोभायात्रा

**अमृत विचार।** जिले में जहां एक ओर नवरात्रि को लेकर दुर्गा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं रामलीला के आयोजन को लेकर समितियों ने रूपरेखा तैयार कर ली है। इस साल रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला को खास बनाने के लिए अयोध्या के कलाकारों को बुलाया गया है।

1875 में पान मंडी स्थित मैदान में रामलीला का शुभारंभ हुआ था, जिसमें शिवचरण लाल तिवारी एवं भगवानदास तिवारी शुभ कार्य की उन्नति में तन, मन और धन से हमेशा तत्पर रहे। रामलीला मंचन के लिए मुंशी ईश्वरी प्रसाद की लिखित राम विजय तरंग नाटक को चुना गया था और यह नाटक 5 अंकों में विभाजित है। 1960 में रामलीला की परंपरा पंडित मुकुंद लाल तिवारी ने डाली थी। उनकी रचित आरती से लीला प्रारंभ होती है। 1961 से 2019 तक स्व. बाबूलाल तिवारी के दिशा निर्देशन पर रामलीला का मंचन होता था। श्री रामलीला न्यास के सचिव मनोज तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 22 एवं 23 सितंबर को रामालय सभागार में रामचरित मानस का पाठ होगा। 24 सितंबर को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा कराई जाएगी। 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या एवं रामलीला न्यास के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श मिथिलांचल रामलीला फाउंडेशन के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन होगा। 2 अक्टूबर तक रोज नई-नई लीलाओं का मंचन होने के बाद उसी दिन रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। 3 अक्टूबर को रामलीला मैदान से प्रभु की राजगद्दी की शोभा यात्रा नगर भ्रमण होगा।

# भक्त की पुकार पर बाधाएं दूर करते प्रभु

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सत्संग में मौजूद संत कबीर भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को कबीर आश्रम में संगीत मय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि जो ईश्वर को सच्चे मन से याद करता है वह ईश्वर के पास ही रहता है और ईश्वर उसकी सभी बाधाओं को दूर करता है। कहा कि सच्चे मन से ईश्वर को याद करने से कष्ट दूर हो सकते हैं। भक्ति से मन पवित्र होता है साथ ही कर्मों का बोझ कम होता है। ईश्वर पर विश्वास रखने से जीवन में आशा और शांति मिलती है। ईश्वर पर सच्चे मन से स्मरण करने वालों को दुखों से लड़ने की शक्ति मिलती और सांत्वना मिलती है।

डॉ. अनुरागी ने श्रीमद्भावत गीता के अध्याय 8 के श्लोक संख्या 8 अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना। परमं पुरुषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन् की व्याख्या करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अभ्यास और योग से युक्त एकाग्र चित्त होकर, अन्य किसी भी वस्तु का विचार न करके, लगातार परम दिव्य पुरुष का चिन्तन करता है, वह परम पुरुष को प्राप्त होता।

इसी प्रकार उन्होंने कबीर दोहा सुनाया कि अंतरयामी एक तुम आतम के आधार जो तुम छोड़ों साथ तो कौन उतारे पार। सत्संग में पंडित हरीशंकर नायक ने कहा कि ईश्वर की भक्ति करना साधारण नहीं है जैसा कि कबीर ने कहा कि कामी क्रोधी लालची इनसे भक्ति न होय, भक्ति करै कोई शरमा जाति वरन कुल खोय।

सत्संग में पंडित जगदीश रिछारिया ने अंखिया हरि दर्शन की प्यासी, देखियो चाहत कमल नैन को, निसदिन रहेत उदासी, आये उधो फिरी गए आँगन, दारी गए गर फँसी, केसर तिलक मोतीयन की माला, ब्रिन्दावन को वासी भजन प्रस्तुत किया। प्रवक्ता कामता प्रसाद ने कहा कि मनुष्य को छत द्वंभ द्वेष पाखंड झूठ और अन्याय से सदैव दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में संगम सिंह चंदेल, ऋषि शर्मा, राजाराम चौरसिया, नंदी अनुरागी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में समिति प्रमुख ने आए हुए लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

# सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार

**महोबा।** कुलपहाड़ सीओ की अध्यक्षता में कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें नवरात्र पर्व को सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई।

सीओ रविकांत गोंड ने प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों को स्वच्छता शालीनता और शांति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर लाउडस्पीकर तेज ध्वनि में न बजाएं। शराब सेवन, हुडदंग या अराजक गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। खुराफात करने या धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहर पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालो को बख्शा नहीं जाएगी, लोग अफवाह पर कोई ध्यान न दे और समस्या आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे। बैठक में दुर्गा पूजा, दशहरा, रामलीला एवं रावण दहन आदि के कार्यक्रम करने वाले आयोजक, गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# सरोवर-बांध लबालब, फिर भी शहरी प्यासे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दो दिन बाद रात में मदन सागर सरोवर से पानी की सप्लाई



टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस साल सरोवर और बांध पानी से उफना रहे हैं, इसके बाद भी शहर में पानी को लेकर हाय तौबा मची हुई है। मदन सागर सरोवर से दो दिन बाद पानी की आपूर्ति की जा रही है, जो नाकाफी साबित हो रही। वहीं उर्मिल बांध से बिछाई गई शहर के मोहल्ला मकनियापुरा, बड़ीहाट में दो इंची पाइप लाइन में सैकड़ों कनेक्शन हो जाने से लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग बारिश के मौसम में बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। मदन सागर सरोवर से रात में तीन बजे होने वाली पानी की सप्लाई के चलते लोग पानी के लिए पूरी रात जाग रहे हैं।

बारिश के मौसम में तालाबों और बाधों के लबालब होने के बाद भी लोग पानी के लिए परेशान हैं। अधिकारी सरोवरों में पानी ओवरफ्लो हो जाने पर नहरे खोलकर बहा रहे हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति करने के नाम पर हाथ सिकोड़ रहे हैं, जिससे जहां एक तरफ मदन सागर का लाखो लीटर पानी नहर के जरिए बहा दिया गया, वहीं दूसरी तरफ मदन सागर से की जाने वाली पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। आज भी लोग हैंडपंपों और कुओं से पानी भरकर प्यास बुझा रहे हैं। जबकि मदन सागर सरोवर लबालब भरा हुआ है।

शहरियों की प्यास बुझाने के लिए 2010 में महोबा पुर्नगठन योजना तैयार हो जाने के बाद पानी की आपूर्ति शुरू की गई थी, लेकिन बड़ीहाट, मकनियापुर सहित कई इलाकों में दो इंची पाइप लाइन डाल दिए जाने से इन लाइनों में भारी संख्या में कनेक्शन हो जाने के बाद पानी आगे नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालात यह है कि गर्मी तो छोड़िए बारिश के मौसम में भी लोग पानी की सप्लाई नियमित न होने से प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं।

### टैंकर आते ही पानी के लिए टूट पड़ते लोग

- शहर के ऊंचाई के इलाकों में पानी की आपूर्ति न हो पाने से बारिश के मौसम में भी टेंकर दौड़ रहे हैं। शहर के नयापुरा नैकाना, नैकानापुरा, ढपलानापुरा सहित तमाम ऊंचाई के इलाकों में आज भी पानी की समस्या बनी हुई है। यहां पर प्रतिदिन नगर पालिका टेंकरों से पानी की सप्लाई कर रही है। हालत यह है कि टैंकर आते ही लोग पानी के लिए हाथों में शटर लेकर टूट पड़ते हैं और चंद मिंटों में पानी खत्म हो जाता है।

अमावस्या | नवरात्र के मद्देनजर नौ दिन तक मीट की दुकानें बंद रखने की उठाई गई मांग

# श्रद्धालुओं ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा




गोरखिगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पितृपक्ष के अंतिम दिन सर्वपितृ अमावस्या पर रविवार को श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई और पितरों को विदाई दी। उन्होंने परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले ऐतिहासिक मंदिरों में विराजमान सभी देवी देवताओं से उनके मोक्ष के लिए प्रार्थना की साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र को ध्यान में रखते हुए नौ दिन जिले में मीट की दुकानें बंद रखी जाएं ताकि व्रत उपवास रखने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

रविवार की सुबह छह बजे से शिवतांडव मंदिर से बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर की अनुवाई में परिक्रमा प्रारंभ हुई पठवा के हनुमान, महावीरन, केदारेश्वर महादेव, संकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, राम दरबार, छोटी चंडिका, नाग देवता मंदिर, बालाजी हनुमान व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव मंदिर पर संपन्न हुई। श्रद्धालु ओम नमः शिवाय जाप करते हुए परिक्रम को पूर्ण किया साथ ही मार्ग पर पड़ने वाले मंदिरों में माथा टेक कर सुख समृद्धि की कामना की।

बुंदेली समाज के संयोजक ने बताया कि श्राद्ध और तर्पण से न केवल दिवंगत आत्माओं को शांति मिलती है, बल्कि जीवित व्यक्ति के लिए भी सुख, समृद्धि और मंगल की प्राप्ति होती है। पितृपक्ष के अंत में यह अमावस्या पितरों की विदाई का दिन मानी जाती है। इस दिन पितरों के लिए श्राद्धकर्म और दान करना विशेष फलदायक माना जाता है। उन्होंने बताया कि सर्वपितृ अमावस्या का बुंदेलखंड क्षेत्र में विशेष महत्व है। लोग अपने पितरों के लिए पूजा पाठ और तर्पण करने के लिए तालाब और पोखरों में जाते हैं। धार्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत के प्रति भी श्रद्धालु कामदगिरि जैसा श्रद्धा भाव रखते हैं। परिक्रमा दौरान गया प्रसाद, महेन्द्र, प्रेम चौरसिया, डा. देवेन्द्र, नीरज, अमित, अन्नू पुरवार, जागेश्वर, धर्मेन्द्र, पवन, महेन्द्र, दीपू सोनी, इंद्रपाल, संदीप, धन्नू अनुरागी, उमा देवी, चांदनी, गोविंद विश्वकर्मा, भीष्मदेव सेन, राजेश शुक्ला, हरप्रीत सिंह, अच्छेलाल समेत तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# मेढक दौड़ में अग्रिम अव्वल

- अग्रवाल महासभा की महिला इकाई की ओर से कार्यक्रम

**महोबा।** अग्रवाल महासभा महिला इकाई की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर शहर के सराफीपुरा स्थित श्री बिहारी जू मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण हुआ। सब सीखो, सब खेले, सब जीतो प्रतियोगिता खास रही।

प्रतियोगिता में समाज की सभी महिलाओं ने हिस्सेदारी की और प्रतियोगिताएं जीतकर पुरूस्कार हासिल किए। बच्चों की मेढ़क दौड़ प्रतियोगिता में अग्रिम प्रथम, प्रिंस द्वितीय और आयांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वृद्ध महिलाओं की चौक पूरो प्रतियोगिता में कृष्णा चाचा ने बाजी मारी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आर्य ने पहला, ओम ने दूसरा और नंदनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। छानी सजाओ प्रतियोगिता में सखी प्रथम, आयुषी ने द्वितीय और आराधना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बुके सजाओ प्रतियोगिता में सारिका ने बाजी मारी वहीं ज्योति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और भारती ने तीसरा स्थान पाया। तीन टांग की दौड़ में गंगा और गौरी की जोड़ी ने बाजी मारी। महासभा महिला इकाई की अध्यक्ष माया अग्रवाल ने सभी बहनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बहनों की एकता और उत्साह को देखकर यह विश्वास हो गया है कि अन्य वर्षो में और भी बढ़-चढ़कर सामाजिक आयोजन किए जाएंगे। कहा कि 22 सितंबर को महाराज अग्रसेन की 5149वीं जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा का अग्रवाल समाज निकालेगा, जिसमें सभी महिलाओं बच्चों पुरुषों को बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी लेकर शोभायात्रा को भव्य बनाने में अपना अमूल योगदान देना है। इस मौके पर समाज की पूनम रश्मि शिल्पी किरण अनीता माधुरी सहित आधार सैकड़ा से अधिक महिलाएं उपस्थित रही।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं आई0डी0 में मेरा नाम इब्राहीम लिखा है परन्तु मैने वर्ष 2023 से अपना नाम मो0 इब्राहीम कर लिया है अब मैं मो0 इब्राहीम नाम का ही उपयोग करता हूँ और करूंगा अत: मुझे मो0 इब्राहीम नाम से ही जाना, पहचाना व सम्बोधित किया जाये। इब्राहीम व मो0 इब्राहीम एक ही व्यक्ति यानि मेरे नाम है। **मो0 इब्राहीम पुत्र स्व0 सोहराब अली नि0 616/92 अजीज नगर, मुर्गी फार्म रोड, लखनऊ**

**आवश्यकता है**

विनीता देवी महिला **महाविद्यालय बैसापुर पट्टी तिर्वा रोड कन्नौज** में प्राचार्य पद हेतु। वेतन व योग्यता यूजीसी के मानकानुसार। तीन दिन में सम्पर्क करें।

**सम्पर्क सूत्र– 9140577356, 9839706433**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पूर्व में सामाजिक एवं सरकारी अभिलेखों में मेरे पिता को मो. सगीर के नाम से जाना जाता था। अब मैं अपने पिता का नाम बदलकर मो. सईद करना चाहती हूँ। भविष्य में सभी कार्यो एवं दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम मो. सईद ही मान्य होगा। **तरन्नुम बानो पुत्री मो.सईद, ग्राम – गुलरा, पोस्ट – मिर्जापुर चौहारी, थाना – रानीगंज,जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं ABDUL RAB S/O ABDUL RAUF निवासी S/177/39-S पीर बाग कॉलोनी सक्ति नगर इंदिरा नगर कॉलोनी लखनऊ का रहने वाला हूं अब मैं अपना नाम बदलकर MOHD ABDUL RAB KHAN रख लिया है अब मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए।

न्यूज ब्रीफ

## एक बार फिर ट्रेड शो में शामिल होंगे संतोष

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में होगा। इसमें नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की ओर से बरगढ़ के संतोष सोनी को सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह लगातार तीसरी बार इसमें शामिल होंगे। संतोष कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर लोगों को जल संरक्षण के मुद्दे पर जागरूक कर रहे हैं। ट्रेड शो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसमें रूस को पार्टनर देश के रूप में आमंत्रित किया गया है।


संतोष सोनी।

## पुलिस ने श्रद्धालुओं को कराया नाश्ता

**सीतापुर (चित्रकूट)।** पुलिस ने सीतापुर मेला क्षेत्र में पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला में आए श्रद्धालुओं को नाश्ता कराया। इस मौके पर एएसपी सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, राजापुर राजकमल, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह, एसआई थाना पहाड़ी श्यामदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## ड्रोन कैमरे से हुई मेला क्षेत्र की निगरानी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के मद्देनजर रविवार को तीर्थक्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरे से की गई। पुलिस ने रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, टेंपो स्टैंड, यूपीटी तिराहा, परिक्रमा मार्ग एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में नजर रखी।

## अलग-अलग मामलों में तीन वांछित गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के एसआई कौशल सिंह ने वांछित शनि रैकवार को गिरफ्तार किया। गनीवां चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह ने वारंटी छोटेलाल को और चौकी प्रभारी हरदीकलां राधेश्याम सिंह ने रवि सिंह को गिरफ्तार किया।

## पर्स छीनने के आरोप में तीन महिलाओं को पकड़ा

**सीतापुर।** तीर्थक्षेत्र के मप्र के चित्रकूट थानांतर्गत दर्शनीय स्थल गुप्त गोदावरी में रविवार को पुलिस ने तीन महिलाओं को पकड़ा। इन पर आरोप है कि ये झारखंड से आए श्रद्धालु का पर्स छीनकर भाग रही थीं। इसकी सूचना एसडीओपी राजेश बंजारे को दी गई। उनके साथ राजा गर्ग और नवल सिंह पटेल ने इन महिलाओं को पकड़ा। इनसे मिले पर्स को श्रद्धालु को लौटाया गया।

## दहेज हत्या की आरोपी को गिरफ्तार किया

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई अनिल कुमार ने दहेज हत्या की नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। 21 अगस्त को गीता देवी पत्नी चंद्रसेन निवासी ग्राम उमरा थाना मंझनपुर (कौशांबी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री रेशमा को पति गया प्रसाद, सास छितिया व चचिया ससुर संतोष ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया और हत्या कर दी। एसआई ने रविवार को आरोपी छितिया निवासी नौबस्ता थाना मऊ को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी पल्लवी और संदीप रहे।


देवी प्रतिमा को अंतिम रूप देता मूर्तिकार। अमृत विचार


देवी प्रतिमा को लेकर जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

# 1148 स्थानों पर होगी देवी प्रतिमाओं की स्थापना

## वाटरप्रूफ पंडालों में विराजेंगी मां अंबे, 222 जगहों पर होगा विसर्जन

नवरात्र आज से

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** सोमवार से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हो गया। जिले में कुल 1148 स्थानों पर होगी देवी प्रतिमाओं की स्थापना और 222 जगहों पर इनका विसर्जन होगा। मुख्यालय से लेकर कस्बों और गांवों में रविवार देर रात तक पंडालों को अंतिम रूप दिया गया। नवरात्र पर्व सौहार्द से संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन और पुलिस ने भी भारी इंतजाम किए हैं। उधर, देवी मंदिरों में भी सजावट की गई है।

शारदीय नवरात्र में नौ दिन तक लगातार मौसम के बदलते मिजाज़ को देखते हुए और बरसात की आशंका के मद्देनजर ज्यादातर जगहों पर पूजा समितियों ने वाटर प्रूफ पंडाल बनवाये हैं। मुख्यालय के मंदिरों में भी नवरात्र की धूम है। पुरानी बाजार स्थित प्राचीन काली देवी मंदिर, झारखंडी माता मंदिर, जालपा माता मंदिर, लालपुर की आशावर माता मंदिरों आदि में देर रात तक सजावट होती रही।

जागरण करने वाली भक्त मंडलियों के भी कई जगहों पर कार्यक्रम हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 1148 स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। प्रशासन ने गिनती भी करवा ली है। एसपी ने बताया कि विसर्जन के लिए आसपास के तालाबों, बांधों में व्यवस्था की गई है। इन विसर्जन स्थलों की संख्या 222 है।


बरसात से बचाव को पंडालों को बनाया गया वाटरप्रूफ। अमृत विचार

### त्योहार के चलते पुलिस भी रहेगी अलर्ट मोड पर

- एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा पर सुरक्षा संबंधी तैयारियां पिछले एक माह से चल रही हैं। पहले उन मूर्तिकारों की लिस्ट बनाई गई जो गैर जनपदों से आए हैं फिर मूर्तियों को कहां विसर्जित करना है उन जगहों की भी व्यवस्था की गई। जहां पिछली बार विसर्जन किया गया था, वहीं पर इस बार भी होगा। हर क्षेत्र में एक नोडल अफसर नियुक्त किया गया है। इनकी जिम्मेदारी है कि यह देखें कि कहीं तार तो नहीं लटक रहे। बताया कि हमारी नज़र उन उपद्रवियों पर भी हैं जो शराब पीकर त्योहार के माहौल को भंग करने का प्रयास करेंगे। समितियों की टीम भी बनाई गई हैं नौ दिन तक पुलिस के साथ दुर्गा पूजा को सकुशल संपन्न कराएंगे। एसपी ने बताया कि रामलीला मंचन स्थलों की भी सूची तैयार की है। इसके लिए पैट्रोलिंग पार्टी को अलर्ट मोड पर रखा है। पुलिसकर्मियों की समयबद्ध ड्यूटियां लगाई गई हैं। आशा जताई कि पिछली बार की तरह इस बार भी त्यौहार सकुशल संपन्न होंगे।


एसपी अरुण कुमार सिंह।

### गैर जिलों से आए दो दर्जन मूर्तिकार

- दो दर्जन मूर्तिकार ऐसे हैं जो गैर जनपदों से आए हैं। दूसरे राज्यों से आए मूर्तिकारों में कोलकाता के बाबुल पाल की प्रतिमाओं को अधिक पसंद किया जाता रहा है। पिछली बार पाल ने 100 छोटी बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण किया था लेकिन इस बार 60 प्रतिमा बनाई हैं। बताया कि इनमें 30 बड़ी और 30 छोटी हैं। 15 फिट तक की प्रतिमाओं का निर्माण किया है। यहां के अलावा अन्य जगहों से भी इनकी प्रतिमाएं जाएंगी। एसपी ने बताया कि खास बात तो यह है कि किसके यहां से कितनी मूर्ति बिकीं, कहां गईं, इस पर भी हमारी नज़र है।

# पितृ विसर्जनी अमावस्या पर पितरों को किया विदा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- मंदाकिनी नदी के घाटों पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**अमृत विचार।** पितृ विसर्जनी अमावस्या पर तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इन्होंने पिंडदान, तर्पण कर अपने पितरों को विदा किया। मंदाकिनी नदी के घाटों पर सुबह से लोगों ने स्नान कर पिंडदान किया।

अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी स्नान कर महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा की। इस बार भी लोगों को टेंपो-टैक्सीवालों की अराजकता का सामना करना पड़ा। अमावस्या पर एक दिन पहले से ही आस्थावानों का पहुंचना शुरू हो गया था। कई लोग पैदल तो कई निजी वाहनों से भी पहुंचे। सबसे ज्यादा दिक्कत लोगों को जिले में अराजकता का पर्याय बन चुके टेंपो, टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों से हुई। सुबह से ही ज्यादा किराया, ज्यादा सवारियों को लेकर तेज गति से दौड़ना जारी हो गया। कई चालकों ने तीर्थयात्रियों को जबर्दस्ती चलने को बाध्य किया। महिलाओं और बच्चों को भी परेशानी हुई। उधर, परिक्रमा मार्ग पर बन रहे नाले और सड़क के अधूरे काम से भी लोगों को काफी दिक्कत हुई।

तीर्थ क्षेत्र में कई जगह समाजसेवियों ने प्रसाद वितरण किया। कई जगहों पर श्रद्धालुओं की जेब भी कटीं पर ये लोग बिना रिपोर्ट दर्ज कराए मायूस लौट गए। उधर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी लालजी आदि रहे।


मंदाकिनी नदी के रामघाट पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम और अन्य। अमृत विचार

# रामलीला सजीव सत्संग, देखने से पाप नष्ट होते हैं : भैरों प्रसाद

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- तुलसीतीर्थ में 18 दिवसीय रामलीला मंचन शुरू
- आयोजकों ने बताया पिछले 500 वर्षों से हो रही है रामलीला

**अमृत विचार।** तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में हो रहे रामलीला मंचन में शनिवार रात पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने भगवान के स्वरूपों की पूजा की। उन्होंने कहा कि रामलीला सजीव सत्संग की ऐसी विधा है, जिसे देखने-सुनने से पाप नष्ट हो जाते हैं।

पूर्व सांसद के साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, कमेटी के सदस्यों आदि ने मंत्रोच्चारण के पश्चात पूजा अर्चना की। पूर्व सांसद ने भगवान गणेश व भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर कहा कि महाकवि तुलसीकृत श्रीरामचरित मानस एक ऐसा ग्रंथ है, जिसे पढ़ने व उसकी सीखों पर चलने से जीवन में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं कर सकतीं। मानस के प्रत्येक पात्र ने समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। इसमें धर्मनीति राजनीति एवं संघीय नीतियों का सुंदर उदाहरण है। मानस के कुछ अंशों का अनुकरण कर लिया जाए तो सामाजिक विघटन के साथ पारिवारिक विघटन समाप्त हो सकते हैं। चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि सनातन धर्म में साकार ब्रह्म की उपासना में मूर्ति का बहुत बड़ा महत्व है। उस मूर्ति में भावनात्मक भगवान वास करते हैं। इस प्रकार रंगमंच में भगवान राम सीता साकार स्वरूप विराजमान होते हैं।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि यह लगभग 500 वर्ष प्राचीन रामलीला है। 18 दिवसीय रामलीला मंचन के लिए चुनिंदा कलाकारों को बुलाया गया है। जिले के श्री महादेव आदर्श रामलीला मण्डल सिकरी के महंत रामस्वरूप यादव भी सहभागिता दे रहे हैं। इस मौके पर विकास मिश्रा, सोमनाथ अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण मिश्र, दीपक जायसवाल, सुनील मिश्रा, संतोष सोनी, राधेश्याम सोनी, मंटू गुप्ता, सुशील द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, भरतलाल जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।


भगवान के स्वरूपों की पूजा करते पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे आदि। अमृत विचार

## नेटवर्क की गड़बड़ी से इंटरनेट ठप मोबाइल बने शोपीस

**रामनगर चित्रकूट।** क्षेत्र में बीते माह से अचानक लोगों को मोबाइल से बात करने में दिक्कत बढ़ गई है। इंटरनेट सेवा पूरी तरह से धड़ाम होने से मोबाइल शोपीस बनकर रह गए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी जिओ मोबाइल पर आ रही है।

ग्रामीण संतोष शुक्ला, अरुण कुमार, शिवाकांत, विक्रम यादव, सतानन्द पाण्डेय, नानबाबू आदि ने बताया कि क्षेत्र में नेटवर्क की दिक्कत तो हर जगह है लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत ग्राम पंचायत पियरियामाफी के लोगों को है। यहां महज एक किलोमीटर दूर छीबों के पास जिओ का टावर लगा हुआ है। इसके बाद भी पियरिया माफी में लोग ठीक से बात तक नहीं कर पा रहे हैं। भाजयुमो के जिला महामंत्री मोहित मिश्रा ने कंपनी के अधिकारियों से तकनीकी खराबी को अविलंब ठीक कराए जाने की मांग की है। मोहित ने बताया कि नेटवर्क न आने से सबसे ज्यादा दिक्कत छात्रों को हो रही है। प्रतियोगी परीक्षा सहित स्कूली फार्म भरने के लिए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित छात्रवृत्ति फार्म भरने के लिए जनसेवा केंद्र में लाइन लगी हुई है लेकिन नेटवर्क ही न होने से उनका कोई काम नहीं हो पा रहा।


मुख्यमंत्री से मिलते कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

# क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर योगी से मिले विधायक

संवाददाता कालपी जालौन

- कुठौंद को टाउन एरिया बनाए जाने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** धर्मनगरी कालपी तथा विधानसभा क्षेत्र के चतुर्मुखी विकास व जन समस्याओं को लेकर कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुठौंद को नगर पंचायत का दर्जा जल्दी प्रदान करने का भरोसा दिया।

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मुलाकात कर कालपी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा। इस दौरान कुठौंद को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश से नगरीय निकाय को लेकर प्रस्ताव मिल रहे हैं। जिसे भी नगर पंचायत की मंजूरी मिलेगी। एक साथ पूरी सूची घोषित कर दी जाएगी। विधायक ने अवगत कराया है कि कालपी से धार्मिक एवं ऐतिहासिक रूप से विख्यात सूर्य मंदिर तक सड़क निर्माण स्वीकृति कराकर सड़क का जल्द निर्माण कार्य कराया जाये तथा कालपी क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्य करा कर पर्यटन का रूप प्रदान किया जाये। कालपी क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुये क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि यमुना नदी में आईं बाढ़ से 30 से अधिक गांव की फसलें बर्बाद हुईं हैं तथा तमाम घर प्रभावित हुए हैं। यमुना की बाढ़ से पीड़ित लोगों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कालपी मैं यमुना नदी में बैराज बनाए जाने की भी मांग की है।

## आरोग्य मेले में जांची लोगों की सेहत

**कालपी जालौन।** उत्तर प्रदेश शासन की योजना के तहत रविवार को कालपी तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 106 मरीजों का उपचार करके गया दवायें भी दी गईं।

रविवार को सुबह 10 से 4 वजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 62 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 28 पुरुष, 23 महिला मरीज तथा 11 बच्चे शामिल रहे। इस दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 44 लोगों का इलाज किया गया। डॉ. शेख ने कहा कि वर्तमान समय में खुजली, त्वचा रोग, उल्टी, दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बढ़ रही है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सक डॉ अमित पोरवाल के मुताबिक कालपी मेले में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके इलाज किया गया है।

# मिशन शक्ति जागरूकता के लिए निकाली बाइक रैली


बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते एसपी अरुण कुमार सिंह और विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- पुलिस अधीक्षक व विधायक ने ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के संबंध में जागरूकता लाने के लिए रविवार को महिला सुरक्षा बल की बाइक रैली निकाली गई। विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इसे कोतवाली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष भाजपा महेंद्र कोटार्य, जिला कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

धर्म-आस्था | कालपी नगर के दक्षिण दिशा में स्थित है मां बनखंडी देवी का मंदिर

# भक्तों के सभी कष्टों को हरती हैं माता बनखंडी देवी

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** कालपी नगर के दक्षिण दिशा में स्थित मां बनखंडी देवी में नवरात्र के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पूजा अर्चना कर पुण्य प्राप्त करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से कुछ भी मांगता है उसकी मन्नत अवश्य पूर्ण होती है मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों के साथ देवी मंदिर पहुंचकर डाली चढ़ाने की परंपरा है।

डाली में पूड़ी सब्जी आटे का मीठा हलुवा मां बनखंडी देवी में चढ़ाने की परंपरा है। बड़ी संख्या मे भक्त कुलदेवी के रूप में बनखंडी माता को पूजते है जनपद का कालपी यूं तो धार्मिक स्थल है यहां अलग अलग स्थानों पर नौ देवियां विराजमान हैं। नवरात्र के समय भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए सुबह 6 बजे से देर रात्रि तक पुलिस का पहरा रहता है। इसके अलावा बुंदेलखंड में बनखंडी देवी की अलग ही मान्यता है।

हमीरपुर, महोबा, झांसी, मध्य प्रदेश के भिंड, कानपुर देहात, आगरा इटावा, जनपद के और जालौन जनपद के कोने-कोने से मां बनखंडी देवी के भक्त अपनी मनोकामना लेकर देवी दरबार में हाजिरी लगाते हैं। बनखंडी देवी के महंत जमुना दास जी महाराज ने बनखंडी देवी का इतिहास बताया।

**अष्टमी के दिन सुहागिनों को मिलता है श्रृंगार:** वनखंडी देवी मंदिर के महंत जमुना दास जी ने बताया की नवरात्र में अष्टमी के दिन महाआरती होती है महाआरती बड़े ही विधि विधान से की जाती है महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं उसमें खास बात यह है की सुहागिनों को प्रसाद के रूप में श्रृंगार वितरित किया जाता है। श्रृंगार लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं महा आरती में शामिल होती हैं। बनखंडी देवी मंदिर में विराजमान मां जगत जननी जगदंबा को हलवा पूड़ी का भोग लगता है।


मां का सजा दरबार। अमृत विचार


महंत जमुना दास जी।


शिक्षकों के साथ मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## समारोह के पूर्व हुई मेधावियों की परीक्षा

**चित्रकूट।** बजरंग इंटर कालेज सपहा में 30 सितंबर को होने वाले पाठा मेधावी छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह की परीक्षा हुई। इसमें कक्षा पांच व कक्षा आठ उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने भाग लिया। समाजसेवी मुकेश कुमार, बुद्धविलास, चंद्रकांत, भीम सिंह, विमल सिंह, अभिलाष सिंह, गोपाल सिंह, कामता प्रसाद, अभिराम सिंह, रामपाल सिंह, हरीनारायण, रवींद्र सिंह, कमलेश सिंह, विक्रम सिंह, नरेंद्र यादव आदि समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवरात्रि, धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
बम्पर धमाका लोन एवं एक्सचेंज मेला
डाउन पेमेंट 19999*/- मात्र या एक्सचेंज ऑफर 0* डाउन पेमेंट पर
लोन की बेहतरीन सुविधाएं
• Low Down Payment
• कम ब्याज दर पर फाइनेंस
• No Cost EMI का विकल्प उपलब्ध
आसान फाइनेंस सुविधा
1 चार्ज पर 130 से 200 किमी रेंज
बैटरी की गारण्टी 3 वर्ष व 5 वर्ष तक
पुराना ई-रिक्शा लाओ नया ई-रिक्शा ले जाओ, बेहतरीन वैल्यू के साथ
MAYURI
के. आर. इण्टरप्राइजेज
Mob: 7398886766, 7398615366, 8318583760
बैटरियों पर फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है।
पता - विकास नगर कपसेठी प्रयागराज रोड, कर्वी, चित्रकूट



जीवन एक आकांक्षा है। इसका लक्ष्य पूर्णता की प्राप्ति के लिए प्रयास करना है। यही आत्म-साक्षात्कार है। अपनी कमजोरियों या अपूर्णताओं के कारण आदर्श को कम नहीं करना चाहिए।

**-महात्मा गांधी**

## अब ट्रंप का वीजा वार

अमेरिका ने एच-1बी वीजा शुल्क को सालाना एक लाख डॉलर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस कदम ने वैश्विक स्तर पर हलचल पैदा कर दी है। इस वीजा पर काम करने वाले भारतीय पेशेवरों की संख्या सर्वाधिक है, इसलिए इस निर्णय का सीधा असर भारतीय समुदाय पर पड़ेगा। यह कदम न केवल भारतीय आईटी कंपनियों को प्रभावित करेगा, बल्कि अमेरिका और भारत के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों पर भी नई चुनौती खड़ी करेगा। एच-1बी वीजा भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए अमेरिका की अर्थव्यवस्था में योगदान का सबसे अहम माध्यम रहा है। हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और प्रबंधक हर वर्ष इस वीजा के जरिए अमेरिका पहुंचते हैं और वहां की कंपनियों के लिए अपनी विशेषज्ञता उपलब्ध कराते हैं। भारतीय कंपनियां जैसे इंफोसिस, टीसीएस और विप्रो अमेरिका में अपनी सेवाएं संचालित करती हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देती हैं। शुल्क वृद्धि से इन कंपनियों की लागत बढ़ेगी, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति कमजोर हो सकती है। परिणामस्वरूप वे या तो अमेरिकी बाजार से दूरी बना सकती हैं या अपने कर्मचारियों की संख्या घटा सकती हैं।

इस कदम से भारत की युवा पीढ़ी के सपनों पर भी गहरी चोट पहुंचेगी। अमेरिका लंबे समय से प्रतिभाशाली भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। महंगी फीस और कठिन वीजा प्रक्रिया के बावजूद वे अमेरिका जाते हैं, ताकि बेहतर अवसर पा सकें, लेकिन यदि वीजा शुल्क इतना अधिक होगा, तो यह अवसर केवल धनी वर्ग तक सीमित रह जाएगा। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह सपना टूटने जैसा होगा। इससे प्रतिभा पलायन की दिशा बदल सकती है और भारतीय युवाओं का ध्यान यूरोप, ऑस्ट्रेलिया या एशियाई देशों की ओर मुड़ सकता है। इस घोषणा का समय भी उल्लेखनीय है। आदेश 21 सितंबर 2025 से लागू होगा। कई भारतीय परिवार दिवाली की यात्रा पर थे। कई शादियां और पारिवारिक समारोह तय थे, जो अब प्रभावित होंगे। भारत सरकार ने सही कदम उठाते हुए इस विषय पर अमेरिका से उपयुक्त समाधान की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय पेशेवरों का योगदान अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इस नीति से दोनों देशों के रिश्तों पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि वे अमेरिकी नागरिकों के लिए रोजगार सुरक्षित करना चाहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारतीय पेशेवर अमेरिकी कंपनियों के लिए केवल सस्ती श्रमशक्ति नहीं हैं, बल्कि वे नवाचार, शोध और प्रतिस्पर्धा में भी अहम भूमिका निभाते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी जैसी बड़ी कंपनियों के नेतृत्व में भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। ऐसे में प्रतिभा को हतोत्साहित करना अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ होगा। भारत को भी इस अवसर का उपयोग करना चाहिए। यदि अमेरिका में राह कठिन होती है, तो सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर भारतीय युवाओं के लिए अपने देश में ही उपयुक्त अवसर पैदा करें।

### प्रसंगवश

## नौदिवसीय अंतर्मन की यात्रा है नवरात्रि पर्व



रमा निवास तिवारी
लेखक

शारदीय नवरात्रि आज 22 सितंबर से आरंभ हो रहे हैं। मां दुर्गा की उपासना का यह पर्व देश भर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। मातृशक्ति को समर्पित इस पर्व में जनजीवन में ऊर्जा की स्थापना होती है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के द्वारा शक्ति की याचना की जाती है। समाज में फैले विकारों के उन्मूलन के लिए पवित्र विचारों की सृष्टि का निर्माण इस पर्व पर होता है। आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो जाएगा। माँ दुर्गा के एक एक स्वरूप की हर दिन पूजा अर्चना का विधान है। 'यं यं चिन्तयति कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्' ऐसा श्लोक दुर्गा सप्तशती में आता है, जिसका अर्थ है कि मां की उपासना उनके भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी कर देती हैं। देवी भागवत में एक प्रसंग आता है, जिसमें मां भगवती भगवान श्रीकृष्ण के ऊपर आए संकट को टालती हैं।

बात उस समय की है जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारिकाधीश हुए। उनके राज्य में सतराजीत नाम का एक व्यक्ति था, जो सूर्य जी का उपासक था। सूर्य देव ने उसकी पूजा से प्रसन्न होकर उसे स्यामंतक नाम की मणि भेंट की, जो रोज स्वर्ण मुद्राओं को देने वाली थी। जब श्रीकृष्ण को इस बात की खबर लगी तो उन्होंने सतराजीत से वह मणि यह कहकर मांगी कि इस मणि की उसे क्या आवश्यकता है। यह मणि राजा के पास रहेगी तो राजकोष समृद्ध होगा, लेकिन सतराजीत ने भगवान श्रीकृष्ण को स्यामंतक मणि देने से इंकार कर दिया। कथा आती है कि उसी के बाद एक दिन अचानक सतराजीत का मृत शरीर जंगल में प्राप्त हुआ और स्यामंतक मणि का कोई अता-पता नही लग रहा था।

लोगों में यह बात फैल गई कि मणि को जबरन प्राप्त करने के लिए कृष्ण जी ने सतराजीत को मार दिया होगा और मणि स्वयं रख ली होगी। सच्चाई का पता लगाने के लिए श्रीकृष्ण जंगल की ओर प्रस्थान कर गए। कुछ दिन जब वापस नहीं लौटे, तो वसुदेव ने मां भगवती की विशेष पूजा की और भगवान श्रीकृष्ण जंगल से सकुशल मां भवानी की कृपा से आ गए और मणि चोरी का लांछन भी उनके ऊपर से हट गया।

हम जीवों की कोई क्या कहे, मां की करुणा तो देवताओं का भी उद्धार करती रही हैं। महिषासुर और शुंभ निशुंभ जैसे दुर्दांत दैत्यों का विनाश करने वाली भगवती की कृपा उनके भक्तों के सभी आदिदैविक, आदिभौतिक और आदिदैविक कष्टों का निवारण कर देती हैं। मां की कृपा, करुणा अपरंपार है। नवरात्रि के पावन अवसर पर माता के चरणों में अपना सुख दुःख निवेदित करने को माता के भक्त तैयार हैं। गांव-गांव शहर-शहर माता की सुंदर झांकियों के पंडाल सजाए जा रहे हैं, जहां नवरात्रि भर मां की ममता भरी छांव में भजन कीर्तन और स्तवन का क्रम चलता रहेगा।

बालिकाओं को माता के रूपों में देखने की दृष्टि भी नवरात्रि के पर्व पर समाज को मिलती है। दुर्गा पूजा के बहाने ही सही नारी सम्मान की अवधारणा की एक लकीर भी स्वतः खिंचती दिखाई देती है। दुर्गा पूजा समाज को नारी शक्ति का एहसास भी कराती है। नवरात्रि पर्व केवल आध्यात्मिक अर्थों में ही सीमित नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक स्तर पर वह व्यक्ति-व्यक्ति के अंतर्मन की नौदिवसीय यात्रा है, जिसमें उसके जीवन की मलिनता का परिष्करण एक-एक दिन करके होती है और नौदिवसीय इस मानसिक विकारों के शोधन के उपरांत जब अंतस में सद्गुणों का प्रादुर्भाव हो जाता है, तो विजयादशमी के दिन अज्ञानता और अवगुणों का रावण मारा जाता है।

## चुनाव सुधार व 'हम भारत के लोग'






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक व बहुदलीय प्रणाली वाले देश भारत में चुनाव सुधार पर चर्चा-ए-खास जोरों पर है। जिस देश में विभिन्न जाति, धर्म व संप्रदाय के लोग रहते हों। जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाई-भतीजावाद का भाव रच-बस गया हो, वहां सभी को एका के सूत्र में पिरो पाना खासा दुरूह है। 'कोस-कोस पर बदले पानी-चार कोस पर बानी' वाले देश में प्रक्रियागत, पारदर्शी चुनाव करा लेना व आधिकारिक महत्ता पा लेना चुनाव आयोग के लिए 'पत्थर पर दूब उगाने' की ही भांति है। इधर, राष्ट्रीय दलों के अलावा क्षेत्रीय दलों के कुछ बड़े नेताओं के अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट भी केंद्रीय चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करते दिख रहा है।

दोनों संवैधानिक संस्थाओं के मध्य प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से आरोप-प्रत्यारोप व अहम का टकराव भी परिलक्षित हो रहा है। किंतु, दोनों संस्थाएं देश में चुनाव सुधार व सशक्त लोकतंत्र को सतत् प्रयत्नशील भी हैं, लेकिन देश के जागरूक नागरिक अपनी सुधारात्मक भूमिका से कब तक आंखे फेरे रहेंगे? राष्ट्रीय कर्तव्य बोध, जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व व योगदान से कब तक विमुख रहेंगे? मतदाता सूची में वास्तविक नाम डलवाने, फाल्स वोट देने वालों को चिन्हित करने, सिस्टम का साथ देने के अलावा भ्रामक/गलत गतिविधियों को रोकने को क्या उन्हें भी आगे नहीं आना चाहिए? आखिर हम 'सिस्टम' को कब तक और क्यों कोसते रहेंगे?

भारत में चुनाव आयोग (वर्ष 1950 में स्थापना) एक संवैधानिक संस्था है। इस स्वायत्तशासी संस्था का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 में तार्किकता के साथ वर्णित है। राज्य विधानसभाओं, राज्यसभा व लोकसभा के लिए चुनाव कराने के अलावा मतदाता सूची तैयार करवाने को यह संस्था पूर्णरूपेण जिम्मेदार होती है। उक्त चुनावों के समय सभी प्रकार की शक्तियां इसमें निहित होती हैं। अर्थात केंद्र/राज्यों के सरकारी तंत्र इसके द्वारा ही संचालित होते हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग सुव्यवस्था के लिए राज्यों के निर्वाचन आयोगों का भी 'वाच डाग' होता है, जिस देश में मतदाताओं की संख्या करीब 99.1 करोड़ (वर्तमान) हो। वहां संतुलन बनाए रखना व सभी को पूरी तरह संतुष्ट करना आसान तो नहीं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच पहला आम चुनाव कराया गया था। वर्ष 1951 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल आबादी करीब 36 करोड़ 11 लाख थी। इनमें से आयोग ने 17,32,12,343 मतदाताओं का पंजीकरण किया था। आज भारत की कुल जनसंख्या करीब 140 करोड़ अनुमानित है। वर्ष 2024 में 18वीं लोकसभा चुनाव में करीब 65 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया व विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसमें पुरुषों का मतदान प्रतिशत 65.8 व महिलाओं का करीब 65.78 प्रतिशत था। आश्चर्य यह है कि चुनाव आयोग 65 करोड़ मतदाताओं को सहेजते हुए बिना राग-द्वेष के स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कैसे करा लेता है? बावजूद इसके उस पर सवालिया निशान लगते ही रहते हैं। हमारे लिए यह अत्यंत विचारणीय है।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 व 1951, निर्वाचक पंजीकरण नियम-1960, परिसीमन अधिनियम-2002 में चुनाव सुधार की बात तो है ही, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से चुनाव कराने की व्यवस्था दूर दृष्टि का परिणाम भी। जहां विधि आयोग की रिपोर्ट (2015) ने सुधार के अनेकानेक उपाय बता रखे हैं, वहीं एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के आंकड़े देश की राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण की बानगी पेश करते हैं। उदाहरणार्थ, वर्ष 2024 में निर्वाचित सांसदों में से 46 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन सांसदों में से 31 प्रतिशत तो ऐसे हैं, जिन पर अपहरण, दुष्कर्म व हत्या के संगीन आरोप हैं। सुधार की कड़ी में चुनाव आयोग ने यूं तो पिछले दो माह में 808 पंजीकृत, किंतु गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अपनी सूची से हटाकर सुधार के लिए सकारात्मक संदेश दिया है। इनमें से यूपी में 121, महाराष्ट्र में 44, तमिलनाडु में 42 व दिल्ली में 40 राजनीतिक दल प्रमुख हैं।

भारत में वर्ष 1967 में क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ, जो आज बहुदलीय प्रणाली को अवलंब दे रही हैं। राष्ट्र भाव से ओतप्रोत स्पष्ट विचारधारा तो कुछ दलों के लिए 'दूर की कौड़ी'। ऐसे दल या तो सत्ता में भागीदारी चाहते हैं या सत्ता पर कब्जा। कुछ राजनीतिक दल धर्म, जाति, भाषा, संस्कृति आदि के आधार पर बनाए जाते हैं, जो एक निश्चित समुदाय व वर्ग के हितों को बढ़ावा देते हैं या केंद्र में किसी राष्ट्रीय दल को समर्थन दे अपना हित साधते हैं। यूपी, उड़ीसा, तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार व झारखंड के कुछ राजनीतिक दलों को उदाहरण के रूप में देखा/समझा जा सकता है। आयोग चुनावी प्रदर्शन के आधार पर ही राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय दलों के रूप में मान्यता प्रदान करता है। राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय दल की मान्यता के लिए वोट प्रतिशत व सीटों के मानक का निर्धारण करता है। राजनीतिक दलों के नेताओं को संसद या विधानसभाओं में जनता ही चुनकर भेजती है।

यह समीचीन है कि चुनाव सुधार को लेकर आयोग से मानवीय/तकनीकी चूक हुई हो, या हो रही हो! उक्त मुद्दों पर मौलिक अधिकारों की संरक्षक सुप्रीम कोर्ट हमारे साथ खड़ी हो, लेकिन हम भारत के लोगों को भी तो संदर्भित सुधारात्मक प्रक्रिया में रचनात्मक/सकारात्मक योगदान देना चाहिए। जान लें, सरकारी सिस्टम हमारी सुविधा के लिए ही है। इसके सशक्तिकरण में ही प्रजातंत्र और हमारा हित सुरक्षित है।

> 'कोस-कोस पर बदले पानी-चार कोस पर बानी' वाले देश में प्रक्रियागत, पारदर्शी चुनाव करा लेना और आधिकारिक महत्ता पा लेना चुनाव आयोग के लिए 'पत्थर पर दूब उगाने' की तरह है।

### आमने सामने



आरजेडी के युवराज तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई है। लगता है कि 1990 के दशक में जो जंगलराज था उसका संस्कार अभी भी तेजस्वी यादव से हटा नहीं है। वही संस्कार लिए तेजस्वी यादव के मंचों से गाली दी गई।

**-गिरिराज सिंह**
केंद्रीय मंत्री

बीजेपी के लोग जो वीडियो डाल रहे हैं, उसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के भाषण की आवाज नहीं है। वीडियो में ऑडियो को तोड़-मरोड़ कर बदनाम करने की साजिश रची गई है। ओरिजनल वीडियो मेरे फेसबुक पेज पर है, सुन सकते हैं।

**-मुकेश रोशन**
आरजेडी नेता



## जैव विविधता बनाए रखने के लिए जरूरी है गैंडा



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गैंडा विशेष रूप से एक सींग वाला एशियाई गैंडा, न केवल आकार में विशाल होता है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र में इसकी भूमिका भी अत्यंत विशाल और महत्त्वपूर्ण होती है। यह शाकाहारी जीव अपने प्राकृतिक आवास में जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाता है। भारत में मुख्य रूप से असम, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में पाए जाने वाले गैंडे, अपने व्यवहार और आहार की प्रकृति के कारण पारिस्थितिक तंत्र के लिए एक 'कीस्टोन प्रजाति' माने जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि यदि गैंडा पारिस्थितिकी तंत्र से समाप्त हो जाए, तो उससे पूरे जैविक संतुलन पर गहरा असर पड़ सकता है। इसके संरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए 22 सितंबर को विश्व गैंडा दिवस मनाया जाता है।

गैंडे मुख्य रूप से घास, झाड़ियां, जल पौधे और पत्तियां खाते हैं। इनके इस आहार-व्यवहार के कारण घास के मैदानों का प्राकृतिक प्रबंधन होता है। जब गैंडा घास को आहार के रूप में लेता है, तो वह कुछ खास प्रकार की घासों को नियंत्रित करता है, जिससे जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। इससे अन्य शाकाहारी प्रजातियों जैसे हिरन, बारहसिंगा और नीलगाय को भी बेहतर भोजन और आवास मिल पाता है।

गैंडे के मल-मूत्र में बीज होते हैं, जो उनके भ्रमण के दौरान इधर-उधर फैलते हैं। इससे पौधों का प्राकृतिक प्रसार होता है और भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है। इस प्रकार गैंडा एक प्रकार से बीज फैलाने वाला और पर्यावरणीय संरचना को बनाए रखने वाला जीव भी बन जाता है।

गैंडों के कारण जंगलों और घास के मैदानों में खुले रास्ते और प्राकृतिक गलियां बनती हैं, जिससे छोटे जानवरों की आवाजाही आसान हो जाती है। उनके पैरों से बनी मिट्टी की पगडंडियां जल निकासी में मदद करती हैं, जिससे वर्षा के मौसम में दलदली क्षेत्रों में जल जमाव नहीं होता। यह जल प्रवाह पारिस्थितिकीय स्थिरता बनाए रखने में सहायक होता है। साथ ही, गैंडे द्वारा बनाए गए छोटे जल गड्ढे, पक्षियों और छोटे जीवों के लिए जल स्रोत के रूप में कार्य करते हैं।

गैंडे का अस्तित्व जैव विविधता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। जब कोई शीर्ष प्रजाति, जो खाद्य श्रृंखला में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है, पारिस्थितिकी तंत्र से गायब हो जाती है, तो उसके प्रभाव से अनेक अन्य प्रजातियों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। उदाहरण के लिए, यदि गैंडे नहीं होंगे, तो घास की कुछ प्रजातियां अत्यधिक फैल जाएंगी, जिससे जैव विविधता घटेगी और छोटे जानवरों का आवास प्रभावित होगा। यह वनस्पतियों और जीवों के बीच प्राकृतिक प्रतिस्पर्धा के संतुलन को बिगाड़ सकता है। पारिस्थितिकी तंत्र में गैंडे की उपस्थिति जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक अप्रत्यक्ष रक्षा कवच भी है। उनके कारण घास के मैदान सुरक्षित रहते हैं, जिससे कार्बन अवशोषण की प्रक्रिया तेज होती है। इससे वैश्विक तापमान वृद्धि की दर को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलती है।

वर्तमान समय में गैंडे की प्रजाति संकटग्रस्त स्थिति में है। अवैध शिकार, आवास का नाश, जलवायु परिवर्तन और मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारण गैंडों की संख्या सीमित हो गई है। गैंडा के सींग की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग के कारण यह शिकारियों के निशाने पर रहता है। यदि गैंडों को संरक्षित नहीं किया गया, तो पारिस्थितिकीय असंतुलन की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, इसलिए गैंडों का संरक्षण न केवल एक प्रजाति को बचाने का कार्य है, बल्कि यह संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखने का प्रयास भी है।

भारत सरकार और विभिन्न राज्यों ने गैंडों के संरक्षण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जैसे गैंडा पुनर्वास कार्यक्रम, विशेष निगरानी क्षेत्र और वन्यजीव अपराध नियंत्रण प्रयास। उत्तर प्रदेश का दुधवा टाइगर रिजर्व इस दिशा में एक शानदार उदाहरण है, जहां गैंडों को फिर से बसाकर उनका सफल संरक्षण किया गया है। ऐसे प्रयास न केवल जैव विविधता की रक्षा करते हैं, बल्कि पारिस्थितिकीय चेतना को भी जन-जन तक पहुंचाते हैं।

दुधवा नेशनल पार्क, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में स्थित है और यह भारत के महत्वपूर्ण वन्यजीव अभयारण्यों में से एक माना जाता है। यहां की जैव विविधता, हरियाली और शांत वातावरण इसे विशेष बनाते हैं। भारत में एक सींग वाला गैंडा कभी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में व्यापक रूप से पाया जाता था। परंतु शिकार, प्राकृतिक आवास की कमी और मानव हस्तक्षेप के कारण इसकी संख्या तेजी से घटने लगी। 20वीं सदी के मध्य तक उत्तर भारत से यह लगभग विलुप्त हो चुका था। ऐसी स्थिति में एक स्थायी समाधान की आवश्यकता थी, ताकि इस अद्भुत जीव को फिर से प्राकृतिक परिवेश में बसाया जा सके।

दुधवा में गैंडे का पुनर्वास इसी सोच का परिणाम है। यह आवश्यक है कि हम गैंडों के महत्व को केवल एक आकर्षक जीव के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें पारिस्थितिकी तंत्र के एक अनिवार्य अंग के रूप में समझें। उनके संरक्षण में ही हमारे वनों, जलवायु, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित है।

> अतीत में दुश्मन की तलवार से रक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाली ढाल गैंडे की खाल से बनाई जाती थी। युद्ध के मैदान में ढाल बना गैंडा आज स्वयं के अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।

### सोशल फोरम

## यूरोपः सांस्कृतिक उत्सव है यहां फुटबाल का खेल



अभिजीत 'जनार्दन'
ब्लॉगर

यूरोप में फुटबॉल केवल एक खेल नहीं है। यह एक धर्म, एक संस्कृति और एक जीवन शैली है। यह एक ऐसा जुनून है जो उम्र, लिंग और सामाजिक सीमाओं को पार करता है, जो लोगों को एकजुट करता है और उन्हें भावनाओं के रोलरकोस्टर पर ले जाता है। यूरोप में फुटबॉल की दीवानगी को समझने के लिए हमें इसके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को देखना होगा।

फुटबॉल की जड़ें यूरोप में गहरी हैं। 19वीं सदी में इंग्लैंड में आधुनिक फुटबॉल का जन्म हुआ और जल्द ही यह पूरे महाद्वीप में फैल गया। फीफा (Fdration Internationale de Football Association) की स्थापना 1904 में पेरिस में हुई और तब से यूरोप फुटबॉल का वैश्विक केंद्र बना हुआ है। यूईएफए चैंपियंस लीग, प्रीमियर लीग, ला लीगा और बुंडेसलीगा जैसे टूर्नामेंट और लीग ने फुटबॉल को एक वैश्विक विषय बना दिया है।

यूरोप में फुटबॉल केवल 90 मिनट का खेल नहीं है, यह एक सामाजिक घटना है जो समुदायों को एकजुट करती है। स्टेडियम में हजारों प्रशंसकों का एक साथ नारे लगाना, अपने क्लब के रंगों में सजना और हर गोल पर उन्मादपूर्ण उत्सव मनाना- यह सब फुटबॉल की दीवानगी का हिस्सा है।

क्लब- जैसे मैनचेस्टर यूनाइटेड, बार्सिलोना, रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख न केवल खेल की संस्थाएं हैं, बल्कि स्थानीय और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक भी हैं। प्रशंसकों के बीच यह जुनून पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता है। एक बच्चा अपने परिवार के साथ पहला मैच देखता है और उसका पसंदीदा क्लब उसके दिल में हमेशा के लिए बस जाता है। यह दीवानगी केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं है। पब, कैफे और घरों में लोग टीवी स्क्रीन के सामने इकट्ठा होते हैंय हर पास, हर टैकल और हर गोल पर भावनाओं का ज्वार उमड़ता है। यूरोप में फुटबॉल एक विशाल उद्योग है। प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंट अरबों डॉलर की कमाई करते हैं और खिलाड़ी जैसे लियोनेल मेसी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्रूनो फर्नांडीस वैश्विक सुपरस्टार हैं। प्रशंसक पसंदीदा खिलाड़ियों की जर्सी, स्कार्फ और अन्य मर्चेंडाइज खरीदने के लिए लाखों खर्च करते हैं।

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## ऐसा तो कभी भी नहीं था हमारा पहाड़!



हरीश उप्रेती करन
लेखक

उत्तराखंड में 15 सितंबर को देहरादून और उसके बाद 18 सितंबर को गोपेश्वर चमोली में मानसूनी बारिश के कारण हुई जबरदस्त तबाही ने धराली और थराली के साथ ही कुमाऊं क्षेत्र में आई आपदा से मिले जख्मों को फिर से ताजा कर दिया है। 15 सितंबर की बारिश के बाद आपदा के कारण जहां दो दर्जन से अधिक लोगों की जान चली गई। कई लोग लापता और घायल हो गए। अभी यहां राहत और बचाव कार्य चल ही रहा है कि चमोली के गोपेश्वर में आपदा का पहाड़ टूट पड़ा। इसमें सात लोगों की मौत होने की खबर है और 45 घर तबाह हो चुके हैं।

पहाड़ों में लगातार हो रही इन आपदाओं ने एक बार फिर हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है कि दिन-प्रतिदिन विकराल होती और एक के बाद एक हो रही इन आपदाओं का मूल कारण क्या हैं? या यूं भी कह सकते हैं कि सब कुछ जानने-समझने के बाद भी समय रहते ठोस उपाय नहीं हुए और हालात अब एक तरह से बेकाबू हो चुके हैं। पहाड़ों में आपदाएं तो आती रही हैं, लेकिन उनका स्वरूप इतना विस्तृत क्षेत्र तक नहीं था और न ही वह इतनी विकराल थीं। आधुनिक विकास के नाम पर जहां-जहां भूखनन और वन माफिया पहुंचा वहां-वहां पीछे से आपदा भी पहुंच गई।

गौर करें तो हमारे बचपन का पहाड़ आज की तरह कष्टकारी और जीवन लीलने वाला नहीं था। मेरा पहाड़ बहुत खूबसूरत, शांत और सुखदाई था, लेकिन न जाने किसकी नजर लग गई पहाड़ को! अब तो जिधर देखो उधर मौतों का, तबाही का खौफनाक मंजर नजर आता है। हां, बारिश तो तब भी होती थी, लगातार सात दिन तक मूसलाधार बारिश, जिसको हम सतझड़ कहते थे। मेरे गांव के चारों तरफ के गधेरे पानी से लबालब किसी गुस्सैल सांप की तरह सरसराते हुए निकल जाते और सामने की पहाड़ियों पर भी कुछ ऐसा ही नजारा होता, गधेरे ही गधेरे और पानी ही पानी।

पहाड़ी का नजारा ऐसा होता, मानो एक पहाड़ी से दर्जनों झरने फूट पड़े हों, लेकिन तब तो कभी ऐसी भीषण तबाही नहीं हुई। तब तो किसी का जीवन नहीं लीला और न ही किसी का घर जमींदोज हुआ, लेकिन आज पहाड़ को माफियाओं की नजर लग गई। खनन माफियाओं की नजर नदी-नालों तो वन माफियाओं की पेड़ों पर है। भू माफिया खेत खलिहानों और पहाड़ों को काट-काटकर बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं बनाकर प्रकृति से मिला सुख चैन लूटकर पैसा कमा रहे हैं। उन्हें किसी के मर जाने, मिट जाने की परवाह नहीं है और न किसी के तबाह हो जाने की। वे तो पैसों से अपना घर भरकर मौज काट रहे हैं और पहाड़ों का सीना चीरने के बाद प्रकृति के रौद्र रूप का शिकार स्थानीय लोग ही बनते हैं। कौन जाने उन स्थानीय लोगों का दर्द। मंदिरों को भी पर्यटक स्थल बनाकर देवी-देवताओं की शांति और एकांत में खलल डाला जा रहा है।

धन की चाह में माफिया, पहाड़ों की शांति, सुख, चैन, हरियाली और प्राकृतिक संपदा को नष्ट करने पर तुले हैं, लेकिन कोई भी उसे रोकने वाला नहीं है, क्योंकि बहती गंगा में सभी हाथ धो लेना चाहते हैं और भर लेना चाहते हैं नोटों से अपना घर। देश-विदेश के सैलानी शीतकालीन पर्यटन और साहसिक खेलों के लिए उत्तराखंड आते हैं। हमें पहाड़ के विकास के लिए विनाशकारी फैसलों से बचना होगा, क्योंकि उत्तराखंड के लिए राजस्व का एक बड़ा हिस्सा पर्यटन से ही आता है, लेकिन जब पहाड़ ही सुरक्षित नहीं होंगे तो सुखद पर्यटन की कल्पना बेमानी होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# हाइड्रोजन बदलेगा परिवहन का भविष्य

दुनिया आज ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन के दबाव में घिरी हुई है। प्रदूषण, बढ़ता कार्बन उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता ने मानवता को वैकल्पिक और टिकाऊ ऊर्जा साधनों की ओर मोड़ दिया है। बैटरी आधारित इलेक्ट्रिक वाहनों ने परिवहन क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत की है, लेकिन अब हाइड्रोजन आधारित गाड़ियां-फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल या एफसीईवी-धीरे-धीरे इस क्षेत्र में अपनी जगह बना रही हैं। इन वाहनों से न केवल परिवहन का स्वरूप बदल सकता है, बल्कि यह पूरी ऊर्जा व्यवस्था को भी नई दिशा दे सकते हैं। भारत भी इस दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ा रहा है और आने वाले वर्षों में वैश्विक परिदृश्य में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत का परिवहन पारंपरिक ईंधन से स्वच्छ, टिकाऊ और बहु-ऊर्जा समाधानों की दिशा में बढ़ रहा है। भारत की सड़कों पर लंबे समय से पेट्रोल और डीज़ल वाहनों का राज रहा है। ये वाहन देश की गतिशीलता का आधार रहे हैं, लेकिन बढ़ते प्रदूषण और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता ने धीरे-धीरे चिंता बढ़ा दी। हाल ही में E20 पेट्रोल को लेकर सार्वजनिक और तकनीकी चर्चाएं तेज़ हो गईं।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

आम लोगों और विशेषज्ञों ने इसके इंजन संगतता, प्रदर्शन और दीर्घकालिक भरोसे को लेकर सवाल उठाए। ऐसे में यह स्पष्ट हो गया कि केवल पारंपरिक ईंधन में बदलाव-चाहे वह E20 ही क्यों न हो-दीर्घकालीन समाधान नहीं दे सकता।

## इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में आई तेजी

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। शहरों में निजी कारें, सार्वजनिक परिवहन की बसें, ऑटो-रिक्शा और बाइकें इलेक्ट्रिक होने लगी हैं। चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार और सब्सिडी नीतियों ने इसे प्रोत्साहित किया है। लेकिन इन वाहनों की कुछ सीमाएं भी हैं, जैसे लंबी दूरी की यात्रा, चार्जिंग समय और भारी वाहन जैसे ट्रक और बसों में बैटरी की भारी लागत। इन्हीं सबके बीच नीति निर्माताओं और उद्योग जगत ने भविष्य के परिवहन के लिए और अधिक स्वच्छ, टिकाऊ और शक्तिशाली विकल्प तलाशने की प्रक्रिया में हाइड्रोजन वाहनों के लिए खाका तैयार करना शुरू कर दिया। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक लंबी दूरी तय करने में सक्षम है, रिफ्यूलिंग पेट्रोल-डीज़ल जितनी तेज़ होती है और भारी वाहन चलाने में बैटरी की तुलना में अधिक कुशल है।

हाइड्रोजन की कहानी कोई आज की नहीं है। इसकी नींव लगभग दो सौ साल पहले रखी जा चुकी थी। उन्नीसवीं सदी के मध्य में ब्रिटिश वैज्ञानिक सर विलियम ग्रोव ने यह दिखाया कि हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से बिजली उत्पन्न की जा सकती है। यही सिद्धांत आज की फ्यूल सेल तकनीक की बुनियाद है। 1966 में जनरल मोटर्स ने पहली बार "इलेक्ट्रोवैन" नामक फ्यूल सेल वैन बनाकर इतिहास रचा। यह प्रयोगात्मक वाहन था, लेकिन संभावनाओं का द्वार खोल गया।

1990 के दशक में कनाडा की बैलार्ड पावर सिस्टम्स और जापान की होंडा जैसी कंपनियों ने अनुसंधान को तेज़ किया और 2008 में होंडा ने सीमित स्तर पर एफसीएक्स क्लैरिटी कार बाज़ार में उतारी। असली बदलाव तब आया जब 2014 में टोयोटा ने "मिराई" कार को व्यावसायिक स्तर पर लॉन्च किया। इसके बाद ह्युंडई ने 2018 में नेक्सो पेश की और होंडा ने भी अपने प्रयोग आगे बढ़ाए। आज दुनियाभर में हज़ारों हाइड्रोजन कारें सड़कों पर दौड़ रही हैं।

## हाइड्रोजन वाहनों का संचालन सरल

हाइड्रोजन वाहनों का संचालन सरल दिखता है, लेकिन तकनीक बेहद दिलचस्प है। कार में एक विशेष टैंक में हाइड्रोजन गैस भरी जाती है। जब यह फ्यूल सेल में हवा से आने वाले ऑक्सीजन के संपर्क में आती है, तो रासायनिक प्रतिक्रिया होती है और बिजली उत्पन्न होती है। यही बिजली मोटर को चलाती है। उप-उत्पाद केवल जल वाष्प है-कोई धुआं, कोई कार्बन नहीं। यही कारण है कि हाइड्रोजन वाहनों को भविष्य का वाहक कहा जाता है।

दुनिया का अधिकांश हाइड्रोजन प्राकृतिक गैस से तैयार होता है, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। इसमें भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता है। अगर प्राकृतिक गैस से हाइड्रोजन बनाते समय कार्बन कैप्चर तकनीक का इस्तेमाल किया जाए तो यह ब्लू हाइड्रोजन कहलाता है। सबसे टिकाऊ विकल्प है ग्रीन हाइड्रोजन, जो सौर या पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा से इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया द्वारा बनता है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की "ग्लोबल हाइड्रोजन रिव्यू 2024" के अनुसार, 2023 में वैश्विक उत्पादन लगभग 97 मिलियन टन रहा, लेकिन ग्रीन हाइड्रोजन का हिस्सा अभी भी 1 प्रतिशत से भी कम है। यही कारण है कि लागत कम करना और बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन आज की सबसे बड़ी चुनौती है।

## चुनौतीपूर्ण है भंडारण और परिवहन

भंडारण और परिवहन भी चुनौतीपूर्ण हैं। हाइड्रोजन हल्की और सक्रिय गैस है, जिसे उच्च दाब वाले टैंकों या अत्यधिक कम तापमान पर तरल रूप में रखना पड़ता है। इसलिए हाइड्रोजन स्टेशनों का निर्माण पेट्रोल पंप की तुलना में महंगा और जटिल है। 2024 तक दुनिया में लगभग 1,000 हाइड्रोजन स्टेशन सक्रिय या निर्माणाधीन थे। जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और चीन प्रमुख केंद्र हैं, जबकि अमेरिका में कैलिफ़ोर्निया इसका केंद्र बना हुआ है।



## हाइड्रोजन उत्पादन में भारत की स्थिति

भारत में स्थिति अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन गति पकड़ रही है। जनवरी 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया, बजट 19,744 करोड़ रुपये। इसका लक्ष्य 2030 तक भारत को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन और उपयोग में अग्रणी बनाना है। इसी के अंतर्गत 2024 में परिवहन क्षेत्र में पांच पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए, जिनमें 37 वाहन और नौ हाइड्रोजन स्टेशन शामिल हैं। ये बसें और ट्रक देशभर के अलग-अलग मार्गों पर चलकर तकनीकी और आर्थिक संभावनाओं का परीक्षण करेंगे। इस पहल में टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, रिलायंस, अशोक लेलैंड और कई तेल कंपनियां शामिल हैं।

## रेलवे में भी है बड़ी भूमिका

भारत का हाइड्रोजन सफ़र केवल सड़क परिवहन तक सीमित नहीं है। रेलवे ने भी इसमें बड़ा कदम उठाया है। भारतीय रेलवे ने 2025 में जींद-सोनीपत मार्ग पर देश का पहला हाइड्रोजन चालित कोच परीक्षण के दौर से सफलतापूर्वक गुजारा। यह 1,200 हॉर्सपावर इंजन वाला कोच 35 हाइड्रोजन-चालित ट्रेनों के "हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज" मिशन का हिस्सा बनेगा। प्रत्येक ट्रेन का निर्माण अनुमानित 80 करोड़ रुपये है और आधारभूत संरचना के लिए 70 करोड़ रुपये अतिरिक्त। रेलवे ने मौजूदा डीज़ल-इलेक्ट्रिक यूनिट को हाइड्रोजन फ्यूल सेल में बदलने के लिए 111.83 करोड़ रुपये का पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। यह पहल भारत को उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा कर देती है जो रेल परिवहन को पूरी तरह हरित बनाने के लिए प्रयोग कर रहे हैं।

## कॉरपोरेट क्षेत्र में भी सक्रिय

कॉरपोरेट क्षेत्र भी इस दिशा में सक्रिय है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 2022 में मिराई कार का पायलट प्रोजेक्ट भारत में शुरू किया था। इसके बाद 2025 में टोयोटा और बेंगलुरु स्थित ओह्मियम इंटरनेशनल ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन आधारित पावर सॉल्यूशंस विकसित करना है। इसका मतलब है कि भविष्य में हाइड्रोजन का उपयोग न केवल गाड़ियों में बल्कि डेटा सेंटर, दूरस्थ इलाक़ों और उद्योगों में भी बिजली आपूर्ति के लिए किया जा सकेगा। यह सहयोग 'मेक इन इंडिया' की भावना को मज़बूत करता है और दिखाता है कि भारत स्थानीय तकनीक और वैश्विक विशेषज्ञता को जोड़कर आत्मनिर्भर हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की तुलना में कम प्रदूषण

हाइड्रोजन गाड़ियों के लाभ स्पष्ट हैं। पेट्रोल-डीज़ल के विपरीत, इनमें से कोई प्रदूषण नहीं निकलता। बैटरी गाड़ियों की तुलना में इन्हें चार्ज करने की बजाय हाइड्रोजन भरने में सिर्फ़ कुछ ही मिनट लगते हैं। इनकी रेंज भी लंबी होती है, जिससे यह लंबी दूरी की यात्रा और भारी वाहनों के लिए आदर्श विकल्प साबित हो सकती हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञ मानते हैं कि निजी कारों से कहीं अधिक हाइड्रोजन का उपयोग बसों, ट्रकों, ट्रेनों और जहाज़ों जैसे बड़े वाहनों में होगा।



चुनौतियां भी उतनी ही गंभीर हैं। ग्रीन हाइड्रोजन अभी महंगी है, उत्पादन सीमित है और इन्फ्रास्ट्रक्चर अधूरा है। इसके अलावा बैटरी गाड़ियां पहले से ही बाज़ार में मज़बूत पकड़ बना चुकी हैं। इसलिए नीति और उद्योग जगत को मिलकर हाइड्रोजन तकनीक को किफ़ायती और व्यवहार्य बनाना होगा। हालांकि, भारतीय नीति निर्माता और उद्योगपति इस दिशा में जिस तरह पहल कर रहे हैं, उससे साफ है कि आने वाले दशक में भारत हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था का अहम केंद्र बन सकता है। आज जब दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तलाश में है, भारत ने हाइड्रोजन को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर यह संदेश दिया है कि हम केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि नवाचार और नेतृत्व करने वाले राष्ट्र भी बन सकते हैं। चाहे वह सड़कों पर दौड़ती बसें हों, माल ढोते ट्रक, रेल की पटरियों पर दौड़ती ट्रेनें या फिर उद्योगों के लिए ऊर्जा समाधान-हर जगह भारत हाइड्रोजन तकनीक को अपनाने की तैयारी कर रहा है। यह यात्रा अभी लंबी है, लेकिन दिशा स्पष्ट है।




# समझें टायरों का मिजाज और अंदाज

कारों में लगे टायर अपने रंग-रूप में एक जैसे नजर आते हैं, लेकिन इनके भी अपने मिजाज और अंदाज होते हैं। आप कार में नया टायर डलवाने वाले हैं तो आपको अपनी जरूरत के हिसाब से ही टायर चुनना चाहिए। अहम बात यह है कि आपको समझना होगा कि आप कार कहां चला रहे हैं और वहां का मौसम कैसा है? जी हां, इलाकों के मौसम के मिजाज के हिसाब से ही टायर का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि आप लॉन्ग ड्राइव पर जाएं तो आपको कोई दिक्कत न हो। आइए आपको बताते हैं कि इनकी खास बात... *-फीचर डेस्क*

- **समर टायर:** इसे स्टैंडर्ड टायर भी कहते हैं। ये टायर गर्म इलाकों के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह सूखी और गीली दोनों तरह की सड़कों पर अच्छी पकड़ के साथ चलते हैं। इसमें खास तरह का नरम रबर यूज होता है। ठंडे मौसम में इनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहता।
- **विंटर टायर:** बर्फीले इलाकों में इस टायर की परफार्मेंस अच्छी रहती है। इसमें बड़ी संख्या में खांचे होते हैं। तापमान गिरने पर यह लचीले बने रहते हैं और अनुकूलित रहते हैं। इन टायरों का इस्तेमाल उन्हीं जगहों पर किया जाता है, जहां बर्फबारी होती है या फिर तापमान काफी नीचे चला जाता है।
- **ऑल सीजन टायर:** यह टायर सामान्य मौसम के लिए फिट होता है। हालांकि, ये सीजनल टायरों की तरह बहुत गर्मी या बहुत सर्दी के लिए अनुकूलित नहीं होते। इन्हे सामान्य स्थिति में ही उपयोग किया जा सकता है।



- **हाई परफॉरमेंस टायर:** यह ऐसे टायर होते हैं, जो तेज गति से चलने वाली कारों में यूज किया जाता है। यह बेहतर पकड़ और उच्च गति से निपटने में माहिर होते हैं। मूल रूप से यह स्पोर्ट्स कारों में ही यूज होते हैं। नार्मल कारों के लिए यह टायर नहीं हैं।
- **ऑल टेरेन टायर:** इसे एटी टायर भी कहते हैं। यह विभिन्न रास्तों के लिए बेहतरीन होते हैं। हाईवे, बजरी या कच्ची सड़कों पर यह बेहतर प्रदर्शन करते हैं।
- **ऑफरोडिंग टायर:** इसे मड टेरेन या एमटी टायर भी कहते हैं। यह कीचड़ और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर अच्छी परफॉर्मेंस देते हैं। इन टायरों को कठिन परिस्थितियों में अधिकतम घर्षण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **रन-फ्लैट टायर:** पंक्चर होने या हवा निकल जाने के बाद भी इन टायरों को कुछ दूर तक चलाया जा सकता है। यह पंचर हालत में चलाए जाने पर भी सुरक्षित रहते हैं।
- **ट्यूबलेस टायर:** जैसा कि नाम से ही जाहिर है कि इन टायरों में ट्यूब नहीं होती। पंक्चर होने पर यह कम नुकसान पहुंचाते हैं।
- **टूरिंग टायर:** इन्हें बेहतर हैंडलिंग और स्मूथ राइड के लिए जाना जाता है। इनका यूज सेडान और मिनीवैन जैसी गाड़ियों में किया जाता है।



# ऑटो टिप्स

## बाइक को कैसे रखें फिट



### नियमित सर्विस कराएं

- समय-समय पर अधिकृत सर्विस सेंटर या अच्छे मैकेनिक से सर्विस करवाएं।
- इंजन ऑयल समय पर बदलना सबसे जरूरी है।

### इंजन ऑयल चेक करें

- हर 2000–2500 किमी पर इंजन ऑयल की स्थिति देखें।
- गंदा या कम ऑयल बाइक के इंजन को नुकसान पहुंचा सकता है।

### टायर और हवा का दबाव

- टायर में हवा का दबाव हमेशा कंपनी की सलाह के अनुसार रखें।
- टायर की ग्रिप और घिसाव पर ध्यान दें।

### ब्रेक की देखभाल

- ब्रेक ऑयल और ब्रेक शूज/पैड की जांच करें।
- समय पर बदलें ताकि सड़क पर फिसलन या हादसे से बचा जा सके।

### बैटरी का ध्यान रखें

- समय-समय पर बैटरी का पानी (अगर नॉन-सील्ड बैटरी है) देखें।
- बाइक को लंबे समय तक स्टार्ट किए बिना खड़ा न रखें।

### चेन की सफाई और ग्रीसिंग

- हर 500–700 किमी पर चेन को साफ करके ग्रीस या ल्यूब्रिकेंट लगाएं।
- इससे रगड़ कम होगी और चलाने में स्मूथनेस आएगी।

### फ्यूल की क्वालिटी

- हमेशा अच्छी और भरोसेमंद पेट्रोल पंप से फ्यूल भरवाएं।
- गंदा फ्यूल कार्बोरेटर/इंजेक्टर को नुकसान पहुंचाता है।

### सही तरीके से चलाएं

- अचानक एक्सेलेरेशन या ब्रेक लगाने से बचें।
- लंबी दूरी पर समान स्पीड में चलाना इंजन के लिए अच्छा है।

### कवर करके रखें

- बाइक को धूप, बारिश और धूल से बचाने के लिए कवर का इस्तेमाल करें। इससे पेंट और प्लास्टिक पार्ट्स लंबे समय तक अच्छे रहते हैं।
- नियमित सफाई
- बाइक को साफ-सुथरा रखें।
- धूल और गंदगी बाइक की परफॉर्मेंस और लुक दोनों खराब करती है।

# शानदार परफॉर्मेंस के साथ खास बनी टाटा हैरियर ईवी




टाटा हैरियर ईवी अपने बेहतर फीचर के साथ लोगों को काफी आकर्षित कर रही है। इसके चलते टाटा हैरियर की बुकिंग तीन माह से साढ़े तीन माह तक पहुंच चुकी है। वहीं नवरात्रि और दीपावली के दौरान यह बुकिंग छह माह तक पहुंच सकती है।

टाटा मोटर्स के सेल्स एग्ज्यूकेटिव समीर राय ने बताया कि टाटा हैरियर ईवी अपनी शानदार परफॉर्मेंस के लिए लोगों के बीच खास बनी हुई है। उन्होंने बताया कि टाटा हैरियर 6.3 सेकेंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है। इसके अलावा एडवांस लेवल-2 अडास, रिमोट से ऑपरेट होने वाला समन मोड, व्हीकल-टू-लोड व व्हीकल-टू-व्हीकल चार्जिंग सपोर्ट जैसे कई खास फीचर्स शामिल हैं।

टाटा हैरियर एक बार चार्जिंग होने के बाद साढ़े 600 किलोमीटर तक रन करती है। टाटा हैरियर ईवी में इको, सिटी, स्पोर्ट और बूस्ट जैसे 7 से 8 ड्राइविंग मोड हैं। इसके अलावा ऑटो पार्किंग की सुविधा भी मौजूद है। इसके अलावा 360 डिग्री कैमरा लगा हुआ है। बैटरी में अनलिमिटेड समय की गारंटी है। उन्होंने बताया कि सनरूफ वाइस के साथ खुलता ओर बंद होता है। सबसे खास बात यह है कि टाटा हैरियर की गाड़ी को अलग-अलक तरीके से ऑटो पार्क कर सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से टाटा हैरियर में फाइव स्टार की ग्रेडिंग है और कार में छह एयरबैग लगे हुए हैं। इसके अलावा, कोहरे में फॉगलैंप के माध्यम से गाड़ी को चलाने में कोई दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने बताया कि टाटा हैरियर की शुरूआती कीमत 21 लाख 75 हजार रुपये है।



## भारत का ऑनलाइन घरेलू सेवा बाजार होगा 88 अरब रुपये

**नई दिल्ली।** भारत का ऑनलाइन घरेलू सेवा बाजार 18-22% की दर से बढ़कर वित्त वर्ष 2029-30 तक 85-88 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। इस बाजार को सुविधा, विश्वसनीयता और गति की बढ़ती शहरी मांग से समर्थन मिल रहा है। परामर्श फर्म रेडसीर ने कहा कि 'क्विक कॉमर्स' को व्यापक रूप से अपनाने के बाद, तत्काल घरेलू सेवा भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में अगले क्षेत्र के रूप में उभर रही है। समय की कमी से जूझ रहे शहरी उपभोक्ताओं के बीच यह लोकप्रिय हो रही है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 22 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### वीजा शुल्क बढ़ाने से अमेरिका को ज्यादा नुकसान: जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर प्रति कर्मचारी 100,000 डॉलर करने के फैसले से भारत से ज्यादा अमेरिका को नुकसान होने की संभावना है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बताया कि भारतीय आईटी कंपनियां पहले से ही अमेरिका में 50-80% स्थानीय कर्मचारियों को रोजगार दे रही हैं, जो कि 1,00,000 अमेरिकी नागरिक हैं। जीटीआरआई ने कहा कि इसलिए यह कदम अधिक नए रोजगार नहीं पैदा करेगा। इसके बजाय, यह ऑन-साइट भारतीयों को नियुक्त करना स्थानीय लोगों की तुलना में अधिक महंगा बना देगा। अमेरिका में पांच वर्षों के अनुभव वाले आईटी मैनेजर को 1,20,000 से 1,50,000 डॉलर तक वेतन मिलता है, जबकि एच-1बी वीजा पर आने वाले 40% कम और भारत में काम करने वाले को 80% कम वेतन मिलता है।

### लौह अयस्क के निर्यात शुल्क को लेकर चेताया

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन यूसीसीआईएल ने चेताया कि निम्न ग्रेड वाले लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क लगाने से उत्पादन, घरेलू कीमतें कम होंगी, क्षमता में दीर्घकालिक नुकसान होगा और भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा कम होगी। सरकार इस साल अक्टूबर से निचले ग्रेड वाले लौह अयस्क पर 30% निर्यात शुल्क लगाने की योजना बना रही है। उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लिमिटेड (यूसीसीआईएल) ने कहा कि निर्यात शुल्क से इस क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होगी, उत्पादन में गिरावट, घरेलू कीमतों में भारी गिरावट, भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा क्षमता में कमी और दीर्घकालिक क्षमता का नुकसान होगा।

### रेडिसन होटल समूह पूर्वी भारत में करेगा विस्तार

**बेंगलुरु।** रेडिसन होटल ग्रुप अब देश के पूर्वी हिस्से में भी अपनी पहुंच बढ़ाना चाहता है। दिग्गज कंपनी का ध्यान बड़े और छोटे दोनों शहरों में संपत्तियों की संख्या को संतुलित करने पर है। समूह के दक्षिण एशिया परिचालन के चेयरमैन केबी काचरू ने कहा कि पुरानी को तोड़कर आधुनिक इमारतें बनाने के बजाय, उन्हें पुनर्स्थापित और संरक्षित किया जाना चाहिए।

# जीएसटी 2.0 : वस्तुएं होंगी आज से सस्ती, कंपनियों को होगा लाभ

## नवरात्र से त्योहारी सत्र शुरू, खपत में वृद्धि व बिक्री में उछाल की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनियों ने जीएसटी कटौती करते हुए कीमतें कम की है। ऐसे में सोमवार से साबुन, पाउडर, कॉफी, डायपर, बिस्कुट, घी और तेल जैसी वस्तुएं सस्ती होंगी। आगामी त्योहारी सत्र, जो नवरात्रि के साथ शुरू होता है, के दौरान खपत में वृद्धि और बिक्री में उछाल की उम्मीद है।

एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी 2.0 के लाभों को बिना किसी देरी के उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। इन कंपनियों ने 22 सितंबर से साबुन, शैम्पू, बेबी डायपर, मंजन, रेजर और आफ्टर-शेव लोशन सहित अपने उत्पादों की अधिकतम खुदरा मूल्य की संशोधित सूची जारी की है। इसका मकसद उपभोक्ताओं को जीएसटी दर में कटौती का लाभ देना है। प्रॉक्टर एंड गैंबल, इमामी और एचयूएल जैसी कंपनियों ने नई मूल्य सूची जारी की हैं। इसके बारे में कंपनियों की वेबसाइट के माध्यम से उनके संबंधित वितरकों और उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है।

प्रॉक्टर एंड गैंबल ने अपने उत्पादों की एक संशोधित सूची जारी की है। इसमें उसने विक्स, हेड एंड शोल्डर्स, पैंटीन, पैम्पर्स (डायपर), जिलेट, ओल्ड स्पाइस और ओरल-बी आदि ब्रांड के उत्पादों की कीमतों में कमी की है। पीएंडजी इंडिया ने बच्चों के देखभाल से जुड़े उत्पादों के दाम भी कम किए हैं। इन उत्पादों में डायपर पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत और बेबी वाइप्स पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो जाएगा। नई दरें 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी जिलेट और ओल्ड स्पाइस की कीमतों में भी कमी करने जा रही है। इमामी बोरोप्लस एंटीसेप्टिक क्रीम, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल और झंडू बाम आदि की कीमतें भी कम हो रही हैं।



### एचयूएल ने भी घटाएगा उत्पादों की कीमत

एचयूएल ने भी जीएसटी सुधारों के बाद 22 सितंबर से डव शैम्पू, हॉर्लिक्स, किसान जैम, ब्रू कॉफी, लक्स और लाइफबॉय साबुन सहित अपने उपभोक्ता उत्पाद रेंज की कीमतों में कमी करने की घोषणा की है। जीएसटी परिषद ने इस महीने की शुरुआत में माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया है। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी।

### टीवी के दाम 2,500 से 85,000 रुपये तक घटेंगे

जीएसटी कटौती के बाद टेलीविजन (टीवी) विनिर्माता कीमतों में 2,500 से 85,000 रुपये तक की कमी करने जा रहे हैं। टीवी विनिर्माताओं को सोमवार से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। खपत को बढ़ाने के प्रयास में, जीएसटी परिषद ने 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करने का फैसला किया था, जिससे टेलीविजन और एसी, वॉशिंग मशीन जैसे कई उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। 32 इंच से अधिक स्क्रीन साइज वाले टीवी सेट पर मौजूदा शुल्क 28 से घटकर 18% होगा। टीवी विनिर्माताओं ने स्क्रीन साइज और खूबियों के आधार पर कीमतों में 2,500 रुपये से 85,000 रुपये के बीच कटौती की घोषणा की है, ताकि जीएसटी में 10% की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। टीवी उद्योग, जिसने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल से सितंबर) में लगभग स्थिर बिक्री दर्ज की है।

### होटल में 7,500 तक वाले कमरे होंगे 525 रुपये तक सस्ते



**नई दिल्ली।** नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ होटल में 7,500 रुपये या उससे कम किराये वाले कमरे सोमवार से 525 रुपये तक सस्ते हो जाएंगे। आतिथ्य क्षेत्र के दिग्गजों ने कहा कि होटल उद्योग के लिए, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के बिना जीएसटी की दरों को 12 से घटाकर 5% करने से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे राजस्व में वृद्धि होगी, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और होटल देश भर में मेहमानों को बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। इस समय 7,500 रुपये तक के दैनिक किराये वाले होटल के कमरों पर आईटीसी के साथ 12% कर लगता है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार, इस कटौती से कमरे का किराया 7% सस्ता होगा। इसी प्रकार यात्रियों को भोजन पर जीएसटी का लाभ भी मिलेगा। रेडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीओओ निखिल शर्मा ने बताया कि सरलीकृत कर संरचना होटल संचालकों और यात्रियों के लिए स्पष्टता लाएगी। रमाडा जैसे ब्रांड के मालिक, विन्धम होटल्स एंड रिजॉर्ट्स के यूरेशिया बाजार के प्रबंध निदेशक राहुल मैकरियस ने कहा कि भारत का यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र मजबूती से बढ़ रहा है और जीएसटी सुधार बिल्कुल सही समय पर आया है।

### पतंजलि फूड्स ने घटाई उत्पादों की कीमत

पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने सोयाबीन बड़ी सहित विभिन्न उत्पादों की अधिकतम खुदरा कीमतों (एमआरपी) में कमी की है। पतंजलि फूड्स ने कहा गया कि संशोधित कीमतें खाद्य और गैर-खाद्य श्रेणियों की पूरी शृंखला पर लागू होंगी। पतंजलि फूड्स ने सोयाबीन बड़ी की कीमतें भी घटाई हैं। न्यूट्रेला चंक्स, मिनी चंक्स और ग्रैन्यूल्स (एक किलो पैक) सोमवार से 190 रुपये में बिकेंगे, जो 210 रुपये हैं। वहीं, 200 ग्राम पैक में 3 रुपये की छूट मिलेगी। बिस्कुट और कुकीज श्रेणी में दूध बिस्कुट (35 ग्राम) 4.5, नूडल्स (50 ग्राम) 9.35 रुपये में बेचे जाएंगे। दांतों और बालों के उत्पादों में दंत कांति 200 ग्राम 106 और केश कांति आंवला हेयर ऑयल (100 मिली) 42 रुपये में बिकेंगे। स्वास्थ्य एवं आरोग्य उत्पादों में आंवला जूस (एक लीटर) 140 रुपये, स्पेशल च्यवनप्राश के एक किग्रा पैक अब 337 रुपये होगी। डेयरी उत्पादों में गाय के घी (900 मिली) की कीमत 732 रुपये कर दी है।

### किस पर जीएसटी दरों में कितनी आई कमी

| नंबर | आइटम | पुरानी दर | नई दर |
|---|---|---|---|
| | **भोजन और रसोई** | | |
| 1 | पनीर/छेना (पैक) | 5% | 0% |
| 2 | यूएचटी दूध (टेट्रा-पैक दूध) | 5% | 0% |
| 3 | पराठे और भारतीय रोटियां (सभी नाम) | 18% | 0% |
| 4 | खाखरा, पिज़्ज़ा ब्रेड | 5% | 0% |
| 5 | बटर/ घी/ डेयरी स्प्रेड | 12% | 5% |
| 6 | चीज/पनीर | 12% | 5% |
| 7 | सूखे मेवे | 12% | 5% |
| 8 | चॉकलेट, पेस्ट्री, केक, बिस्कुट, जैम | 18% | 5% |
| 9 | नमकीन/भुजिया/मिक्सचर/चबेना (पैक्ड) | 12% | 5% |
| 10 | पास्ता/स्पेगेटी/मैकरोनी/नूडल्स | 12% | 5% |
| 11 | कॉर्न फ्लेक्स और अन्य अनाज के फ्लेक्स | 18% | 5% |
| 12 | अचार, फल और सब्जी के रस, नारियल पानी (पैक) | 12% | 5% |
| 13 | परिष्कृत चीनी और चीनी क्यूब्स | 12% | 5% |
| 14 | कॉफी | 18% | 5% |
| 15 | करी पेस्ट, मेयोनेज़, सलाद ड्रेसिंग | 12% | 5% |
| 16 | सूप और शोरबा (तैयार/प्री-मिक्स) | 18% | 5% |
| 17. | खमीर और बेकिंग पाउडर | 12% | 5% |
| 18. | संरक्षित मछली/मांस (डिब्बाबंद/तैयार) | 12% | 5% |
| | **पेय पदार्थ (गैर-मादक)** | | |
| 19 | 20 लीटर पीने के पानी के जार | 12% | 5% |
| 20 | वनस्पति-आधारित दूध पेय | 18% | 5% |
| 21 | फल-गूदा/रस आधारित पेय (गैर-कार्बोनेटेड) | 12% | 5% |
| 22 | दूध युक्त पेय पदार्थ (दूध आधारित पेय) | 12% | 5% |
| | **व्यक्तिगत देखभाल (दैनिक उपयोग)** | | |
| 23 | टॉयलेट साबुन, टूथपेस्ट, डेंटल फ़्लॉस, टूथब्रश | 18% | 5% |
| 24 | टूथ पाउडर, कंघी, हेयरपिन, कर्लर (गैर-विद्युत) | 12% | 5% |
| 25 | हेयर ऑयल और शैम्पू, टैल्कम/फेस पाउडर, शेविंग क्रीम/अफ़रशेव/लोगॉन | 18% | 5% |
| | **घरेलू सामान** | | |
| 26 | दूध की बोतलें-निप्पल, बेबी नैपकिन-डायपर | 12% | 5% |
| 27 | सेफ्टी माचिस, मोमबत्तियां/हस्तनिर्मित मोमबत्तियां | 12% | 5% |
| 28 | रसोई के बर्तन | 12% | 5% |
| 29 | मिट्टी के तेल/लकड़ी के स्टोव (गैर-विद्युत) | 12% | 5% |
| 30 | सिलाई मशीनें और पुर्जे, रबर बैंड | 12% | 5% |
| | **छात्र एवं शिक्षा** | | |
| 31 | व्यायाम/ग्राफ़/प्रयोगशाला नोटबुक | 12% | 0% |
| 32 | मिटाने वाले या इरेजर | 5% | 0% |
| 33 | पाठ्यपुस्तक/नोटबुक का कागज़ (बिना लेपित) | 12% | 0% |
| 34 | मानचित्र/एटलस/ग्लोब (प्रिंटेड) | 12% | 0% |
| 35 | पेंसिल, क्रेयॉन, पेस्टल, चारकोल, पेंसिल शार्पनर | 12% | 0% |
| 36 | जियोमेट्री/रंग बॉक्स, कागज़ के डिब्बे, कागज़ की ट्रे | 12% | 5% |
| | **दवाएं और चिकित्सा उपकरण** | | |
| 37 | कई दुर्लभ बीमारियों और कैंसर की दवाएं | 5-12% | 0% |
| 38 | औषधियां (आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी) | 12% | 5% |
| 39 | मेडिकल ऑक्सीजन | 12% | 5% |
| 40 | डायग्नोसजीसी किट और डायग्नोसजीसी अभिकर्मक (रसायन), ग्लूकोमीटर और परीक्षण स्ट्रिप्स | 12% | 5% |
| 41 | थर्मामीटर (चिकित्सा) | 18% | 5% |
| 42 | चिकित्सा/शल्य उपकरण, रबर के दस्ताने | 12% | 5% |

# हेटेरो हेल्थकेयर लिमिटेड ने पर्टुजुमैब दवा पर्जिया को किया लांच

- एनजीन बायोसाइंसेज के साथ साझेदारी कर भारतीय मरीजों के लिए किफायती दवा बनाई
- देश की सबसे सस्ती पर्टुजुमैब को सेमी-एक्सक्लूसिव के तहत लांच किया गया

**बरेली, अमृत विचार।** भारत की अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में शुमार हेटेरो हेल्थकेयर लिमिटेड ने उन्नत कैंसर उपचारों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए एक रणनीतिक कदम उठाया है। हेटेरो हेल्थकेयर ने एनजीन बायोसाइंसेज के साथ साझेदारी कर स्तन कैंसर रोगियों के लिए सबसे सस्ती पर्टुजुमैब दवा पर्जिया को लांच किया है। पर्टुजुमैब एक ऐसा उत्पाद है जो HER2-पॉजिटिव स्तन कैंसर के लिए लक्षित चिकित्सा है, जिसे एनजीन बायोसाइंसेज लिमिटेड के साथ एक अर्ध-अनन्य सहयोग के माध्यम से पेश किया गया है।

यह साझेदारी भारत भर में मरीजों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली ऑन्कोलॉजी थेरेपी को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए हेटेरो हेल्थकेयर की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। हेटेरो हेल्थकेयर ने लागत बाधाओं को कम करने के साथ भारत में हजारों मरीजों को उन्नत उपचार विकल्पों तक पहुंच प्रदान करने और समग्र परिणामों में सुधार लाने का प्रयास किया है। हेटेरो हेल्थकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एम. श्रीनिवास रेड्डी ने कहा है कि हेटेरो हेल्थकेयर में हमारा ध्यान हमेशा नवाचार और सामर्थ्य पर रहा है। एनजीन बायोसाइंसेज के सहयोग से पर्जिया का लॉन्च, भारतीय रोगियों की पहुंच में विश्वस्तरीय कैंसर उपचार लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनजीन बायोसाइंसेज के सीईओ डॉ. हिमांशु गाडगिल ने कहा कि हमें इस प्रभावशाली प्रयास में हेटेरो हेल्थकेयर के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। एनजीन में हमारा मिशन अत्याधुनिक तकनीकी प्लेटफार्म का लाभ उठाकर किफायती दामों पर उच्च-गुणवत्ता वाली बायोलॉजिक्स उपलब्ध कराना है। यह सहयोग भारत में कैंसर देखभाल में बदलाव लाने के हमारे साझा दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है।



# किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोप रहा केंद्र

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- राजनीति से प्रेरित लोग कर रहे त्रि-भाषा नीति का विरोध

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि केंद्र किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहा है। प्रधान ने उन लोगों को राजनीति से प्रेरित बताया जो यह दावा करते हैं कि केंद्र, राज्यों पर त्रि-भाषा नीति थोप रहा है।

उन्होंने कहा कि हम किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहे हैं। कक्षा पहली और दूसरी के लिए द्वि-भाषा का फॉर्मूला होगा। एक मातृभाषा होगी। यहां तमिल भाषा होगी। भारत सरकार की शर्त है कि आपको प्राथमिक विद्यालय में तमिल में पढ़ाना होगा। आप अपनी पसंद की कोई अन्य भाषा पढ़ा सकते हैं।

प्रधान 'थिंक इंडिया दक्षिणापथ शिखर सम्मेलन 2025' में शामिल होने के बाद आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी कामकोटि की मौजूदगी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। त्रि-भाषा नीति के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कक्षा छठी से दसवीं तक त्रि-भाषा फार्मूला लागू है। उन्होंने कहा कि एक भाषा मातृभाषा होगी। बाकी दो आपकी पसंद की होंगी। भारत सरकार किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपेगी।



चेन्नई में आईआईटी मद्रास के सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में त्रि-भाषा नीति कैसे लागू की जा रही है, इस बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि हम उस राज्य में भी इसे लागू कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों को छोड़ दें तो कई राज्य सरकारें राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पहले त्रि-भाषा नीति लागू कर रही हैं।

प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छात्र हिंदी को मातृभाषा के रूप में सीखेंगे। इसके बाद, वे मराठी और तमिल भी सीख सकते हैं। उत्तर प्रदेश में कुछ छात्र तमिल को तीसरी भाषा के रूप में चुन सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को तमिल पढ़ाने की सुविधा प्रदान करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की केवल 10 प्रतिशत आबादी अंग्रेजी बोलती है, जबकि बाकी लोग अपनी मातृभाषा में बात करना पसंद करते हैं।

### छात्रों को 10 भाषाएं सीखने को करेंगे प्रोत्साहित

प्रधान ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि वह तेलुगु भाषी छात्रों को 10 भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, ताकि प्रत्येक तेलुगु लड़का 'वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी' बन सके और वे विभिन्न भाषाओं में निपुण हो सकें। उन्होंने कहा कि भाषा हमेशा एक साधन होती है। राजनीतिक रूप से संकीर्ण विचार रखने वाले लोग यह समस्या पैदा कर रहे हैं। तमिलनाडु की अपनी पिछली यात्राओं का जिक्र करते हुए प्रधान ने कहा कि मैंने तमिलनाडु के सभी हिस्सों का दौरा किया है। यह मूलत: एक भाषाई राज्य है। मैं उड़िया हूं। मुझे अपनी उड़िया भाषा पर बहुत गर्व है, लेकिन मुझे अन्य भारतीय भाषाओं पर भी गर्व है। उन्होंने कहा कि मैं आज पूरी जिम्मेदारी के साथ आपसे कह रहा हूं कि जो लोग भाषाई विभाजन पैदा करना चाहते हैं, वे विफल हो गये हैं। समाज उनसे कहीं आगे निकल चुका है।

# नेपाल जेल से फरार पांच विदेशी बिहार में गिरफ्तार

**मोतिहारी।** पड़ोसी देश नेपाल में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान वहां की जेल से कथित तौर पर फरार हुए पांच विदेशी नागरिकों को बिहार के मोतिहारी में गिरफ्तार किया गया है। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) से मिली सूचना के आधार पर 20 सितंबर को घोड़ासहन बस स्टैंड पर छापेमारी की गई, जहां पांचों विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में चार सूडान के निवासी हैं जबकि एक बोलीविया का रहने वाला है। एसपी ने कहा, पूछताछ के दौरान इनमें से दो ने स्वीकार किया कि वे नेपाल की केंद्रीय जेल से फरार हुए थे। इस माह की शुरुआत में नेपाल में हुए व्यापक प्रदर्शनों के दौरान वहां की विभिन्न जेलों में बंद 15,000 से अधिक कैदी फरार हो गए थे।

# तेजस्वी की अधिकार यात्रा में दी गई मोदी की दिवंगत मां को गालियां

- विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी तेज होने के बीच भाजपा ने लगाए आरोप
- दरभंगा में राहुल गांधी की रैली में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के लिए कहे गए थे अपशब्द

पटना, एजेंसी

बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी तेज होने के बीच भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि राजद नेता तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां को गालियां दीं। पिछले महीने प्रदेश के दरभंगा जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के लिए बनाए गए मंच से एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर अपशब्द कहे थे।

भाजपा नेता और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स वीडियो साझा करते हुए लिखा कि तेजस्वी यादव ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माता का अपमान किया है। तेजस्वी ने बिहार की संस्कृति को फिर से तार-तार किया है। राजद कार्यकर्ता जितनी गालियां दे सकते थे, दे रहे थे और तेजस्वी उन्हें प्रोत्साहित कर रहे थे। बिहार की माताएं-बहनें इस गुंडागर्दी वाली मानसिकता और अभद्र व्यवहार का हिसाब जरूर करेंगी। भाजपा नेता ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र का अपमान है। क्या अब माताओं और बहनों का अपमान करना विपक्षी दलों की संस्कृति और हथियार बन गया है? बिहार की जनता इस गंदी राजनीति को भली-भांति समझती है और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी।

प्रदेश के अन्य उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी एक्स पर लिखा, तेजस्वी की यात्रा के दौरान फिर प्रधानमंत्री की दिवंगत माता के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और राजद नेता अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे थे यह चौंकाने वाला है। इससे उनकी मानसिकता उजागर होती है। चौधरी ने आगे कहा कि यह लोकतंत्र का घोर अपमान है। क्या माताओं-बहनों का अपमान करना उनकी संस्कृति और विपक्षी दलों को जवाब देने का हथियार बन गया है।

# मध्यस्थता परिषद के गठन में प्रगति हुई है : मेघवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि मध्यस्थता परिषद के गठन में प्रगति हुई है और वह जल्द ही इस बारे में 'अच्छी खबर' साझा करेंगे। मध्यस्थता पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मेघवाल ने कहा कि कुछ लोगों ने इस ओर ध्यान दिलाया है कि मध्यस्थता कानून पारित होने के वर्षों बाद भी भारतीय मध्यस्थता परिषद का गठन नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मैं जल्द ही अच्छी खबर दूंगा। हाल में, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने संसद द्वारा मध्यस्थता अधिनियम पारित किए जाने के दो साल बाद मध्यस्थता परिषद के गठन में देरी के पीछे मानव संसाधन की कमी को कारण बताया था। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि मानव संसाधन की कमी से आज ऐसे कई कानूनों के क्रियान्वयन में समस्या आ रही है। मध्यस्थता अधिनियम मध्यस्थों को विनियमित करने के लिए एक भारतीय मध्यस्थता परिषद के गठन का प्रस्ताव करता है। इसके अन्य कार्यों में मध्यस्थों का पंजीकरण और मध्यस्थता सेवा प्रदाताओं एवं मध्यस्थता संस्थानों को मान्यता देना शामिल है। कानून में उन विवादों की भी सूची दी गई है जो मध्यस्थता के लिए उपयुक्त हैं या नहीं।



# हत्या के दोषी की मौत की सजा आजीवन कारावास में बदली

**कोलकाता।** कोलकाता हाईकोर्ट ने ठगी से जुड़े हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति की मौत की सजा को कम करके बिना किसी छूट के 40 साल तक के कारावास में बदल दिया। दोषी व्यक्ति पर आरोप था कि उसने बेटी के इलाज का झूठा वादा करके एक महिला से एक लाख रुपये ठगे और जब इसका खुलासा हुआ तो दोनों की हत्या कर दी।

सुनील दास उर्फ गुरुदेव ने यज्ञ करने के नाम पर 83,000 रुपये लिए लेकिन वह लड़की को ठीक नहीं कर पाया जो आग में झुलस गई थी। 2023 में बीरभूम जिले के रामपुरहाट सत्र न्यायालय ने दास को दुष्कर्म, हत्या और सबूतों मिटाने का दोषी पाया था। हाईकोर्ट ने उसे दुष्कर्म में दोषी नहीं पाया, जिसके बाद उसकी सजा आजीवन कारावास में बदल दिया।

# गुजरात-मेघालय में महसूस किए गए भूकंप के झटके

- गुजरात के कच्छ में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

अहमदाबाद/ शिलांग, एजेंसी

देश के पूर्व और पश्चिम हिस्से में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। गुजरात के कच्छ जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहीं बांग्लादेश में भूकंप आने के बाद मेघालय में भी झटके महसूस किए गए। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी।

आईएसआर ने कहा कि गुजरात में भूकंप अपराह्न 12.41 बजे आया और इसका केंद्र भचाऊ से 12 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था। इससे पहले सुबह 6.41 बजे कच्छ में 2.6 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र धोलावीरा से 24 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में था। कच्छ जिला अत्यधिक जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र है, जहां कम तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं।

### बांग्लादेश के भूकंप से मेघालय में धरती कांपी

बांग्लादेश में रविवार को चार तीव्रता का भूकंप आने के बाद इसके झटके मेघालय में भी महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश से लगती मेघालय की सीमा के पास भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न 11.49 बजे भूकंप महसूस किया गया। उन्होंने कहा कि मेघालय में किसी भी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

# लोगों के योगदान से किए छोटे-छोटे प्रयास समाज में लाते हैं बड़े बदलाव : शाह

- बोले- ये समाज की जिम्मेदारी कि दिव्यांग राष्ट्र निर्माण में योगदान दें

जोधपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि दिव्यांग समुदाय की चुनौतियों का समाधान करने के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिसके तहत यह सुनिश्चित करना समाज की जिम्मेदारी बने कि दिव्यांग राष्ट्र निर्माण में योगदान दें और जीवन में आगे बढ़ें।

शाह पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय की तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखने आए थे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश और राज्य के मंत्री भी मौजूद थे। दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने में संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए शाह ने बताया कि किस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के योगदान से छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव लाते हैं। इस तरह, एक दिन हम निश्चित रूप से दिव्यांगों के लिए अच्छा जीवन और करियर सुनिश्चित कर पाएंगे। शाह ने दिव्यांग समुदाय से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सरकारी प्रयासों का जिक्र किया। 2015 में विकलांग शब्द की जगह "दिव्यांग" शब्द इस्तेमाल किया गया, जिसका अर्थ है दिव्य शरीर।




राजस्थान के जोधपुर में श्री पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के शिलान्यास समारोह के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तान: स्कूल की छत गिरी, आठ की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शिक्षण संस्थान की छत गिर जाने के कारण छह बच्चों समेत आठ लोग जिंदा दफन हो गए तथा तीन घायल हो गए। यह घटना शनिवार शाम लाहौर के उत्तर-पश्चिम से लगभग 120 किमी दूर हाफिजाबाद शहर में हुई। पंजाब आपातकालीन विभाग के बचाव दल 1122 के अनुसार, जब संस्थान की छत गिरी, उस वक्त कक्षा में दो शिक्षक और नौ छात्र मौजूद थे। रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा, वे मलबे में दब गए थे। बचाव दल ने चार छात्रों को जीवित निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनमें से एक की मौत हो गई। छह से दस साल की उम्र के पांच छात्रों और उनके दो शिक्षकों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

### नेपाल से चीन के ग्वांगझू के लिए सीधी उड़ान

**काठमांडू।** नेपाल की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने राजधानी काठमांडू से चीन के ग्वांगझू के लिए बृहस्पतिवार से सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन के प्रवक्ता मनोज कुमार शाह ने बताया कि पहली बार काठमांडू से गुआंगझू के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एनएसी इस मार्ग पर सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगा। पहली उड़ान बृहस्पतिवार और दूसरी 28 सितंबर को निर्धारित है। एनएसी ने बताया कि इसके बाद हर रविवार, मंगलवार और शनिवार को ग्वांगझू के लिए सीधी उड़ानें होंगी।

### हेग में दंगों के सिलसिले में 30 लोग गिरफ्तार

**द हेग।** नीदरलैंड के शहर द हेग में दंगे के दौरान घायल हुये दो पुलिसकर्मियों के मामले में 30 लोग हिरासत में लिए गए हैं। हेग के मेयर जान वैन जेनन ने अलगेमीन डागब्लाड अखबार के हवाले से कहा कि हमें एक अभूतपूर्व हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके कारण शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। मेयर के मुताबिक नीदरलैंड के सभी असामाजिक तत्व प्रदर्शन में शामिल हो गए। उन्होंने पुलिस, उनके घोड़ों और पत्रकारों पर हमला किया।

### युगांडा: झील में पलटी नाव, सात की मौत

**कंपाला।** उत्तरी युगांडा के अमोलतार ज़िले में क्योगा झील में शुक्रवार को शोक मनाने वालों से भरी एक नाव पलट गई, जिसमें सात लोग डूब गए और 29 अन्य बच गए। पुलिस ने एक बयान में कहा कि लकड़ी की नाव मुचोरा अबिनो ए गाँव से एक धर्मोपदेशक को अंतिम संस्कार समारोह में ले जाने के लिए जा रही थी, जब स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:00 बजे अची उप-काउंटी के किरयांगा गांव के पास पलट गई। बयान में कहा गया है, इसमें कुल 36 लोग सवार थे और 29 लोग बच गए।

# साइबर हमले: यूरोपीय देशों के कई हवाई अड्डे दूसरे दिन भी प्रभावित

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

- **कई उड़ानें की गईं रद्द, तमाम हो पाईं घंटों की देरी से रवाना**

कई यूरोपीय हवाई अड्डों पर चेक-इन प्रणालियों को प्रभावित करने वाले साइबर हमले का असर रविवार को भी पूरे दिन जारी रहा। कई यात्री उड़ान रद्द या विलंबित करनी पड़ीं और हवाई अड्डों को यात्रा योजनाओं को होने वाले नुकसान से बचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

शुक्रवार देर रात से ब्रसेल्स, लंदन और बर्लिन के प्रमुख हवाई अड्डों पर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में व्यवधान शुरू हो गया था, जिससे 'चेक-इन' में बाधा आई और कर्मचारियों को हाथ से बोर्डिंग पास बनाने या बैकअप लैपटॉप का इस्तेमाल करने पड़ा। कई अन्य यूरोपीय हवाई अड्डों पर प्रभाव नहीं पड़ा। अभी साफ नहीं है कि साइबर हमले में किसका हाथ है, हालांकि विशेषज्ञों ने हैकर्स और आपराधिक संगठनों पर शक जताया है।

साइबर हमले ने कॉलिन्स एयरोस्पेस के सॉफ्टवेयर को प्रभावित किया, जिससे चेक-इन, बोर्डिंग पास और बैग टैग प्रिंटिंग और सामान भेजने में मदद मिलती है। अमेरिकी कंपनी ने शनिवार को यूरोप के कुछ हवाई अड्डों पर अपने सॉफ्टवेयर में व्यवधान की बात कही। रविवार को लंदन के हीथ्रो और बर्लिन के ब्रांडेनबर्ग हवाई अड्डों के प्रस्थान बोर्ड पर आगमन-प्रस्थान के सुचारू होने के संकेत दिख रहे थे, लेकिन ब्रुसेल्स हवाई अड्डे पर काफी समस्याएं थीं।

# हवाई अड्डों पर साइबर हमले

## पूरी दुनिया परेशान



यूरोपीय देशों के कई हवाई अड्डों पर हुए साइबर हमले की वजह से पिछले दो दिनों में सैकड़ों उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दरअसल, दुनिया भर में हवाई अड्डों पर साइबर हमले बेहद आम हो गए हैं। सुरक्षा एजेंसियां लगातार इनसे निपटने के लिए जूझ रही हैं। हवाई अड्डों पर साइबर हमलों के पीछे बड़ा कारण यह है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक गतिविधियों और लोगों के जीवन से सीधे जुड़े होते हैं। हैकर्स इन्हें पैसे, डेटा या राजनीतिक फायदे के लिए निशाना बनाते हैं। हवाई अड्डों पर साइबर हमले पिछले कुछ सालों में काफी बढ़े हैं। ईयू एविएशन सेफ्टी एजेंसी के आंकड़ों के मुताबिक 2020 से 2022 के दौरान दो सालों में एयरलाइंस और हवाई अड्डों पर रैनसमवेयर और फिशिंग अटैक में 530 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है जिसने कई देशों की सरकारों के नाक में दम कर दिया है।

### ताबड़तोड़ साइबर हमले

- वर्ष 2023 में अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, भारत सहित कई देशों के हवाई अड्डों पर साइबर हमले हुए। रिपोर्ट हुए हमलों की संख्या दो सौ से ज्यादा थी।
- वर्ष 2024 में यूरोप और अमेरिका के करीब 30 हवाई अड्डों पर एक साथ साइबर हमले हुए। इनसे कई देशों में सैकड़ों उड़ानों पर बड़ा असर पड़ा।
- भारत में 2022 में दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट की वेबसाइट डाउन हुईं। 2023 में बेंगलुरु व हैदराबाद हवाई अड्डे को हैकर्स ने अपना निशाना बनाया।

### कमजोरियां

- पुराने आईटी सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी की कमी, थर्ड पार्टी वेंडर्स पर निर्भरता प्रमुख कमजोरी।
- कई बार कैफे वाई फाई और बैगेज हैंडलिंग सिस्टम जरिए से हैकर्स घुसपैठ शुरू करते हैं। इसके बाद बड़ा साइबर हमला किया जाता है।

### हवाई अड्डे क्यों बनते हैं निशाना

- हवाई अड्डे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े होते हैं। यहां हमले से तुरंत बड़े पैमाने पर असर पड़ता है।
- हवाई अड्डों पर यात्रियों का पासपोर्ट ब्योरा, बायोमेट्रिक, बैंक कार्ड डेटा मौजूद रहता है जिसे डार्क वेब पर बेचा जा सकता है।
- अपराधी एयरलाइंस या एयरपोर्ट अथॉरिटी से रैनसमवेयर के जरिए फिरौती मांगते हैं। पैसा देने तक सिस्टम लॉक कर देते हैं।
- कई बार दुश्मन ताकतें देश की छवि खराब करने, अंतरराष्ट्रीय यात्रा बाधित करने या सुरक्षा खतरे पैदा करने के लिए हमले करती हैं।

### यूक्रेन युद्ध के बाद भारत पर हमले

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद किलनेट जैसे कई प्रोपेगेंडा समूहों ने भारत को पश्चिमी देशों के सहयोगी मानकर निशाना बनाया। इस दौरान एयर इंडिया पर हुआ डेटा ब्रीच हमला अब तक का सबसे बड़ा हमला माना जाता है।

### प्रमुख घटनाएं

- स्वीडन के कुछ हवाई अड्डों पर 2016 में साइबर हमला कर एयरक्राफ्ट के जीपीएस सिग्नल जाम कर दिए गए।
- कीव एयरपोर्ट पर 2015 में ब्लैक एनर्जी मालवेयर हमला कर आईटी सिस्टम, एटीसी टावर को निशाना बनाया।
- हीथ्रो एयरपोर्ट पर 2017 में गोपनीय दस्तावेज लीक हुए जिनमें रानी एलिजाबेथ की सुरक्षा की योजना तक थी।
- अमेरिका के अटलांटा एयरपोर्ट पर 2018 में रैनसमवेयर अटैक हुआ और कई ऑनलाइन सेवाएं ठप हो गईं।

### यात्रियों के अधिकार

- अगर फ्लाइट घंटों या दिनों तक रुकी रहती है तो कई देशों में यात्रियों को मुआवजा या वैकल्पिक टिकट दिया जाता है।
- अगर पासपोर्ट, बैंक कार्ड या पर्सनल डेटा चोरी हो तो एयरपोर्ट अथॉरिटी या एयरलाइन को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं।
- कई देशों में ऐसे मामलों में यात्री क्लास एक्शन केस करके मुआवजा पा सकते हैं। हालांकि भारत में ऐसे कानून नहीं हैं।

# ब्रिटेन ने दी फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता अमेरिका-इजराइल का विरोध नजरंदाज

## स्टॉर्मर ने कहा- ये कदम फलस्तीनियों-इजराइलियों के बीच शांति की उम्मीदों को जिंदा रखेगा

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने अमेरिका और इजराइल के कड़े विरोध के बावजूद रविवार को ब्रिटेन की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की पुष्टि की। उन्होंने इस संबंध में कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के बाद यह घोषणा की। स्टॉर्मर ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य फलस्तीनियों और इजराइलियों के बीच शांति की उम्मीदों को जिंदा रखना है।

हालांकि, यह कदम मोटे तौर पर सांकेतिक है, लेकिन इसका ऐतिहासिक महत्व भी है क्योंकि ब्रिटेन ने ही इजराइली राष्ट्र की स्थापना के लिए 1917 में जमीन तैयार की थी। उस समय के फलस्तीन पर ब्रिटेन का नियंत्रण था। जुलाई में स्टॉर्मर ने कहा था कि अगर इजराइल गाजा में संघर्ष विराम के लिए सहमत नहीं होता है, तो ब्रिटेन फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देगा। ब्रिटेन अकेला फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता नहीं दे रहा। 140 से अधिक देश पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं और इस सप्ताह के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान फ्रांस समेत कई और देश ऐसा कर सकते हैं।

ब्रिटेन ने अमेरिका के विरोध को दरकिनार करते हुए यह कदम उठाया है। कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन की यात्रा के दौरान इस योजना से असहमति जताई थी। ट्रंप ने कहा था, इस मामले पर मैं प्रधानमंत्री स्टॉर्मर से असहमत हूं। अमेरिका और इजराइल सरकार के साथ-साथ विभिन्न आलोचकों ने इस योजना की निंदा करते हुए कहा है कि यह हमास और आतंकवाद को बढ़ावा देगी। स्टॉर्मर ने इस बात पर जोर दिया है कि फलस्तीनी लोगों के शासन के भविष्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी और उसे 7 अक्टूबर, 2023 के हमलों में अब तक बंधक बनाए गए इजराइली बंधकों को रिहा करना होगा।

पिछले 100 वर्षों में पश्चिम एशिया की राजनीति में फ्रांस और ब्रिटेन की ऐतिहासिक भूमिका रही है। प्रथम विश्व युद्ध में ओटोमन साम्राज्य की हार के बाद दोनों देशों ने इस क्षेत्र का विभाजन किया था। इस विभाजन के परिणामस्वरूप, तत्कालीन फलस्तीन पर ब्रिटेन का शासन स्थापित हुआ। ब्रिटेन ने ही 1917 में बैल्फोर घोषणापत्र भी तैयार किया था, जिसमें यहूदी लोगों के लिए एक राष्ट्र की स्थापना का समर्थन किया गया था। इससे पहले, ब्रिटेन के उप-प्रधानमंत्री डेविड लैमी ने जुलाई में गाजा युद्ध के बारे में कहा था कि यह ऐतिहासिक अन्याय है, जो लगातार जारी है।



गाजा पर हमले तेज करने के लिए दक्षिणी इजराइल में सीमा के पास टैंक भेजे गए हैं।

### कनाडा ने भी दी मान्यता, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस समेत कई और देशों की ओर से भी घोषणा

**टोरंटो।** कनाडा ने भी अमेरिका के विरोध के बावजूद रविवार को फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी। कनाडा ने उम्मीद जताई है कि यह कदम दो राष्ट्रों के समाधान के आधार पर शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा जहां दोनों देश साथ-साथ शांतिपूर्वक रह सकें। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 'एक्स' पर घोषणा की कि कनाडा ने फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दे दी है। उन्होंने जुलाई के अंत में ही कहा था कि वह ऐसा करेंगे, क्योंकि कई पश्चिमी देश गाजा में बढ़ते युद्ध से तंग आ चुके हैं। यह कदम इस सप्ताह होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले उठाया गया है, जहां ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस समेत अन्य देशों द्वारा भी फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दिए जाने की उम्मीद है।

### गाजा में इजराइल के हमले में 34 लोग मारे गए

**काहिरा।** गाजा सिटी पर रात भर हुए हमलों में बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए। इजराइल ने यह हमला कई देशों की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी के बीच किया है। शिफा अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में शनिवार देर रात शहर के दक्षिणी हिस्से में एक रिहायशी इलाके में हुई गोलीबारी में मारे गए 14 लोग भी शामिल हैं। अधिकतर शव शिफा अस्पताल ही लाए गए थे। मृतकों में अस्पताल में कार्यरत एक पुरुष नर्स, उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी शामिल हैं। इजराइल ने हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। इस सप्ताह शुरू हुए इजराइली अभियान ने पश्चिम एशिया में उथल-पुथल मचाने वाले संघर्ष को और बढ़ा दिया है और संभवत: किसी भी युद्धविराम की संभावना को और क्षीण कर दिया है। इजराइली सेना ने फलस्तीनियों से वहां से चले जाने को कहा है।

## अंतिम दर्शन



असम के गायक जुबीन गर्ग का पार्थिव शरीर रविवार को गुवाहाटी हवाई अड्डे से उनके आवास पर ले जाया गया तो उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। एजेंसी

### चंद्र मिशन: स्पेसएक्स की देरी से अंतरिक्ष में पिछड़ा अमेरिका

- **नासा के पूर्व अधिकारियों ने कहा- चीन को नहीं दे पाएंगे मात**

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है। स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिये नासा के साथ करार है। न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने कहा है कि स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पायेगा। चीन की योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है। रिपोर्ट में नासा के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिये कई सालों में तैयार हो पाएगा। स्टारशिप का अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही में तीन से चार परीक्षणों के दौरान इसमें विस्फोट हो चुका है। विशेषज्ञों ने कहा कि इस तथ्य से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है कि अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्र सतह पर पहुंचाने की योजना अंतरिक्ष में ईंधन भरने की ऐसी प्रक्रिया पर निर्भर करती है जिसका पहले कभी परीक्षण नहीं किया गया।

# बगराम एयरबेस पर नियंत्रण न दिया तो बुरे नतीजे भुगतेगा अफगानिस्तान

- **ट्रंप ने दी धमकी, कहा- एयरबेस को जल्द से जल्द वापस चाहते हैं**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ट्रंप ने यह धमकी सोशल मीडिया पर एक संदेश के जरिए दी है।

बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था। वर्ष 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद तालिबान ने इस बेस पर नियंत्रण कर लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी हालिया ब्रिटेन यात्रा के दौरान कहा कि अमेरिका के लिए बगराम एयरबेस को वापस लेने की कोशिश कर रहा है। ट्रंप की इस टिप्पणी ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। माना जा रहा है कि अमेरिका इस क्षेत्र में चीन के साथ शक्ति संतुलन के लिए ये एयरबेस चाहता है।

अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या अमेरिका अफगानिस्तान में फिर से सैनिकों को तैनात करने जा रहा है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि अमेरिका अफगानिस्तान के साथ एयरबेस पर नियंत्रण वापस पाने के लिए बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, हम इसे वापस चाहते हैं। हम इसे जल्द से जल्द वापस चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो आपको पता चल जाएगा कि मैं क्या करने जा रहा हूं।

### अफगानिस्तान का जवाब, वास्तविक और तर्कसंगत बातें करें ट्रंप

**जलालाबाद।** तालिबान सरकार ने बगराम वायुसेना अड्डे पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के ट्रंप के दावे को रविवार को खारिज कर दिया। यद्यपि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि सैन्य अड्डा अमेरिका को सौंपने को लेकर अमेरिकी अधिकारियों की अफगानिस्तान के अधिकारियों से क्या बातचीत हुई है, लेकिन ट्रंप ने संकेत दिया है कि 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से आर्थिक संकट, अंतरराष्ट्रीय वैधता, आंतरिक कलह और प्रतिद्वंद्वी समूहों की ओर से चुनौती का सामना कर रहा तालिबान सैन्य अड्डे का नियंत्रण अमेरिका को लौटा सकता है। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहउल्ला मुजाहिद ने ट्रंप के बयानों को खारिज कर दिया और अमेरिका को वास्तविकता और तर्कसंगत नीति अपनाने की सलाह दी।

# भारतीय छात्रों में घटी विदेश में पढ़ने की दिलचस्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **अमेरिका में पढ़ने के लिए पूछताछ में 46 और कनाडा में पढ़ाई के लिए 75 प्रतिशत की कमी**

अमेरिका में अध्ययन करने के इच्छुक लोगों के पिछले एक वर्ष में पूछताछ करने में 46 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है जबकि पिछले दो वर्षों में कनाडा में अध्ययन से संबंधित पूछताछ लगभग 75 प्रतिशत कम हुई है। 'आईडीपी एजुकेशन' के शीर्ष अधिकारियों ने ये आंकड़े जारी किए हैं।

वर्ष 1969 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा स्थापित, आईडीपी एजुकेशन अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सेवाओं में एक वैश्विक अग्रणी संस्थान है जो छात्रों को विदेश में अध्ययन करने के उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। कंपनी ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे गंतव्यों के लिए पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय चयन, आवेदन जमा करने, वीजा प्रक्रिया और प्रस्थान-पूर्व योजना बनाने पर निःशुल्क विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करती है। यह अंग्रेजी भाषा दक्षता परीक्षा (आईईएलटीएस) भी आयोजित करती है।

आईडीपी एजुकेशन के दक्षिण एशिया, कनाडा और लैटिन अमेरिका (एलएटीएएम) के क्षेत्रीय निदेशक पीयूष कुमार के अनुसार, भू-राजनीतिक स्थिति ने छात्रों की अमेरिका और कनाडा जाने की योजनाओं को प्रभावित किया है। कुमार ने कहा, अगर हम भू-राजनीतिक स्थिति की बात करें, तो मुझे लगता है कि यह मुख्य रूप से अमेरिका से संबंधित है और हमने देखा है कि पिछले छह से 12 महीनों में इस स्थिति ने अमेरिका जाने की योजना बना रहे छात्रों की योजनाओं को स्पष्ट रूप से प्रभावित किया है। यह वास्तव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने से पहले ही शुरू हो गया था, इसलिए हमने देखा कि जून के बाद से वीजा अनुमोदन दरों में गिरावट आई है।

उन्होंने कहा, आमतौर पर, चुनावी वर्ष के दौरान, हम देखते हैं कि हर बार किसी न किसी कारण से वीजा अनुमोदन दर कम हो जाती है। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के आने के बाद, मुझे लगता है कि वे कुछ बदलाव की योजना बना रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कुमार ने कहा कि मई 2024 की तुलना में इस साल मई में अमेरिका के लिए पूछताछ में 46.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले दो वर्षों में कनाडा के लिए पूछताछ में भी लगभग 70 से 75 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### नेपाल: जेन जी प्रदर्शन में 72 लोगों के मारे जाने की जांच के लिए समिति का गठन

**काठमांडू।** सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली नेपाल की अंतरिम सरकार ने जेन जी की अगुवाई में हुए हिंसक प्रदर्शन की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का रविवार को गठन किया।

जेन जी की अगुवाई में हुए हिंसक प्रदर्शन के दौरान 72 लोग मारे गए थे और इसने केपी शर्मा ओली सरकार को गिरा दिया था। गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल ने सिंह बताया कि पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की के अलावा पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक ज्ञान रण शर्मा और कानूनी विशेषज्ञ बिश्वेश्वर प्रसाद भंडारी जांच आयोग के सदस्य हैं। आयोग को तीन महीने के भीतर रिपोर्ट सरकार को सौंपनी है। जेन जी की प्रमुख मांग थी कि काठमांडू में आठ और नौ सितंबर को विरोध के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच आयोग का गठन किया जाए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 सितंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 23 सितंबर 02.55 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 11.24 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज आपकी आय बढ़ने से आप अत्यंत उत्साहित रहेंगे। अधिकारों के साथ आपको अपने उत्तरदायित्व की चिंता रहेगी। कुसंगति से आपको बचना चाहिए। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। आपकी वाक्पटुता और विचारशीलता से लोग प्रभावित रहेंगे।

**वृष:** आज आप अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। प्रतियोगी परीक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। दूसरों की भलाई और सेवा में लगे रहेंगे। लेकिन लोग इसका महत्व आपको नहीं देंगे। बारिश में भींगने से बचने का प्रयास करें।

**मिथुन:** आज घर के लोगों के व्यवहार से आपको परेशानी होगी। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। बहुमूल्य संपत्ति को खरीदने का विचार बनायेंगे। भविष्य को लेकर बड़ा एवं महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**कर्क:** आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यवसाय में उत्तम डील प्राप्त हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति विश्वास बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। विवाहादि मंगल कार्यों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है।

**सिंह:** आज गृहस्थ जीवन थोड़ा उथल-पुथल भरा हो सकता है। अपनी जीवनशैली को सन्तुलित रखें। घर के नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। भारी और अत्यधिक गरम भोजन का सेवन तुरन्त न करें। इससे आपको पाचन व एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज नजदीकी मित्रों के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। सही दिशा में किए गए कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से अत्यंत संतुष्ट रहेंगे। आप हंसी-मजाक के द्वारा आसपास का माहौल बहुत अच्छा रखेंगे।

**तुला:** आज व्यापार में अचानक गिरावट आने की आशंका है। संवेदनशील विषयों को लेकर बहस न करें। काम करने के दौरान अपने मन को शांत रखें। सेहत को लेकर अपने चिकित्सक से परामर्श कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए शुभ रहेगा। आप दूसरों पर अपने व्यक्तित्व की छाप डाल पायेंगे। बच्चों को अपने माता-पिता से संवाद रखना चाहिए। बचत के धन का व्यवसाय में अच्छा उपयोग कर पायेंगे। दिखावे में धन खर्च न करें।

**धनु:** आज पारिवारिक जीवन बहुत ही आनंदमय रहने वाला है। व्यवसाय में लक्ष्यों को पूर्ण कर सकते हैं। घर के सदस्यों के साथ आप पूजा पाठ में बैठ सकते हैं। दोस्तों के साथ मिलकर नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। मित्रों से उत्तम सलाह मिलेगी।

**मकर:** आज नए कार्यों में कुछ बाधा आ सकती है। अनुशासनहीनता के कारण आप अपने अवसरों का लाभ नहीं उठा पायेंगे। पुराने अनुभवों से लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। पूरा दिन आनंद और मनोरंजन में ही बीतने वाला है। धार्मिक पूजन व पाठ में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ:** आज जो भी बोलें सोच-समझकर ही बोलें। असामाजिक तत्वों से आपका सामना हो सकता है। उत्तम होगा की आज सबसे विनम्र भाव ही रखें। उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। मन किसी बात को लेकर उद्विग्न हो सकता है।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए सभी कार्य आसानी से हो जायेंगे। भाई-बहनों के साथ आनंदपूर्ण समय व्यतीत करेंगे। घरेलू कारोबार में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। दोपहर के बाद कार्यों में बाधा हो सकती है।

## सुडोकू -107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |



एंडी पाइक्रॉफ्ट कोई स्कूल शिक्षक नहीं है। वह कोई प्रिंसिपल नहीं है। वह जाकर सूर्या को यह नहीं कह सकते थे कि आओ हाथ मिलाओ। यह उनका काम नहीं है। आखिर उनकी गलती क्या है। उन्होंने सबको घटिया तमाशा देखने से बचा लिया।
–रविचंद्रन अश्विन


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 22 सितंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### स्वियातेक का कोरिया ओपन खिताब पर कब्जा

**सोल (दक्षिण कोरिया) :** शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंद्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर रविवार को कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया। स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है।

### प्रमोद भगत ने स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता।

### मेसी के दो गोल से इंटर मियामी विजयी

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) :** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की। मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज़्यादा है। इससे पहले मिडफ़ील्डर तादेओ अलेंदे ने 35वें मिनट में मेसी की मदद से इस सत्र का अपना आठवां गोल किया।

### इटली ने बिली जीन किंग कप बरकरार रखा

**शेनझेन (चीन) :** जैस्मीन पाओलिनी की जेसिका पेगुला पर जीत से गत चैंपियन इटली ने रविवार को यहां अमेरिका पर शानदार जीत के साथ बिली जीन किंग कप अपने नाम किया। इटली ने दोनों एकल मुकाबले सीधे सेटों में जीते जिससे निर्णायक युगल मैच की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आठवीं रैंकिंग की पाओलिनी ने सातवीं रैंकिंग की पेगुला को 6-4, 6-2 से हराया जबकि 91वीं रैंकिंग की एलिसाबेटा कोकियारेटो ने एम्मा नवारो के खिलाफ तीन बार उनकी सर्विस तोड़कर 6-4, 6-4 से जीत हासिल की।

# भारत को जीत के लिए चाहिए 172 रन

## एशिया कप : सुपर चार मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला, साहिबजादा ने बनाए 58 रन

**दुबई, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान के अर्धशतक से पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मैच में रविवार को यहां पांच विकेट पर 171 रन बनाए।

फरहान ने 45 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 58 रन की पारी खेलने के अलावा सईम अयूब (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी भी की। मोहम्मद नवाज (21) और फहीम अशरफ (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। भारत की तरफ से शिवम दुबे ने 33 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि हार्दिक पंड्या (29 रन पर एक विकेट) और कुलदीप यादव (31 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया। जसप्रीत बुमराह महंगे साबित हुए और उन्होंने चार ओवर में 45 रन लुटाए।

भारतीय कप्तान सूर्यकमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। फरहान मैच की तीसरी ही गेंद पर भाग्यशाली रहे जब पंड्या की गेंद पर थर्ड मैन पर अभिषेक शर्मा ने उनका कैच टपका दिया। फखर जमां (15) ने बुमराह पर लगातार दो चौके जड़कर तेवर दिखाए जबकि हार्दिक की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। वह हालांकि अगली गेंद पर विकेटकीपर संजू सैमसन को कैच दे बैठे। सईम अयूब ने पंड्या पर चौके से खाता खोला जबकि फरहान ने भी बुमराह पर दो चौके मारे। अयूब हालांकि अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर कुलदीप उनका आसान कैच लपकने में नाकाम रहे। फरहान ने बुमराह पर दो और चौके मारे जिससे पाकिस्तान ने पावर प्ले में एक विकेट पर 55 रन बनाए।



शिवम दुबे ने पाकिस्तान के दो विकेट लेकर भारतीय टीम को कराई वापसी।

फरहान ने चक्रवर्ती पर पारी का पहला छक्का जड़ा जबकि कुलदीप पर भी छक्का मारा। अयूब ने भी कुलदीप की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। फरहान ने अक्षर पर छक्के के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दुबे ने अयूब को अभिषेक के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। पाकिस्तान के रनों का शतक 12वें ओवर में पूरा हुआ। बाउंड्री के सूखे के बीच हुसैन तलत (10) कुलदीप की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर चक्रवर्ती को कैच दे बैठे। फरहान भी दुबे की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और मिड ऑफ पर सूर्यकुमार ने आसान कैच लपका जिससे पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 115 रन हो गया। फरहान ने 45 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और पांच चौके मारे।

मोहम्मद नवाज ने दुबे पर छक्के और चौके के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया लेकिन फिर रन आउट हो गए। फहीम अशरफ ने आते ही बुमराह पर छक्का जड़ा और 19वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।

दोनों टीम के बीच लीग मैच की तरह टॉस के समय सूर्यकुमार और उनके पाकिस्तानी समकक्ष सलमान आगा ने हाथ नहीं मिलाए। जिम्बाब्वे के एंडी पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी के रूप में बरकरार हैं और टॉस के समय मौजूद थे। दोनों कप्तानों ने अपनी-अपनी टीम की शीट पाइक्रॉफ्ट को सौंपी जिन्होंने टॉस से पहले कप्तानों के साथ शीट का आदान-प्रदान किया।

### पाकिस्तान

**171/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साहिबजादा का सूर्यकुमार बो दुबे | 58 |
| फखर जमां का सैमसन बो पंड्या | 15 |
| सईम अयूब अभिषेक बो दुबे | 21 |
| हुसैन का चक्रवर्ती बो कुलदीप | 10 |
| मोहम्मद नवाज रन आउट | 21 |
| सलमान आगा नाबाद | 17 |
| फहीम अशरफ नाबाद | 20 |

**गेंदबाजी :** पांड्या 3-0-29-1, बुमराह 3-0-45-0, चक्रवर्ती 4-0-25-0, कुलदीप 4-0-31-1, अक्षर 1-0-8-0, दुबे 4-0-33-2



पाकिस्तान के बल्लेबाज साहिबजादा फरहान शॉट लगाते हुए। एजेंसी



संयुक्त राज्य अमेरिका की अन्ना हॉल टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हेप्टाथलॉन में स्वर्ण जीतने के बाद खुशी व्यक्त करती हुईं। एजेंसी

# अमेरिका ने चार में से तीन रिले खिताब जीते

**टोक्यो, एजेंसी**

**विश्व एथलेटिक्स**

रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने चार में से तीन रिले स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्प्रिंट शक्ति का परिचय दिया।

बोत्सवाना ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में दिन का सबसे बड़ा आश्चर्य किया, 2 मिनट 57.76 सेकंड का समय लेकर अमेरिकियों को केवल 0.07 सेकंड से पीछे छोड़ दिया, दक्षिण अफ्रीका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

अमेरिकी महिलाओं ने 4x400 मीटर रिले में शानदार प्रदर्शन किया, जहां सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरोन ने 47.82 सेकंड के शानदार समय के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड 3:16.61 के साथ जीत हासिल की। जमैका 3:19.25 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नीदरलैंड 3:20.18 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहा। अमेरिकी महिलाओं ने 4x100 मीटर दौड़ में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहाँ उन्होंने 41.75 सेकंड में जीत हासिल की और जमैका (41.79 सेकंड) को मामूली अंतर से हराया। जर्मनी ने 41.87 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों की 4x100 मीटर दौड़ में, नोआ लाइल्स ने बाजी मारी और अमेरिका ने 37.29 सेकंड के साथ विश्व में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। कनाडा 37.55 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नीदरलैंड ने 37.81 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता।

# मन्हास हो सकते बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

**मुंबई, एजेंसी**

- दिल्ली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रहे हैं मिथुन मन्हास
- रोजर बिन्नी के बाद खाली हुई है बीसीसीआई अध्यक्ष पद की कुर्सी
- बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने दी जानकारी

दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नए अध्यक्ष हो सकते हैं। उन्होंने रविवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया जिससे क्रिकेट जगत हैरान रह गया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 55 आईपीएल मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था।

नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया। इस बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड में कुछ अन्य प्रमुख पदों को अगले रविवार को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान भरा जाएगा। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया को बताया, ''अगले कार्यकाल के लिए एक नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। मिथुन मन्हास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया है। अरुण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे।



मिथुन मन्हास। एजेंसी

नामांकन दाखिल करने वालों में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष अरुण धूमल और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट शामिल हैं। भट बोर्ड का कोषाध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। अब तक कोषाध्यक्ष रहे प्रभतेज भाटिया संयुक्त सचिव के रूप में रोहन गौंस देसाई की जगह लेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह शीर्ष परिषद में दिलीप वेंगसरकर की जगह लेंगे। सैकिया ने बीसीसीआई के सचिव पद पर बने रहने के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में यह पद संभाला था। सैकिया ने कहा, ''मैं पिछले कुछ महीनों से सचिव हूं। मेरे साथी चाहते थे कि मैं इस पद पर बना रहूं इसलिए मैंने नामांकन दाखिल किया। सैकिया ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का चयन कुछ दिनों में किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''टीम का चयन 23 या 25 सितंबर को किया जाएगा। चयन बैठक ऑनलाइन होगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच दो से छह अक्टूबर तक अहमदाबाद में जबकि दूसरा टेस्ट मैच 10 से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली में खेला जाएगा।

**157** प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 91 टी-20 मैच खेले हैं मिथुन अपने घरेलू करियर में

### मिथुन के नाम से सभी हैरान रह गए

**दुबई :** अनुभवी क्रिकेटर मिथुन मन्हास बीसीसीआई के 37वें अध्यक्ष बनने जा रहे हैं और यह चौंकाने वाली खबर लोगों को सिर्फ हैरान ही नहीं कर रही है बल्कि देश के क्रिकेट जगत को भी विश्वास नहीं हो रहा है क्योंकि किसी को भी इसकी उम्मीद नहीं थी। मन्सास ने कोई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं खेला है और प्रथम श्रेणी में उन्होंने 27 शतक से 9714 रन बनाए हैं जबकि लिस्ट ए मैचों में उनके 4126 रन हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चुनावों को करीब से देख चुके एक अनुभवी क्रिकेट प्रशासक ने कहा जब चुनावी सूची में तीन टेस्ट खिलाड़ी थे जिनमें से दो (सौरव गांगुली, हरभजन सिंह) 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके हैं तो मन्हास का चयन निश्चित रूप से लोगों को हैरान करेगा। दिल्ली क्रिकेट सर्किट में जब कई क्रिकेटरों से संपर्क किया गया तो उनमें से अधिकांश ने सहमति व्यक्त की कि न्हास हमेशा एक प्रतिभाशाली और बुद्धिमान व्यक्ति रहे हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज और क्रिकेट कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने खेलने के दिनों को याद करते हुए कहा वह हमेशा लोगों के बीच लोकप्रिय रहे।



फेंसिंग के फाइनल में विजेता भारतीय टीम के साथ खेल मंत्री रेखा आर्य व फेडरेशन पदाधिकारी।

# एशियाई फेंसिंग चैंपियनशिप में भारत बना चैंपियन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- एशियन कैडेट कप में किया ऐतिहासिक प्रदर्शन, 16 पदकों के साथ रहा टॉप पर
- उत्तराखंड ने भी रचा इतिहास पहली बार बना फेंसिंग प्रतियोगिता का मेजबान

**अमृत विचार :** भारत ने एक बार फिर खेलों के मैदान में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए एशियन कैडेट कप फेंसिंग चैंपियनशिप-2025 में पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। दूसरे नंबर पर कज़ाख़स्तान और तीसरे नंबर पर ओमान रहा।

19 सितंबर से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आयोजित इस प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। तलवारबाजी की इस चैंपियनशिप में भारत ने खुद को चैंपियन साबित करते हुए 5 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य पदकों के साथ कुल 16 पदक जीते। प्रतियोगिता में 17 एशियाई देशों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग लिया।

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 5 | 3 | 8 | 16 |
| 2 | कज़ाख़स्तान | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | ओमान | 1 | 1 | 0 | 2 |

यह पहली बार रहा कि जब उत्तराखंड को इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी मिली और मेजबान देश ने मैदान पर कामयाबी का परचम लहराकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। पुरुष टीम स्पर्धाओं में दोहरा स्वर्ण भारतीय खिलाड़ियों ने पुरुष टीम एपी में लेबनान को हराकर और टीम फॉयल में इराक को मात देकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। दोनों ही टीमों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, तकनीक और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

# कड़े मुकाबले में हारे सात्विक-चिराग

**शेनझेन (चीन), एजेंसी**

**चाइना मास्टर्स बैडमिंटन**

- फाइनल में दुनिया की नंबर वन कोरियाई जोड़ी किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ से मिली मात

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। जब वे रविवार को यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए।

एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा। किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। चिराग के दो बार शॉट बाहर मारने से कोरियाई जोड़ी ने पांच मैच प्वाइंट हासिल किए जिसके बाद सात्विक ने बाहर शॉट मारकर खिताब कोरियाई टीम की झोली में डाल दिया



# परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना जरूरी: मूनी

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी का मानना है कि परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना और धैर्य बनाए रखना किसी भी चैंपियन टीम की पहचान है और आगामी महि ला विश्व कप में इन गुणों की एक बार फिर परीक्षा होगी। सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपनी इन दोनों ही खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया। उसने शनिवार को यहां तीसरे वनडे में 43 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

मूनी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि विश्व कप जीतने के लिए आपको परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाने वाली और सबसे अधिक धैर्य रखने वाली टीम बनना होगा।

**मंधाना बोलीं** — ऑस्ट्रेलिया के विशाल लक्ष्य का पीछा जिस तरह भारतीय टीम ने किया उसने नई ऊर्जा भर दी

# हमको विश्वास था कि हम जीत सकते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में हुए तीसरे वनडे में जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 413 रनों का विशाल लक्ष्य दिया, तब शायद बहुत कम लोगों ने ही सोचा होगा कि भारतीय टीम इस स्कोर के इतने करीब जाएगी और जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। पर ड्रेसिंग रूम में यह विश्वास शुरू से था, जिसकी मदद से भारतीय टीम एक समय मैच जीतने की कगार पर लग रही थी। उन्होंने आखिर तक ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त टक्कर दी। 63 गेंदों में 17 चौके और पांच छक्कों की मदद से रिकॉर्ड 125 रनों की पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि टीम में शुरू से यह विश्वास था कि वे लक्ष्य के पीछे जाएंगे।



स्मृति मंधाना।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंधाना ने कहा पारी के ब्रेक के दौरान हमारी यही बातचीत थी कि विकेट सपाट है और आउटफील्ड बहुत तेज है, इसलिए हम लक्ष्य तक जा सकते हैं। हमारे पास भी बल्ला है और हम भी यहां पर क्रिकेट ही खेलने आए हैं। आप लोगों (गेंदबाजों) ने अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदें डालीं और उन्हें रोकने की कोशिश की। हम भी अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे और उन रनों को हासिल करने की कोशिश करेंगे। टीम में विश्वास हमेशा से बहुत ऊपर था। हम ये 413 रन का लक्ष्य वाकई में हासिल करना चाहते थे, क्योंकि यह टीम का कैरेक्टर दिखाता। हालांकि बीच में कुछ विकेटें गिरी। मैं फ़ुलटॉस पर आउट हुई, ऋचा (घोष) को दुर्भाग्यशाली ढंग से रनआउट होना पड़ा और कुछ चीजें हमारे पास पक्ष में नहीं गईं। लेकिन मुझे इस टीम पर पूरा गर्व है। ऑस्ट्रेलिया के 412 रनों के जवाब में भारतीय टीम का स्कोर एक समय 20 ओवरों में दो विकेट के नुक़सान पर 206 रन था। भारतीय उपकप्तान और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच 69 गेंदों में 121 रनों की साझेदारी हो चुकी थी और टीम का रन रेट 10 से ऊपर का था। पर 21वें ओवर में हरमनप्रीत का विकेट गिरा और अगले ओवर में मंधाना भी पवेलियन में थीं।

### टीम में सभी 15 खिलाड़ी हैं मैच विनर

उन्होंने कहा ना सिर्फ़ 11 बल्कि टीम के सभी 15 खिलाड़ी मैच विनर हैं। मुझे नहीं लगता कि टीम का कोई खिलाड़ी मुझ पर या किसी और पर कोई दबाव डाल रहा है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हो, तो कोई दबाव नहीं होता है। यह हमारा कर्तव्य होता है। और दूसरी बात, मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है कि हम किसी भी समय मैच को जीत सकते हैं। पिछले 12 महीनों में हमने लगातार 300 या उसके ऊपर का स्कोर बनाया है और प्रतिका (रावल), हरलीन (देओल), जेमिमा (रॉड्रिग्स), हरमन (हरमनप्रीत सिंह) सबने शतक लगाया है। इसलिए यह टीम किसी एक पर निर्भर नहीं है।